CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 22°C
न्यूनतम : 12°C

देहरादून, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 242 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2083 | 21 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


बेकाबू हो रहे इजरायल पर लगाम कसे अमेरिका: उमर अब्दुल्ला पेज 2


शुभमन गिल पर लगा 12 लाख रुपये का जुर्माना खेल टाइम्स


क्या भारतीय राजनीति में अब उम्र की सीमा तय होनी चाहिए सम्पादकीय


सऊदी अरब और तेहरान के बीच नजदीकियां बढ़ीं पेज 12

# इजरायल का लेबनान पर बड़ा हमला

## 254 लोगों की मौत, 1100 से अधिक नागरिक घायल

बेरूत, वार्ता


**अमेरिका और** ईरान के बीच युद्धविराम समझौते के कुछ ही घंटों बाद इजरायल ने लेबनान में अब तक का सबसे भीषण हमला किया है, जिसमें भारी विनाश हुआ है और बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए हैं। लेबनान के नागरिक सुरक्षा विभाग ने एक बयान में कहा कि बेरूत, बेका घाटी, माउंट लेबनान, सिडोन और दक्षिणी गांवों सहित कई क्षेत्रों में हुए हवाई हमलों में कम से कम 254 लोग मारे गए हैं और 1,100 से अधिक घायल हुए हैं।

इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने तर्क दिया कि इन हमलों का उद्देश्य हिजबुल्लाह से जुड़े बुनियादी ढांचे को नष्ट करना था। हमलों के मुख्य निशाने लितानी नदी पर बने प्रमुख क्रॉसिंग थे। इजरायल इसे दक्षिणी लेबनान को अलग-थलग करने और अपनी सीमा से लगभग 30 किलोमीटर तक बफर जोन स्थापित करने की एक व्यापक रणनीति का हिस्सा बता रहा है। आईडीएफ ने हिजबुल्लाह के अली यूसुफ हर्षी को भी मारने का दावा किया है, हालांकि हिजबुल्लाह ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। इस अभियान की व्यापकता और तीव्रता ने पूरी दुनिया को स्तब्ध कर दिया है। इजरायली सेना ने कथित तौर पर कुछ ही मिनटों के भीतर लगभग 100 स्थानों पर हमला किया। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने इस बमबारी को 'विशाल' बताया है। लेबनान के अस्पताल घायलों की बढ़ती संख्या के कारण जूझ रहे हैं और रक्तदान के लिए तत्काल अपील की गई है।

**युद्धविराम समझौता होने के कुछ ही घंटों बाद अब तक का सबसे भीषण हमला किया**

**बेरूत, बेका घाटी, माउंट लेबनान, सिडोन, दक्षिणी गांवों सहित कई क्षेत्रों को बनाया निशाना**

**IDF ने हिजबुल्लाह के अली यूसुफ हर्षी को भी मारने का दावा किया, अभी तक पुष्टि नहीं**



### होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने के बाद मुंबई पहुंचा एलपीजी जहाज 'ग्रीन आशा'

**मुंबई।** मुंबई के पास स्थित जवाहरलाल नेहरू पोर्ट अथॉरिटी (जेएनपीए) ने गुरुवार को 'ग्रीन आशा' नामक एक भारतीय ध्वज वाले एलपीजी जहाज का स्वागत किया। इस जहाज ने रणनीतिक रूप से संवेदनशील होर्मुज स्ट्रेट को सफलतापूर्वक पार किया है। यह जहाज बीपीसीएल- आईओसीएल द्वारा संचालित लिक्विड बर्थ पर लंगर डाल चुका है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस जहाज में 15,400 टन लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लदी हुई थी।

संयुक्त राष्ट्र ने इन हमलों की निंदा करते हुए चेतावनी दी है कि यह हिंसा उस समय हुई जब शांति की उम्मीदें -शेष पृष्ठ दो पर

## ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित निकलने का मैप किया जारी




**तेहरान।** ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों के लिए नया मैप जारी किया है। इसका मकसद जहाजों को समुद्र में बिछी बारूदी सुरंगों से बचाना है।

इस मैप में उन खतरनाक इलाकों को दिखाया गया है, जहां जहाजों का जाना मना है। रिपोर्ट के मुताबिक, पहले जहाज ओमान के किनारे के पास से गुजरते थे, लेकिन अब उन्हें ईरान के किनारे के पास से निकलने की सलाह दी गई है। इससे माइन वाले इलाकों से बचा जा सकता है। ईरान ने जहाजों से कहा है कि वे पहले उसके अधिकारियों से संपर्क करें, तभी उन्हें सुरक्षित रास्ता बताया जाएगा। ईरान अब इस रास्ते से गुजरने वाले तेल के जहाजों पर नजर भी रखेगा। हर जहाज को पहले अपने माल यानी कार्गो की पूरी जानकारी देनी होगी, उसके बाद ही आगे जाने की इजाजत मिलेगी। वहीं फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान हर बैरल

- **कहा: धमाके से बचने के लिए हमसे बात करें, रिपोर्ट: प्रति बैरल एक डॉलर टोल लगाएगा ईरान**
- **ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट दोबारा बंद किया**
- **लेबनान पर इजरायल के भीषण हमले के बाद फैसला**

तेल पर 1 डॉलर टैक्स लेने की तैयारी कर रहा है और यह पैसा क्रिप्टोकरेंसी में लेना चाहता है। ईरान इस रास्ते से गुजरने वाले हर जहाज पर नजर रखेगा और कंट्रोल करेगा। जहाजों को पहले अपने माल (कार्गो) की जानकारी देनी होगी, उसके बाद ही आगे जाने की इजाजत मिलेगी। ईरान के अधिकारी हामिद होसैनी ने कहा कि यह इसलिए किया जा रहा है ताकि अमेरिकी -शेष पृष्ठ दो पर

# मंदिरों में एंट्री रोकने से समाज बंटेगा: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सबरीमाला केस की सुनवाई के दौरान मंदिरों के रीति-रिवाजों का जिक्र हुआ। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि मंदिरों में सिर्फ खास समुदाय की एंट्री और बाहरी लोगों की मनाही से समाज बंटेगा। यह हिंदू धर्म के लिए ठीक नहीं है।

उन्होंने आगे कहा कि मान लीजिए (सबरीमाला केस को छोड़कर), अगर यह कहा जाए कि सिर्फ गौड़ सारस्वत लोग ही एक मंदिर में आएं या कांची मठ के लोग सिर्फ कांची ही जाएं, दूसरे मठ (जैसे श्रृंगेरी) न जाएं तो यह ठीक नहीं होगा। बल्कि जितने ज्यादा लोग अलग-अलग मंदिरों और मठों में जाएंगे, उतना ही धर्म मजबूत बनेगा। उधर केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए सीनियर एडवोकेट वैद्यनाथन ने कहा कि इतिहास में ऐसे कई उदाहरण



- **अदालत ने इससे हिंदू धर्म को नुकसान बताया**
- **केंद्र ने कहा: धार्मिक मामलों में अदालतों का दखल ठीक नहीं**

हमारे सामने हैं, जब धर्म से जुड़े विवाद संवेदनशील होते हैं। वहां अदालतें हस्तक्षेप नहीं करतीं हैं। सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने गुरुवार को धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव से जुड़े मामलों में लगातार तीसरे दिन सुनवाई की। इसमें विभिन्न धर्मों में प्रचलित धार्मिक स्वतंत्रता की सीमा और दायरे पर भी विचार किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मान लीजिए (सबरीमाला केस को छोड़कर), अगर यह कहा जाए कि सिर्फ गौड़ सारस्वत लोग ही एक मंदिर में आएं या कांची मठ के लोग सिर्फ कांची ही जाएं, दूसरे मठ (जैसे श्रृंगेरी) न जाएं तो यह ठीक नहीं होगा। बल्कि जितने ज्यादा लोग अलग-अलग मंदिरों और मठों में जाएंगे, उतना ही धर्म मजबूत बनेगा। आर्टिकल 17 (छुआछूत खत्म करना) बहुत ताकतवर प्रावधान है। यह सिर्फ कानून के तहत अपराध नहीं है, बल्कि संविधान इसे अपराध घोषित करता है। यह कानूनी ही नहीं, संवैधानिक स्तर पर भी गंभीर मामला है।

### दिल्ली विस समेत कई इमारतों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा समेत कई सरकारी कार्यालयों को गुरुवार को बम से उड़ाने की धमकी संबंधी ईमेल मिले। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। इसके बाद राष्ट्रीय राजधानी में प्रमुख सरकारी प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक सुरक्षा जांच शुरू की गई। जांच के बाद सभी जगह बम होने की सूचना झूठी निकली। यह ईमेल सुबह 8.14 बजे विधानसभा और दिल्ली सरकार के कार्यालयों से जुड़ी ईमेल आईडी सहित कई आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजे गए।

## मणिपुर हिंसा: घायल मां से तीन दिन बच्चों की मौत छिपाई

**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के मोइरांग ट्रोंगलाओबी में 6 अप्रैल की आधी रात एक घर पर बम से हमला हुआ। इसमें 5 साल के बेटे और 6 महीने की बच्ची की मौत हो गई, जबकि उनकी मां बिनाता ओइनाम गंभीर रूप से घायल हो गईं।

अस्पताल में भर्ती बिनाता तीन दिन तक अपने बच्चों के बारे में पूछती रहीं। परिवार के लोग उनकी हालत को देखते हुए सच्चाई छिपाते रहे। उन्होंने बताया कि बच्चों का इलाज चल रहा है। गुरुवार सुबह

- **अस्पताल में अखबार से सच पता चला, बम हमले में दो बच्चों की हुई थी मौत**

बिनाता को एक अखबार पढ़कर पता चला कि उनके दोनों बच्चे अब नहीं रहे। खबर पढ़ते ही बिनाता ओइनाम को गहरा सदमा लगा। वह रोने लगीं और बार-बार बेहोश होने लगीं। डाक्टरों ने दवाएं देकर उन्हें शांत किया। उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### 2026-27 में 6.6 प्रतिशत रहेगी भारत की जीडीपी वृद्धि दर

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक ने गुरुवार को कहा कि मौजूदा वित्त वर्ष 2026-27 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी और एक बार फिर दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगी। विश्व बैंक की यहां जारी भारत विकास अपडेट में कहा गया है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण ईंधन की ऊंची कीमतों और आपूर्ति श्रृंखला में आई बाधा का आर्थिक गतिविधियों पर प्रभाव पड़ेगा, लेकिन इस सुस्ती के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

### ईडी ने कोलकाता में मर्लिन ग्रुप पर छापा मारा

**नई दिल्ली।** ईडी के कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय ने सुशील मोहता और साकेत मोहता द्वारा प्रवर्तित मर्लिन प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के खिलाफ चल रही मनी लॉन्ड्रिंगजांच के सिलसिले में सात परिसरों पर छापेमारी की। छापेमारी में पता चला कि आरोपियों और उनसे जुड़ी संस्थाओं ने कथित तौर पर जाली दस्तावेज बनाकर सार्वजनिक भूमि सहित कई भूखंडों पर धोखाधड़ी से कब्जा किया था। जांच में पता चला है कि सुशील मोहता, साकेत मोहता और उनसे जुड़ी संस्थाओं ने विभिन्न भूखंडों को अवैध रूप से हासिल करने के लिए जाली दस्तावेज बनाए।

# टीएमसी राज में मां-मानुष डरे हुए: मोदी

**कोलकाता।** पीएम मोदी गुरुवार को पश्चिम बंगाल में 3 चुनावी रैलियां कीं। उन्होंने बीरभूमि में कहा कि हम ऐसा समाज देखने चाहते हैं। जहां हर कोई भय से मुक्त हो। ये मां, माटी और मानुष की बात करते हैं। मां आज रो रही है, माटी पर घुसपैठियों का कब्जा हो रहा है और मानुष भयभीत है, डरा हुआ है।'

उन्होंने कहा कि 'गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ऐसा समाज देखना चाहते थे, जहां हर कोई भय से मुक्त हो, लेकिन टीएमसी के महाजंगलराज ने एकदम उल्टा कर दिया। टीएमसी ने देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति का अपमान किया था।' उन्होंने कहा कि आपने टीएमसी पर विश्वास

- **कहा: चार मई के बाद गुंडागर्दी का हिसाब लेंगे**
- **कांग्रेस और लेफ्ट एक थाली के चट्टे-बट्टे**

किया था, लेकिन टीएमसी ने बंगाल में बर्बरता की सारी हदें पार कर दीं हैं। 4 मई के बाद हर गुंडागर्दी का हिसाब लिया जाएगा। बंगाल में अब टीएमसी का भय नहीं, भाजपा का भरोसा चलेगा। बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग है। रिजल्ट 4 मई को आएंगे। हल्दिया में पीएम ने 47 मिनट की स्पीच दी, भाजपा की 6 गारंटियां दीं। पहली- भय के माहौल में आज लोगों को बार-बार कानून से मदद मांगनी पड़ती है। लेकिन हमारी सरकार में आपको न्याय मिलेगा। दूसरी- सरकारी सिस्टम जनता के लिए जवाबदेह होगा। तीसरी- घोटाले, दुष्कर्म हर क्राइम की फाइल खुलेगी। चौथी- जिसने भी करप्शन किया है, उसकी जगह जेल में होगी। मंत्री हो या संत्री, जनता का पैसा नहीं खाने देंगे। पांचवीं- जो शरणार्थी हैं, उन्हें सम्मान मिलेगा, जो घुसपैठी हैं, उन्हें खदेड़ा जाएगा। छठवीं- सभी सरकारी कर्मचारियों को इस निर्मम सरकार ने भयभीत करके रखा है। मोदी सरकार आपके साथ खड़ी है। सरकार बनते ही यहां 7वां पे कमीशन लागू करवाएंगे।

# असम, केरलम और पुड्डुचेरी में बंपर वोटिंग

**नई दिल्ली।** देश के दो राज्यों असम, केरलम और केंद्र शासित प्रदेश पुड्डुचेरी में गुरुवार (9 अप्रैल) को विधानसभा चुनाव के लिए शाम 6 बजे तक वोटिंग हुई। चुनाव आयोग के अनुसार शाम 5 बजे तक असम में 84.42 प्रतिशत, केरलम में 75.01प्रतिशत और पुड्डुचेरी में 86.92 प्रतिशत वोटिंग हुई। असम में चुनाव संबंधी हिंसा में करीब 30 लोग घायल हो गए और सात लोगों को गिरफ्तार किया गया।

श्रीभूमि जिले के पथारकंडी में कांग्रेस और भाजपा समर्थकों की इस झड़प में करीब 25 लोग घायल हो गए, दो की हालत गंभीर है। पुड्डुचेरी में मन्नादिपेट में



पोलिंग बूथ पर कांग्रेस और भाजपा समर्थकों में झड़प हो गई। पुलिस ने भीड़ पर लाठीचार्ज किया। पुडुचेरी के सीएम रंगास्वामी वोट डालने के लिए पोलिंग बूथ तक बाइक से पहुंचे। केरलम में पूर्व रक्षा मंत्री और कांग्रेस लीडर एके एंटनी ने तिरुवनंतपुरम में वोट डाला। असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने गुवाहाटी में मां कामाख्या मंदिर में पूजा की। -शेष पृष्ठ दो पर

- **असम में 84.42 फीसदी, केरलम में 75.01 फीसदी और पुड्डुचेरी में 86.92 प्रतिशत मतदान**
- **असम में चुनावी हिंसा में 30 घायल**
- **पुड्डुचेरी में भी कांग्रेस, भाजपा समर्थक भिड़े**

# संयुक्त राष्ट्र में भारत की बड़ी कूटनीतिक सफलता

न्यूयॉर्क, वार्ता

**संयुक्त राष्ट्र** में भारत को बड़ी कूटनीतिक सफलता मिली है। भारत ने आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी )से जुड़े चार अहम निकायों के चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल की है। इन सभी चुनावों में भारत का चयन सर्वसम्मति से हुआ, जो वैश्विक मंच पर उसकी मजबूत स्थिति को दर्शाता है। इन चुनावों में भारत को विकास के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आयोग , गैर-सरकारी संगठनों की समिति और कार्यक्रम एवं समन्वय समिति में चुना गया है।

इसके साथ ही, भारत की वरिष्ठ राजनयिक रहीं प्रीति सरन को आर्थिक,



- **आर्थिक और सामाजिक परिषद से जुड़े चार अहम निकायों के चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल की**

सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों की समिति में फिर से चुना गया है। वह इससे पहले इस समिति के सत्र की अध्यक्षता भी कर चुकी हैं। प्रीति सरन का 36 वर्षों का लंबा कूटनीतिक अनुभव रहा है, जिसमें उन्होंने वियतनाम में भारत की राजदूत के रूप में सेवा दी, साथ ही टोरंटो, जेनेवा, ढाका, काहिरा और मास्को जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर भी तैनाती संभाली। सीईएससीआर में 18 स्वतंत्र विशेषज्ञ शामिल होते हैं, जो आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय समझौते के पालन की निगरानी करते हैं। यह समिति भोजन, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, पानी और स्वच्छता जैसे बुनियादी अधिकारों से जुड़े मामलों पर नजर रखती है। वहीं, एनजीओ समिति संयुक्त राष्ट्र में सिविल सोसाइटी संगठनों की भागीदारी तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आयोग विकास और सतत भविष्य से जुड़े मुद्दों पर दिशा तय करता है, जबकि कार्यक्रम एवं समन्वय समिति संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के कामकाज में तालमेल सुनिश्चित करती है। गौरतलब है कि ईसीओएसओसी संयुक्त राष्ट्र की उस केंद्रीय व्यवस्था का हिस्सा है, जो सतत विकास के तीनों आयाम आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय को आगे बढ़ाने का काम करती है। यह सफलता इन वैश्विक मुद्दों पर भारत की बढ़ती भूमिका और प्रभाव को भी रेखांकित करती है।

## सिक्किम में बर्फबारी, लैंडस्लाइड फंसे 135 पर्यटकों को सेना ने बचाया

**नई दिल्ली।** सिक्किम में भारी बर्फबारी के बीच कई जगह लैंडस्लाइड के कारण सड़क संपर्क टूट गया। लाचेन में करीब 1,000 पर्यटक फंसे हुए हैं और उन्हें जल्द से जल्द बचाने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं।

सेना ने कुल 135 फंसे पर्यटकों को बचाया है। उत्तर भारत में 3 वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से अप्रैल में भी सर्दी का अहसास हो रहा है। राजस्थान में 20 दिनों से बदले मौसम के कारण तापमान 7 डिग्री तक कम हुआ है। मौसम विभाग ने गुरुवार के लिए

- **राजस्थान में अप्रैल में सर्दी, उत्तराखंड व हिमाचल में बर्फ गिरी**

छत्तीसगढ़ और बिहार समेत 17 राज्यों में आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, सिक्किम, बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। बिहार में काल बैसाखी सिस्टम एक्टिव हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रयागराज में अशरफ के गनर की गोली मारकर हत्या

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के करेली क्षेत्र में बीच सड़क पर अशरफ के गनर रहे इरफान गद्दी की गोली मार कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि बीती रात गौस नगर में अज्ञात बदमाशों ने इरघन के सीने में गोली मार दी। इरफान सड़क पर ही काफी देर र्तपता रहा, बाद में उसे अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन खून ज्यादा बहने की वजह से उसकी मौत हो गई। वारदात की सूचना पर पुलिस आयुक्त सिटी मनीष कुमार शांडिल और सहायक पुलिस आयुक्त राजकुमार मीणा भी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। फौरी तौर पर पुरानी रंजिश में हत्या की बात सामने आ रही हैं। सूत्रों ने बताया कि मृतक इरघन गद्दी दिवंगत अशरफ के साथ उनकी सुरक्षा मे बन्दूक लेकर चलता था। इलाके के लोग बता रहें हैं कि उसकी रंजिश चकिया के आशिफ दुर्रानी से चल रही थी। मामले की जांच पुलिस अभी कर रही हैं। मृतक के परिवार के सदस्य की तहरीर पर आशिफ दुर्रानी सहित एक अन्य पर मुकदमा दर्ज हुआ है।

### मुफ्त इलाज का झांसा देकर ठगी महिला गिरफ्तार

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में कानपुर की स्वरूपनगर पुलिस ने इलाज कराने के नाम पर ठगी कर आभूषण लूटने वाली एक महिला ठग को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त सेंट्रल अतुल कुमार श्रीवास्तव ने गुरुवार को यहां पत्रकारों को बताया कि बीते छह अप्रैल को हृदयरोग संस्थान में एक अज्ञात महिला द्वारा मरीज की पत्नी को इलाज कराने का झांसा देकर सोने के टॉप्स, मंगलसूत्र और पायल सहित करीब तीन लाख रुपये के आभूषण ठग लिए गए थे। इस संबंध में थाना स्वरूपनगर में मामला दर्ज किया गया था।

# बेकाबू हो रहे इजरायल पर लगाम कसे अमेरिका: उमर

## जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री ने कहा: युद्धविराम की विफलता के लिए ईरान दोषी नहीं होगा

**श्रीनगर, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि युद्धविराम की स्थिति सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका को इजरायल पर लगाम कसनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि निरंतर होते हमले पश्चिम एशिया में शांति प्रयासों को पटरी से उतार सकते हैं।

उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आचरण की भी आलोचना की और उनके बयानों में 'असंगति तथा अनुचित भाषा' का आरोप लगाते हुए कहा कि यह उनके पद की गरिमा के अनुकूल नहीं है। मुख्यमंत्री ने श्रीनगर में एक कार्यक्रम के इतर पत्रकारों से कहा कि ईरान ने संघर्ष की शुरुआत नहीं की थी और युद्ध उस पर ष्थोपाष गया था। उन्होंने युद्धविराम के बाद अमेरिका के जीत के दावों पर भी सवाल उठाए। उमर ने वाशिगटन से ष्इजरायल को नियंत्रित करनेष का आह्वान किया और लेबनान में जारी हमलों तथा नागरिक हताहतों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने



स्पष्ट किया कि यदि युद्धविराम विफल होता है, तो इसकी जिम्मेदारी ईरान पर नहीं बल्कि इजरायल पर डाली जानी चाहिए। श्री उमर ने भारत की विदेश नीति पर कांग्रेस की आला. चना के संबंध में कहा कि वह इसे विफलता या सफलता का नाम नहीं देंगे, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि पाकिस्तान ष्वह करने में सफल रहा जो दूसरे नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि इजरायल के साथ भारत के घनिष्ठ संबंधों ने शायद उसके राजनयिक दायरे को सीमित कर दिया है। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि ऐसा न होता, तो अमेरिका और ईरान दोनों के साथ बेहतर संबंधों के कारण नई दिल्ली अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकती थी। उमर ने कहा कि यदि पाकिस्तान ने इसमें योगदान दिया है, तो ष्इसकी सराहना की जानी चाहिए और हमें आगे बढ़ना चाहिए।ष श्री उमर ने महिला आरक्षण विधेयक की आवश्यकता पर सवाल उठाते हुए कहा कि संसद पहले ही इस मुद्दे पर कानून पारित कर चुकी है और सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि अब क्या बदल गया है। उन्होंने कहा कि अब तक कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया गया है। उन्होंने पूछा कि अब क्या बदल गया है? उन्होंने ध्यान दिलाया कि यह कानून भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली राजग सरकार ही लाई और उसी के नेतृत्व में इसे पारित किया गया था, न कि यह किसी पिछली सरकार से विरासत में मिला था। उमर ने महिला आरक्षण के प्रति समर्थन दोहराया लेकिन कहा कि कुछ तो सही नहीं है। उन्होंने भारत सरकार, विशेष रूप से भाजपा से इस पर सच्चाई सामने रखने का आग्रह किया कि मौजूदा कानून होने के बावजूद नए विधेयक पर विचार क्यों किया जा रहा है।

# यूपी में 12 आईपीएस के तबादले

## कई जिलों में नई तैनाती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**प्रदेश सरकार ने कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए बड़े पैमाने पर एएसपी व डीएसपी भी किए इधर से उधर**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने गुरुवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 12 अधिकारियों का तबादला कर दिया। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय की तरफ से जारी आद. श के तहत विभिन्न जनपदों और पुलिस कमिश्नरेट में तैनात अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जारी सूची के अनुसार, आईपीएस अधिकारी सागर जैन को सहारनपुर (ग्रामीण) से प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। मनोज कुमार रावत को गोंडा (पूर्वी) से संभल (दक्षिणी) में अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर भेजा गया है। वहीं आयुष विक्रम सिंह को मेरठ (नगर) से बहराइच (नगर) में नई तैनाती दी गई है। इसी क्रम में विनायक गोपाल भोसले को सीतापुर से मेरठ (नगर) और अंतरिक्श जैन को मेरठ से बुलंदशहर (ग्रामीण) में अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। सुश्री दिविकल जैन को गौतमबुद्धनगर से लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट तथा सुश्री लिपि नागायच को गाजियाबाद से वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त के पद पर नियुक्त किया गया है। राजकुमार मीणा को प्रयागराज से मिर्जापुर (नक्सल) और कुशभ रूनवाल को लखनऊ से सोनभद्र (नक्सल) में अपर पुलिस अधीक्षक के रूप में तैनाती मिली है। आलोक कुमार को संभल से प्रतापगढ़ (नगर पूर्वी) तथा डा. ईशान सोनी को वाराणसी से जालौन भेजा गया है। इसके अलावा मयंक पाठक को अलीगढ़ से सहारनपुर (ग्रामीण) में अपर पुलिस अधीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। वहीं सरकार ने कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को बड़े स्तर पर पुलिस विभाग में फेरबदल करते हुए कई अधिकारियों के तबादले किए हैं। जारी आदेश के तहत विभिन्न जिलों, पुलिस कमिश्नरेट और विशेष इकाइयों में तैनात अपर पुलिस अधीक्षकों (एएसपी) व पुलिस उपाधीक्षकों (डीएसपी) को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

# भाजपा के लिए एआई का मतलब इनकम: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**■ सपा प्रमुख ने कहा: सरकार जाते-जाते हर तरीके से जनता से पैसे वसूलने में लगी हुई है**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सरकार जाते-जाते हर तरीके से जनता से पैसे वसूलने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि पहले ट्रैफिक पुलिस के माध्यम से वसूली कराई जा रही थी और अब एआई के नाम पर जनता को लूटने का नया तरीका निकाला गया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपाइयों के लिए एआई का मतलब आमदनी (इनकम) बन गया है।

यादव ने गुरुवार को एक्स पर लिखा ट्रैफिक जाम के पीछे कई वास्तविक कारण हैं, जिन पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है। इसकी वजह सड़कों की खराब स्थिति, संकरी सड़कें, खराब ट्रैफिक सिग्नल, नाकाबंदी, रूट डायवर्जन, वन-वे व्यवस्था की कमी, जलभराव, डिवाइडर की खराब हालत और ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन आदि है। ट्रैफिक पुलिस की कार्य परिस्थितियां भी बेहद खराब हैं और उन्हें बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। ड्राइवरों पर समय पर पहुंचने का दबाव, मानसिक तनाव और वाहनों की खराब फिटनेस भी दुर्घटनाओं और जाम की वजह बन रही है। सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी कम रहती है, जबकि आगे मोड़ों पर छिपकर चालान काटने की प्रवृत्ति बढ़ गई है।

## उप्र में क्लस्टर आधारित समन्वित कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश

# बुनकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण आधार:योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**■ मुख्यमंत्री का दावा: बुनकरों की आय, सम्मान और स्थायित्व सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि बुनकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण आधार हैं और उनकी आय, सम्मान व आजीविका की स्थिरता सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बुनकरों की समस्याओं के समाधान के लिए क्लस्टर आधारित समन्वित कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

गुरुवार को हथकरघा विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि बुनकरों को कच्चे माल की बढ़ती लागत, आधुनिक डिजाइन व तकनीक की कमी और सीमित बाजार पहुंच जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं के समाधान के लिए योजनागत सहायता के साथ एक मजबूत और परिणामोन्मुख तंत्र विकसित करना आवश्यक है। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में करीब 1-99 लाख बुनकर कार्यरत हैं और देश में उत्तर प्रदेश इस क्षेत्र में छठे स्थान पर है। कालीन, दरी व मैट उत्पादन में प्रदेश अग्रणी है, जबकि बेडशीट, फर्निशिग व ब्लैंकेट के उत्पादन में भी राज्य की महत्वपूर्ण भागीदारी है। वर्ष 2024-25 में देश के कुल हथकरघा निर्यात 1178.93 करोड़ रुपये में प्रदेश का योगदान 109.40 करोड़ रुपये रहा, जो लगभग 9.27 प्रतिशत है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बुनकर बहुल क्षेत्रों की पहचान कर वहां क्लस्टर विकसित किए जाएं, ताकि उत्पादन, गुणवत्ता और विपणन को एकीकृत किया जा सके। उन्होंने कहा कि क्लस्टर केवल उत्पादन तक सीमित न रहकर वैल्यू चेन मॉडल पर विकसित हों, जिसमें डिजाइन, ब्रांडिग, पैकेजिग और बाजार तक पहुंच शामिल हो। उन्होंने प्रत्येक क्लस्टर में बुनकरों को संगठित कर पंजीकृत इकाइयों के रूप में विकसित करने तथा उन्हें आधुनिक तकनीक, उन्नत उपकरण और कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने पर जोर दिया।

## मुख्यमंत्री युवा योजना से बढ़ा इनोवेटिव स्टार्टअप का दायरा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की 'सीएम युवा' पहल से युवाओं में इनोवेटिव व्यवसायों के प्रति रुचि तेजी से बढ़ रही है। प्रदेश में अब तक 10 हजार से अधिक इनोवेटिव उद्यम स्थापित हो चुके हैं, जिससे न केवल रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं, बल्कि युवा स्वयं भी रोजगार देने वाले बन रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार योजना के तहत स्थापित कुल उद्यमों में वर्तमान में लगभग 10 प्रतिशत इनोवेटिव मॉडल पर आधारित हैं। सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 तक इस हिस्सेदारी को बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इससे प्रदेश में स्टार्टअप संस्कृति को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। सेक्टरवार आंकड़ों में फूड एवं रेस्टोरेंट व्यवसाय युवाओं की पहली पसंद बनकर उभरा है, जहां सर्वाधिक 763 इकाइयां स्थापित हुई हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



**सेंसेक्स** 76631.65
**निफ्टी** 23775.10



**सोना** 147000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 231000
प्रति किलो




# बैंकिंग, वित्तीय कंपनियों में बिकवाली, सेंसेक्स 931 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**

विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों में बिकवाली हावी रही और बीएसई का संसेक्स 931.25 अंक (1.20 प्रतिशत) टूटकर 76,631.65 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 222.25 अंक यानी 0.93 प्रतिशत नीचे 23,775.10 अंक पर आ गया। पिछले कारोबारी दिवस पर सेंसेक्स में तकरीबन चार प्रतिशत की तेजी के बाद आज हुई मुनाफा वसूली से प्रमुख सूचकांक गिरावट में रहे। हालांकि कुल मिलाकर निवेश धारणा मजबूत रही। मझौली और छोटी कंपनियों



के सूचकांक बढ़त में रहे। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.22 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.17 प्रतिशत चढ़ा। बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों पर सबसे अधिक दबाव देखा गया। ऑटो, तेल एवं गैस, रियलटी, एफएमसीजी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक भी टूट गए। धातु, फार्मा, स्वास्थ्य और आईटी सेक्टरों में तेजी रही। संसेक्स की कंपनियों में इंडिगो का शेयर साढ़े तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट में बंद हुआ। एलएंडटी, इटरनल, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर दो से तीन प्रतिशत के बीच टूटे। भारतीय स्टेट बैंक, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस और एक्सिस बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत की बीच गिरे। एशियन पेंट्स, हिदुस्तान यूनीलिवर और अडानी पोर्ट्स के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। बीईएल का शेयर डेढ़ प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा। पावरग्रिड, एनटीपीसी और टीसीएस के शेयर भी एक फीसदी से अधिक मजबूत हुए।

## राष्ट्र के समग्र विकास के लिए विज्ञान और अध्यात्म में संतुलन जरूरी : आनंदीबेन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीब. न पटेल ने कहा कि राष्ट्र के समग्र विकास के लिए विज्ञान और अध्यात्म का संतुलन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मानव बनना जरूरी है, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण मानवीय बनना है। जनभवन में 'विश्व णमोकार महामंत्र दिवस' के अवसर पर सामूहिक रूप से णमोकार महामंत्र का जाप कर विश्व शांति, सद्भावना और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन द्वारा किया गया, जिसमें 100 से अधिक देशों में लाखों लोगों ने सहभागिता की। इस मौके पर राज्यपाल आनंद. बिन पटेल ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि देश 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर आगे बढ़ रहा है और एकजुट होकर विकास के पथ पर अग्रसर है। कार्यक्रम में विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित भी किया गया। राज्यपाल ने जनभवन में संचालित जनहितकारी कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि यहां गरीब बच्चों की शिक्षा, गौसेवा और सामाजिक सहायता से जुड़े कई कार्य किए जा रहे हैं।

# चावल, गेहूं, चीनी नरम, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल का औसत भाव टूट गया। गेहूं और चीनी में भी गिरावट देखी गयी। वहद्द, दालों और खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 28 रुपये घटकर 3,838 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। गेहूं तीन रुपये सस्ता हुआ और 2,768 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत 11 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई।

दाल-दलहनों में मिश्रित रुख देखा गया। चना दाल की औसत कीमत 37 रुपये प्रति क्विंटल घट गयी। मूंग दाल 34 रुपये और तुअर दाल 25 रुपये सस्ती हुई। उड़द दाल का भाव 21 रुपये और मसूर दाल का दो रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 56 रिंगिट चढ़कर 4,642 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.52 प्रतिशत



की मजबूती के साथ 67.77 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल औसतन 109 रुपये और वनस्पति 77 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल में भी 38 रुपये की गिरावट देखी गयी। सरसों तेल 11 रुपये और मूंगफली तेल सात रुपये महंगा हुआ। सोया तेल में भी चार रुपये प्रति क्विंटल की बढ़त रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 16 रुपये प्रति क्विंटल घट गया। चीनी भी पांच रुपये सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7658.98 रुपये, मसूर काली 8074.54 रुपये, मूंग दाल 10127.32 रुपये, उड़द दाल 10814.44 रुपये, तुअर दाल 11256.89 रुपये प्रति क्विंटल रही।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**इजरायल का...** उभरने लगी थीं। संयुक्त राष्ट्र की विशेष समन्वयक जीनिन हेनिस-प्लासचार्ट ने जोर देकर कहा कि कोई भी पक्ष बल के माध्यम से जीत हासिल नहीं कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र अधिकारियों के अनुसार, शत्रुता बढ़ने के बाद से लेबनान की आबादी का लगभग पांचवां हिस्सा, यानी 12 लाख से अधिक लोग विस्थापित हो गए हैं। यह संख्या 2024 के इजरायल-हिजबुल्लाह संघर्ष के स्तर को भी पार कर गई है। सहायता एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि कमजोर समूह इसका खामियाजा भुगत रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) का अनुमान है कि विस्थापितों में 13,000 से अधिक गर्भवती महिलाएं शामिल हैं, जिनमें से कई चिकित्सा देखभाल से वंचित हैं। स्वास्थ्य सेवाएं ठप होने की कगार पर हैं और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्वास्थ्य सुविधाओं पर 100 से अधिक हमलों की पुष्टि की है। अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम को क्षेत्र को स्थिर करने के एक अवसर के रूप में देखा जा रहा था, लेकिन इजरायली बलों और हिजबुल्लाह के बीच जारी संघर्ष ने शांति वार्ता पर संदेह उत्पन्न कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता फरहान हक ने सभी पक्षों से बातचीत का रास्ता चुनने का आग्रह किया है। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशक्यान ने गुरुवार को कहा कि लेबनान में इजरायली हमलों को रोकना संघर्ष को समाप्त करने के ईरान के 10-सूत्रीय योजना की एक प्रमुख शर्त है।

**ईरान ने...** सैन्य ठिकानों तक दो हफ्तों में हथियारों की आवाजाही न हो सके। उन्होंने कहा कि जहाजों को जाने दिया जाएगा, लेकिन प्रोसेस में समय लग सकता है क्योंकि ईरान किसी जल्दी में नहीं है। लेबनान में इजरायल के हमले लेकर ईरान ने सख्त रुख अपनाया है। ईरानी समाचार एजेंसी के मुताबिक, सैन्य सूत्रों ने दावा किया है कि इजरायल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की तैयारी चल रही है। ईरानी मीडिया के अनुसार, एक सीनियर ईरानी अधिकारी ने कहा कि इस अपराध और युद्धविराम उल्लंघन के लिए इजरायल को सजा दी जाएगी। अधिकारी ने आरोप लगाया कि इजरायल ने युद्धविराम की शर्तों का उल्लंघन किया है और क्षेत्र में तनाव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि इजरायल अपने वादों का पालन नहीं करता और उसे केवल ताकत के जरिये ही रोका जा सकता है।

**असम, केरल...** इसके बाद पत्नी के साथ जालुकबाड़ी में वोट डाला। असम में 126 सीटों पर 41 पार्टियों के 722 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं केरलम में 2.71 करोड़ वोटर 890 उम्मीदवारों में से अपना नेता चुनेंगे। यहां 140 सीटें हैं। पुड्डुचेरी में 30 सीटों के लिए वोटिंग हुई। असम के श्रीभूमि जिले के पथारकंडी में कांग्रेस कैंडिडेट ने ईवीएम तोड़ दी। इसके चलते यहां करीब तीन घंटे तक वोटिंग रुकी रही। चुनाव अधिकारियों ने दूसरी ईवीएम रखी तब वोटिंग फिर शुरू हुई। असम के बरपेटा में सुबह से तेज बारिश के कारण वोटिंग में परेशानी आई। केरलम के सीएम पिनाराई विजयन ने कन्नूर में आरसी अमला बेसिक अपर प्राइमरी स्कूल में वोट डाला। केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद सुरेश गोपी ने त्रिशूर में मतदान किया। पुड्डुचेरी में रोबोट ने पोलिंग बूथ पर आए वोटर्स का स्वागत किया।

# नवकार मंत्र का सामूहिक जाप सार्थक और प्रासंगिक: अमित शाह

**नई दिल्ली, वार्ता**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को यहां 'विश्व नवकार महामंत्र दिवस' पर आयोजित समारोह में शामिल हुए और कहा कि दुनिया के अनेक हिस्सों में संघर्ष की स्थिति के बीच समस्त विश्व के कल्याण के लिए नवकार मंत्र का सामूहिक जाप सार्थक और प्रासंगिक है।

गृह मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि शाह ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में कहा कि जब विश्व के विभिन्न हिस्सों में अपने विचारों को स्थापित करने के लिए संघर्ष की स्थिति बनी हुई है, ऐसे समय में यहां से समस्त विश्व के कल्याण हेतु नवकार मंत्र का सामूहिक जाप किया जाना अत्यंत सार्थक और प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि भारत विविध संप्रदायों और धर्मों का देश है, जहां प्रत्येक परंपरा में मंत्रों की विशेष



महत्ता और आध्यात्मिक शक्ति का वर्णन मिलता है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मंत्र मानव जीवन को उच्च दिशा प्रदान करते हैं, ष्हमारे चैतन्य को जागृत करते हैं और शुभ संकल्पों को सुदृढ़ बनाते हैं। जब लोग श्रद्धापूर्वक एक ही मंत्र का सामूहिक जाप करते हैं, तो उससे न केवल व्यक्ति, बल्कि समूचे देश और विश्व का भी कल्याण होता है। शाह ने कहा कि भारतीय सिद्धों ने पीढ़ियों तक अथक साधना कर समस्त मानवता के कल्याण के लिए इन मंत्रों की रचना की है। सभी को श्रद्धापूर्वक स्वीकार इन्हें कर उनका अनुकरण भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नवकार मंत्र पूर्णत: निराकार, निरपेक्ष और सार्वभौमिक प्रार्थना है, जिसमें काल, जाति, क्षेत्र या धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होता है। विश्व में इस प्रकार की समावेशी और सर्वमान्य प्रार्थना मिलना अत्यंत दुर्लभ है।

### शाह ने सीआरपीएफ शौर्य दिवस पर बल के वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) शौर्य दिवस के अवसर पर बल के वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। शाह ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सीआरपीएफ वीरता दिवस पर हमारे वीर जवानों के अदम्य साहस और बलिदान को नमन।

# कमजोर पड़ा पशिचमी विक्षोभ का असर, बढ़ेगा तापमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**■ आने वाले कुछ दिनों में गर्मी का असर देखने को मिल सकता है: मौसम विभाग**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य क्षेत्रों में पिछले दिनो आंधी,बारिश और ओलावृष्टि से दिन और रात के तापमान में खासी गिरावट दर्ज की गई हालांकि गुरुवार को पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने से आने वाले कुछ दिनों में गर्मी का असर देखने को मिल सकता है।

मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार बारिश और ओलावृष्टि से लखनऊ में दिन का तापमान सामान्य से करीब 10 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया था। बुधवार को यहां अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 10.02 डिग्री कम है। यह तापमान फरवरी माह के औसत अधिकतम तापमान (26.2 डिग्री सेल्सियस) के लगभग बराबर रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 18.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.9 डिग्री कम है। मौसम विभाग के अनुसार शाम 5:30 बजे तक 0.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि मंगलवार और बुधवार को आए आंधी-तूफान का कारण जम्मू-कश्मीर के ऊपर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर बने चक्रवाती परिसंचरण का संयुक्त प्रभाव था। हालांकि अब ये दोनों सिस्टम कमजोर पड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार के बाद मौसम साफ हो जाएगा और दिन व रात के तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होगी।

# दून बुक फेस्टिवल :सिर चढकर बोला प्रियंका मेहर के गीतों का जादू



■ दून बुक फेस्टिवल में हुए कई कार्यक्रम आयोजित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** दून बुक फेस्टिवल में 9 अप्रैल का दिन विविध और रोचक आयोजनों के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। दिनभर आयोजित कार्यक्रमों में बच्चों, युवाओं और साहित्य प्रेमियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जिससे पूरे परिसर में जीवंतता और रचनात्मक ऊर्जा का वातावरण बना रहा।

दिन का समापन सांस्कृतिक संध्या के साथ हुआ, जिसमें उत्तराखंड की प्रसिद्ध लोक गायिका प्रियंका मेहर की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को लोक संगीत की मधुर धुनों से सराबोर कर दिया। उनकी प्रस्तुति ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया और पूरे वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया। इस प्रकार, दून बुक फेस्टिवल में 9 अप्रैल का दिन ज्ञान, रचनात्मकता और सांस्कृतिक समृद्धि के विविध रंगों से परिपूर्ण रहा।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस पर हुआ गहन विमर्श

साहित्यिक सत्रों में भी दर्शकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। चंद्रचूर घोष और अनुज धर ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन और उनसे जुड़े विभिन्न रहस्यों पर गहन चर्चा की, जिसने श्रोताओं को इतिहास के कई अनछुए पहलुओं से अवगत कराया। सुभाष चंद्र बोस पर अपने शोध और लेखन के आधार पर उन्होंने बताया कि हाल के वर्षों में नए अभिलेखीय स्रोत और विद्वत्तापूर्ण दृष्टिकोण सामने आए हैं, जिन्होंने स्थापित धारणाओं पर प्रश्न उठाते हुए भारत के स्वतंत्रता संग्राम को अधिक व्यापक और जटिल रूप में समझने का अवसर प्रदान किया है।

### संजीव चोपड़ा ने भारत के इतिहास को रोचक और सहज शैली में किया पेश




लेखक, इतिहासकार और रिटायर्ड आईएएस ऑफिसर संजीव चोपड़ा ने अपने सत्र में साहित्य के माध्यम से भारत के इतिहास को रोचक और सहज शैली में प्रस्तुत किया। सामजिक कार्यकर्ता अनूप नौटियाल के साथ संवाद सत्र में संजीव चोपड़ा ने इस बात पर जोर दिया कि भारत के बदलते स्वरूप और इतिहास को जानने के लिए हमें साहित्य को पढ़ना बहुत जरूरी है।

### दून बुक फेस्टिवल में आज होंगे कई कार्यक्रम आयोजित

**देहरादून।** दून बुक फेस्टिवल में शुक्रवार को भी कई रोचक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बाल मंडप में स्वाती गोयल द्वारा म्यूजिकल स्टोरीटेलिंग सत्र और मुकेश नौटियाल के साथ 'फूल देई' विषय पर इलस्ट्रेशन वर्कशॉप बच्चों के लिए विशेष आकर्षण रहेंगे। वहीं साहित्यिक सत्र में वैभव पुरंदरे अपने विचार साझा करेंगे। इसके अतिरिक्त, एक विशेष संवाद सत्र "अमन के फरिश्ते" के अंतर्गत कर्नल अजय रैना, ब्रिगेडियर सुशील तनवर के साथ बातचीत में शामिल होंगे, जिसमें सेवा, मानवीय मूल्यों और अनुभवों पर चर्चा की जाएगी। दिन का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में वंशिका जोशी की प्रस्तुति के साथ होगा, जो दर्शकों को एक यादगार सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करेगा।

### बाल मंडप की रचनात्मक गतिविधियां रही विशेष आकर्षण का केंद्र



बाल मंडप में आयोजित गतिविधियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। चिल्ड्रन कॉर्नर के छठे दिन लगभग 800 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जहाँ "ऐपन आर्ट कॉर्नर" में बच्चों ने पारंपरिक उत्तराखंडी लोक कला ऐपन को समझते और आजमाते हुए उसकी सांस्कृतिक महत्ता को जाना।

दिन की शुरुआत स्टोरी टेलर राजेश पांडेय के रोचक स्टोरीटेलिंग सत्र से हुई। कहानियों के माध्यम से पर्यावरण और प्रकृति के महत्व को सरल ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसके बाद डॉ. संगीता अंगोम द्वारा आयोजित पिक्शनरी गेम में बच्चों ने खेल-खेल में वन्यजीव और प्रकृति से जुड़ी जानकारियाँ हासिल कीं। बाल मंडप के दिन का समापन नेहा और आर्ची के जाईन मेकिंग वर्कशॉप के साथ हुआ, जहाँ बच्चों ने अपनी कल्पनाओं को रचनात्मक रूप में अपनी पुस्तिकाओं में उकेरा, और इस तरह दिन भर की गतिविधियों ने सीखने, पढ़ने और रचनात्मकता के आनंद को जीवंत कर दिया।

## हैली टिकटों की ब्लैकमेलिंग न हो इसका विशेष ध्यान रखें: महाराज

**देहरादून।** बहुप्रतीक्षित चारधाम यात्रा 19 अप्रैल 2026 को अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर शुरू होने वाली है। राज्य सरकार ने यात्रा को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है। चारधाम यात्रा तैयारियों के संबंध में गुरुवार को हुई बैठक में वर्चुअल प्रतिभा करते हुए प्रदेश के पर्यटन धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि यात्रा आरम्भ होते ही हैली सेवाओं के संचालन में लोगों को भारी परेशानी होती है।

हैली टिकटों की ब्लैकमेलिंग न हो, इसका खास ख्याल रखा जाए। प्रदेश के पर्यटन धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने बैठक के दौरान कहा कि चारधाम यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले स्थायी एवं अस्थायी शौचालयों में सफाई के उचित प्रबंधन होने चाहिए। श्रद्धालुओं हेतु यात्रा मार्गों में पड़ने वाले सभी पैट्रोल पम्पों / होटलों में श्रद्धालुओं हेतु नि:शुल्क शौचालय एवं पानी की व्यवस्था के साथ-साथ वाहनों हेतु हवा की व्यवस्था भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राय: देखने में आता है कि यात्रा के दौरान अराजक तत्वों द्वारा अराजकता फैलाने का भी प्रयास किया जाता है। प्रशासन को इसमें सख्ती बरतनी चाहिए और चारधाम में आने वाले यात्रियों की अनिवार्य हेल्थ स्क्रीनिंग भी होनी चाहिए। पर्यटन मंत्री महाराज ने कहा कि यात्रा के दौरान घोड़ों-खच्चरों को पर्याप्त भोजन तथा गर्मपानी की समुचित व्यवस्था तथा पशु चिकित्सकों की भी पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। पुलिस द्वारा च्ंजतवससपदह में प्रयोग होने वाली जीप के स्थान पर मोटर साईकिल का प्रयोग किया जाय ताकि जाम की स्थिति से बचा जा सके। भीड़ नियंत्रण हेतु प्रमुख स्थलों पर सी०सी०टी०वी० कैमरे एवं कन्ट्रोल रूम स्थापित किये जाने चाहिए। संवे. दनशील, लैंडस्लाइड स्थानों पर आपदा प्रबन्धन टीम की तैनाती की तैनाती रहे। यात्रा मार्गों पर कूड़ा प्रबन्धन हेतु विशेष अभियान चलाया जाय। जिससे पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित हो सके। यात्रा से सम्बन्धित सभी जानकारी (रूट, मौसम, भीड़ आदि) के लिए रियल टाईम अपडेट सिस्टम / हेल्पलाईन नम्बर जारी किया जाय। बुजुर्ग एवं दिब्यांग श्रद्धालुओं के लिए विशेष सहायता सेवाएं (व्हील चेयर, हैल्पडेस्क आदि) उपलब्ध करायी जाय। उन्होंने होटल ऐसोसिएशन व ट्रान्सपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों से अनुरोध किया कि वह ष्अतिथि देवो भवष की परम्परा का ध्यान रखते हुए यात्रियों लिए यथासम्भव छूट देने की भी कोशिश करें।

## रुद्रप्रयाग में दिखा मौसम के बदलाव का असर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** मौसम में आए अचानक बदलाव का असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर साफ दिखने लगा है। सर्दी-जुकाम, खांसी, गले के संक्रमण और एलर्जी के मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जिला चिकित्सालय की ओपीडी में प्रतिदिन 80 से अधिक मरीज इन समस्याओं साथ इलाज के लिए पहुंच रहे हैं, जिनमें बुजुर्ग और बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हैं। चिकित्सकों के अनुसार मरीजों में नाक बहना या बंद होना, गले में खराश, खांसी, बुखार, सिरदर्द और शरीर दर्द जैसे लक्षण देखने को मिल रहे हैं। कई मामलों में संक्रमण गंभीर होकर ब्रोंकाइटिस और निमो. निया का रूप भी ले रहा है, जिससे

■ गले के संक्रमण और एलर्जी के मरीज बढ़े

स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई है। जिला चिकित्सालय के फिजीशियन डॉ. महेश जोशी ने बताया कि मौसम में उतार-चढ़ाव के कारण लोगों की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो रही है, जिससे संक्रमण तेजी से फैल रहा है। उन्होंने विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और पहले से बीमार लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। डॉ. जोशी ने लोगों से अपील की है कि वे मास्क का प्रयोग करें, ठंडी चीजों के सेवन से बचें और लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें, ताकि संक्रमण को गंभीर होने से रोका जा सके।

## राकेश मोहन बने ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश महामंत्री जिले में खुशी की लहर



**रुद्रप्रयाग।** जनपद के विकासखण्ड अगस्त्यमुनि के अंतर्गत ग्राम पंचायत क्यार्की-घंडियाल्का के प्रधान राकेश मोहन को प्रदेश प्रधान संगठन का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से न केवल रुद्रप्रयाग बल्कि पूरे प्रदेश के पंचायत प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों में हर्ष का माहौल है।


प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी मिलने पर राकेश मोहन ने प्रदेश अध्यक्ष योगिता रावत का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के इतिहास में प्रथम मातृशक्ति के रूप में संगठन का नेतृत्व कर रही योगिता रावत ने उन पर जो भरोसा जताया है, वे उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा, "यह जिम्मेदारी केवल मेरी नहीं, बल्कि हर उस ग्राम प्रधान की है जो धरातल पर लोकतंत्र को मजबूत कर रहा है।"

राकेश मोहन की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के कई वरिष्ठ राजनेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी। शुभकामनाएं देने वालों में गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी, कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी, केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम कठैत, जिला प्रधान संगठन अध्यक्ष विजयपाल जंगवाण, गौ रक्षा विभाग के प्रदेश अध्यक्ष रोहित डिमरी, प्रवीन रावत, मनोज वैष्णव, अमित सजवाण और विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों के शामिल रहे। सभी ने राकेश मोहन की इस नियुक्ति को संगठन के हित में एक बड़ा कदम बताया है।

### पंचायती राज को मिलेगी मजबूती रुद्रप्रयाग

जानकारों का मानना है कि राकेश मोहन के महामंत्री बनने से प्रदेश के ग्राम प्रधानों की समस्याओं को सरकार के समक्ष और अधिक प्रभावी ढंग से रखा जा सकेगा। अगस्त्यमुनि ब्लॉक के कार्यकर्ताओं ने इसे जनपद के लिए गौरव का विषय बताया है।



# मोटरमार्गों को वित्तीय स्वीकृति न मिलने पर ग्रामीणों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के पट्टी बडियारगढ़ के नौड़ा–चोनी–धौलियाणा से तेगड़ मोटर मार्ग, छाम से खल्याणी मोटर मार्ग एवं धौड़गी से धबधार मोटर मार्ग निर्माण पर वर्षों से वित्तीय स्वीकृति न मिलने पर ग्रामीणों ने कड़ा रोष व्यक्त किया है। ग्रामीणों ने कहा कि मोटरमार्ग का सुख न मिलने से उनकों कई किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ रही है। जिससे बुजूर्गों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होने जल्द से मोटरमार्ग को स्वीकृति प्रदान किए जाने की मांग की है। बृहस्पतिवार को इस संदर्भ में सामाजिक कार्यकर्ता एवं कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश सदस्य डॉ. प्रताप भंडारी ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा कि बडियारगढ़ के



■ 17 अप्रैल तक लोनिवि कीर्तिनगर में तालाबंदी की दी चेतावनी

नौड़ा–चोनी–धौलियाणा से तेगड़ मोटर मार्ग, छाम से खल्याणी मोटर मार्ग एवं धौड़गी से धबधार मोटर मार्ग के स्वीकृति की मांग को लेकर स्थानीय जनता एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा लम्बे समय से मांग की जा रही है, किन्तु उपरोक्त सड़कों पर वर्षों से कागजी कार्यवाही ही चल रही है और कई बार सर्वे किए जा चुके हैं तभी भी निर्माण कार्य की शुरूआत अभी तक नहीं हुई है। कहा कि नौड़ा–चोनी–धौलियाणा से तेगड़ मोटर मार्ग के निर्माण पर वर्ष 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत की घोषणा के बावजूद अभी तक वित्तीय स्वीकृति नहीं मिल पाई है। साथ ही छाम से खल्याणी एवं धोड़ंगी से धबधार मोटर मार्ग की मांग भी वर्षों से फाइलों में लटकी पड़ी हैं। कहा कि गावों के लिए सड़क मार्ग न होने के कारण जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और महिला को प्रसव पीड़ा के चलते अस्पताल ले जाते समय बीच जंगल में ही महिला ने बच्चे को जन्म दिया। उन्होने उक्त सभी मोटरमार्गों पर शीघ्र वित्तीय स्वीकृति प्रदान किए जाने की मांग की है। कहा कि यदि जल्द से मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं करती है तो वह 17 अप्रैल को सम्पूर्ण लोस्तू बडियारगढ़ की जनता लोनिवि कार्यालय, कीर्तिनगर पर तालाबंदी के साथ-साथ उप जिलाधिकारी कार्यालय, कीर्तिनगर में धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में नौडा धौलियाणा की ग्राम प्रधान रीना नेगी, ग्राम सभा धौड़गी के प्रधान सुरेश पंवार, दालढुंग ग्राम प्रधान नरेंद्र सिंह भंडारी, क्षेत्र पंचायत सदस्य दालढुंग मंगल सिंह भंडारी, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य विजेंद्र पंवार, गजेन्द्र सिंह भंडारी, राजेश गोदियाल, उमराव सिंह नेगी, विरेंद्र सिंह पंवार सहित आदि मौजूद थे।

## फार्मास्यूटिकल साइंसेज के 16 छात्रों ने पास की गेट परीक्षा

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के फार्मास्यूटिकल साइंसेज विभाग के बीफार्म अंतिम वर्ष के 16 विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं स्नातक फार्मेसी योग्यता परीक्षा एवं ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजिनियरिंग-2026 में सफलता प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह उपलब्धि विभाग के सुदृढ़ शैक्षणिक वातावरण एवं विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का प्रमाण है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी सफल विद्यार्थियों को इस उल्लेखनीय सफलता के लिए बधाई दी। विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अब्दुल फारुक ने कहा कि यह सफलता विभाग की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली को दर्शाती है। विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह एवं कुलसचिव प्रो. वाईपी रैवानी समेत विभाग के डॉ विजयज्योति ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# कीर्तिनगर में कीवी व ड्रैगन फ्रूट उत्पादन को मिल रहा बढ़ावा

■ उद्यान विभाग की योजनाओं से किसानों की आय में वृद्धि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कीर्तिनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर में उद्यान विभाग की योजनाएं किसानों के लिए वरदान साबित हो रही हैं। जिला उद्यान अधिकारी अरविंद शर्मा के विशेष मार्गदर्शन और सहयोग से क्षेत्र में कीवी और ड्रैगन फ्रूट की उन्नत खेती को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे किसानों की आय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। उद्यान प्रभारी सुरेश रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत 30 से अधिक किसान कीवी उत्पादन से जुड़ चुके हैं। वहीं, 135 से अधिक किसान पॉलीहाउस योजना एवं आधुनिक कृषि तकनीकों का लाभ लेकर उन्नत खेती की ओर अग्रसर हैं। इन प्रयासों से क्षेत्र में पारंपरिक खेती के



साथ-साथ नकदी फसलों का दायरा भी बढ़ा है। उन्होंने बताया कि ब्राह्मी कंपोस्ट योजना के माध्यम से प्रतिवर्ष 6 से 10 किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है, जिससे जैविक खेती को बढ़ावा मिल रहा है और उत्पादन की गुणवत्ता में भी सुधार हो रहा है।सुरेश रावत ने आगे बताया कि जिला उद्यान अधिकारी अरविंद शर्मा के निर्देशन में भविष्य को ध्यान में रखते हुए कीवी विस्तार और ड्रैगन फ्रूट उत्पादन को और अधिक बढ़ाने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जा रही है, ताकि अधिकाधिक किसानों को इन योजनाओं का लाभ मिल सके। वहीं, धारपय्याकोटी निवासी किसान मोर सिंह भंडारी ने उद्यान विभाग की योजनाओं की सराहना करते हुए बताया कि उन्हें ब्राह्मी कंपोस्ट, घेरबाड़, कीवी पौध, ट्री गार्ड और पॉली शीट जैसी सुविधाएं प्राप्त हुई हैं, जिससे उनकी खेती में सुधार हुआ है। उन्होंने इसके लिए उद्यान विभाग का आभार व्यक्त किया।

# खेलों से जुड़ना स्वस्थ शरीर और सकारात्मकता का प्रतीकः डा. मारिषा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** कीर्तिनगर विकासखंड के वीर शिरोमणी माधो सिंह भंडारी राजकीय बालिका इन्टर कालेज की बालिकाओं को पंडित जगतराम गौड़ एवं राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित माध्यमिक वर्ग बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता के सीजन आठ मे प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को खेल प्रमाण पत्र वितरित किए गये।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि संयुक्त चिकित्सालय मे कार्यरत डॉ. मारिषा पंवार गर्ग एवं रेडियोलॉजिस्ट डा. रचित गर्ग ने कहा कि खेल मानवीय जीवन महत्वपूर्ण हिस्सा है। खेल

■ छात्रों को वितरित किए खेल प्रमाण पत्र

केवल प्रतिभा को उभारने एक कला ही नहीं शाररिक और मानसिक विकास के साथ-साथ शरीर को स्वास्थ्य भी रखता है, जो कि सकारात्मक सोच को बढावा भी देता है।

कहा कि हमारे जीवन मे बौद्धिक विकास को अग्रसर करता है। कहा कि पहाड़ कंदराओं में माध्यमिक वर्ग बालिका क्रिकेट की नींव रखने वाले देवेन्द्र ने जो सकारात्मकता और कल्पना के साथ इसकी स्थापना की थी आज उसी का परिणाम है कि गढवाल कुमांऊ के हर पहाड़ की कंदराओं से बालि. काएं खेल के मैदान में अपना परचम लहरा रही हैं। डॉ. पंवार ने कहा कि देवेन्द्र गौड़ ने बालिका, महिला क्रिकेट का जो बीज बोया है उसी का परिणाम है कि हमारे विद्यार्थी जीवन के खेलों मे खो-खो कबड्डी से हटकर क्रिकेट, वॉलीबॉल तक आ गये हैं। मौके पर प्रधानाचार्या सुनीता लिंगवाल, नीलम तिवाड़ी, पुष्पलता गुसांई, सुमन उनियाल, मंजू सेमवाल, रित्तू खण्डेलवाल, बबीता चौहान, कमली बिष्ट, प्रेमा नेगी, अनीता बमोला सहित आदि मौजूद थे।

# जनगणना की आज से डिजिटल शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** आगामी जनगणना-2027 को अधिक आधुनिक, पारदर्शी और सुलभ बनाने की दिशा में उत्तरकाशी जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पहली बार नागरिकों को 'स्व-गणना' (ैमस्ि म्दनउमतंजपवद) की सुविधा दी जा रही है, जिसके तहत लोग अपने घर बैठे ऑनलाइन अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

जिला मजिस्ट्रेट एवं मुख्य जनगणना अधिकारी प्रशांत आर्य ने बताया कि जनगणना के प्रथम चरणख्रमकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य उत्तराखंड में 25 अप्रैल से 24 मई

■ घर बैठे 'स्व-गणना' का मौका

2026 तक किया जाएगा। इससे पहले, 10 अप्रैल से 24 अप्रैल तक नागरिकों को स्वयं गणना करने का अवसर दिया गया है। इस नई व्यवस्था के तहत लोग निर्धारित पोर्टल के माध्यम से अपनी पारिवा. रिक और आवासीय जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा, मोबाइल नंबर के जरिए व्ज्च सत्यापन करना होगा और फिर चरणबद्ध तरीके से आवश्यक जानकारी भरनी होगी। प्रक्रिया पूरी होने पर नागरिकों को एक एसई आईडी प्रदान की जाएगी, जिसे बाद में प्रगणक द्वारा सत्यापित किया जाएगा। प्रशासन के अनुसार, 25 अप्रैल से प्रगणक घर-घर जाकर आंकड़ों का सत्यापन और संग्रहण करेंगे। ऐसे में जिन नागरिकों ने पहले ही स्व-गणना कर ली होगी, उन्हें केवल अपनी ैम्प्क दिखानी होगी, जिससे प्रक्रिया और भी सरल हो जाएगी। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाएं और अधिक से अधिक संख्या में स्व-गणना सुविधा का लाभ उठाएं। उन्होंने यह भी कहा कि घर आने वाले प्रगणकों को सही और पूर्ण जानकारी देकर सहयोग करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

## एक नजर .......

### स्कूल में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने 24 घंटे में किया खुलासा

**कोटद्वार।** रजनी अडथ्वाल प्रधानाध्यापिका राप्रावि भयांसू लैंसडाउन ने बुधवार को कोतवाली लैंसडाउन में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था जिसमें उनके द्वारा अंकित किया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा रा0प्रा0वि0 भयांसू से स्कूल का ताला तोड़कर वहां से कंम्प्यूटर, यूपीएस, मॉनीटर, चार्जर समेत ढोलक व विद्यालय का अन्य सामान चोरी कर दिया है। इस सम्बन्ध में कोतवाली लैन्सडाउन पर अज्ञात चोर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

चोरी की इस घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली लैंसडाउन को तत्काल पुलिस टीम गठित कर घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। निर्देशों के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली लैंसडाउन रमेश तनवर के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर त्वरित कार्यवाही प्रारंभ की गई। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक साक्ष्य संकलित किए गए तथा स्थानीय लोगों एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर जानकारी जुटाई गई। पुलिस टीम द्वारा की गई त्वरित कार्यवाही में मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त दीपक, उम्र 27 वर्ष, पुत्र नत्थी राम, निवासी- ग्राम पाली तल्ली, थाना लैंसडाउन, पौडी गढवाल को 24 घण्टे के भीतर चोरी के माल (एक कम्प्यूटर उपकरण, 01 टीएफटी,सीपीयू, यूपीएस, की-बोर्ड, माउस, 02 पावर केबल, 01 अदद ढोलक) के साथ कोटद्वार रोड हटनिया से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त को पकड़ने वाली टीम में अपर उ0नि0 प्रवेश कुमार, कानि0 गोपाल दास और हे0का0 सत्येन्द्र यादव शामिल रहे।

### गंगोत्री राजमार्ग के डेंजर पॉइंट पर कार्य करने के दिए निर्देश

**उत्तरकाशी।** चार धाम यात्रा शुरू होने के लिए महज 9 दिन बचे हुए है,लेकिन चार धाम यात्रा की तैयारी अभी अधुरी है। हाईवे पर बीते वर्ष के आपदा के घाव अभी भी साफ दिखाई दे रहा है।

वहीं गंगोत्री यात्रा व्यवस्ताओं के निरीक्षण कर लौटी एडीएम /नोडल अधिकारी मुक्ता मिश्रा ने बताया कि गंगोत्री धाम की यात्रा व्यवस्ताओं का अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया है। गंगोत्री राजमार्ग पर कुछ डेंजर पॉइंट ऐसे हैं जहां कार्य करने की आवश्यकता है उन्होंने बताया कि इस निरीक्षण के दौरान बीआरओ के दोनों ओसी भी मौजूद रहे उनको निर्देश दिये गये है कि हाईवे को चारधाम यात्रा शुरू होने से पूर्व सही किया जाय।

इसके अतिरिक्त पेयजल, विधुत आदि की सभी व्यवस्थाएं यात्रा शुरू होने से पूर्व चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार की मनशा है कि चारधाम यात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया जाय जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधाओं का सामना न करना पड़े।

### 14 अप्रैल को डा. अम्बेडकर के जयंती पर होगें विभिन्न कार्यक्रम

**श्रीनगर।** अम्बेडकर चेतना समिति कीर्तिनगर, श्रीनगर के ओर से 14 अप्रैल को भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तत किए जायेंगे। समिति के अध्यक्ष मंगत मठियाल की अध्यक्षता में आहूत हुई बैठक में कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा लोक नृत्य भाषण, स्वागत गीत व अतिथियों द्वारा बाबा साहेब की जीवन दर्शन पर अपने विचार विमर्श किया गया। साथ ही खेल प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी। बैठक में संजय प्रकार टम्टा, वर्धन, सोहन कोहली, दीपक उमरियाल, सुरजीत लिंगवाल, नरेन्द्र कुमार, रमेश घटोला, दीपक कुमार सहित आदि मौजूद थे।

# डिप्लोमा इंजीनियर्स की हड़ताल से विकास कार्य ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जिले में पिछले महिने से डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर डटा हुआ है, जिसका व्यापक असर अब जनजीवन पर साफ दिखाई देने लगा है। इस हड़ताल के चलते विकास कार्य, आपदा प्रबंधन से जुड़े जरूरी काम और आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियां गंभीर रूप से प्रभावित हो रही हैं।

स्थिति यह है कि जिले में सड़कों का निर्माण और मरम्मत कार्य पूरी तरह ठप पड़ गया है, जिससे आम लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर सड़कें क्षतिग्रस्त और अवरुद्ध हैं, जो चारधाम यात्रा से पहले प्रशासन के लिए चिंता का विषय बन गई हैं। वहीं गंगोत्री धाम में सिंचाई विभाग के घाट निर्माण कार्य भी नहीं नं आपदा संभावित



■ चारधाम यात्रा की तैयारियां भी प्रभावित, कांग्रेसियों ने दिया बताया डिप्लोमा इंजीनियर्स की जायज मांगे

पहाड़ी क्षेत्रों में भी आवश्यक कार्य रुकने से जोखिम बढ़ गया है। वहीं नहरों की सफाई और मरम्मत न होने से किसानों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वीरवार को पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनीष राणा के नेतृत्व में कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता हड़ताली इंजीनियर्स के समर्थन में उनके बीच पहुंचे। उन्होंने इंजीनियर्स की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनकी मांगों को न्यायसंगत बताते हुए सरकार से शीघ्र समाधान निकालने की मांग की।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह केवल कर्मचारियों की नहीं, बल्कि उनके हक, सम्मान और भविष्य की लड़ाई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मुद्दे को सड़क से लेकर सदन तक मजबूती से उठाया जाएगा। उन्होंने सरकार से अपील कि जल्द से जल्द वार्ता कर इस गतिरोध को समाप्त किया जाए, ताकि रुके हुए विकास कार्य दोबारा सुचारू रूप से शुरू हो सकें और आम जनता को राहत मिल सके।

# शोध छात्रों ने जाना विज्ञान और सामाजिक विज्ञान का अंतर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के शिक्षा एवं भौतिक विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित आईसीएसएसआर प्रायोजित रिसर्च मेथडोलॉजी कार्यशाला में शोध छात्रों को विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला का संचालन करते हुए मानवशास्त्र विज्ञान विभाग के डॉ. सर्वेन्द्र यादव ने विज्ञान और सामा. जिक विज्ञान के बीच अंतर स्पष्ट करते हुए बताया कि सामाजिक विज्ञान में मानव व्यवहार, विचार और अनुभव समय व संदर्भ के अनुसार बदलते रहते हैं, जिससे

■ छात्रों ने किया पर्यटन स्थल खिर्सू का भ्रमण

निष्कर्षों का पुनरुत्पादन एक चुनौती बन जाता है। कहा कि जहाँ मात्रात्मक शोध संख्यात्मक तथ्यों पर आधारित होता है, वहीं गुणात्मक शोध अनुभव, अर्थ और व्याख्या पर केंद्रित होता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि टेक्स्ट, ऑडियो और वीडियो जैसे विभिन्न प्रकार के डेटा के विश्लेषण के लिए अलग-अलग दृष्टिकोण आवश्यक होते हैं। कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी कपरुवाण द्वारा किया गया।

## जनगणना के लिए प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण हुआ शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण में 25 अप्रैल से 24 मई 2026 तक संपन्न होने वाली भवन एवं मकान सूचीकरण कार्य की तैयारी के लिए तहसील कोटद्वार के ग्रामीण क्षेत्र एवं नगर पालिका दुगड्डा क्षेत्र हेतु तैनात प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण तहसील कोटद्वार के सभागार में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ उपजिलाधिकारी संदीप कुमार कोटद्वार द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने सभी से इस राष्ट्रीय कार्यक्रम को निर्धारित अवधि में पूरा करने और निष्ठा पूर्वक सही आंकड़े एकत्र करने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि इस दौरान एकत्र किए गए आंकड़े भारत सरकार द्वारा भावी जनकल्याणकारी योजनाओं के निर्माण और नागरिकों के लिए आधारभूत सुविधाओं की स्थापना हेतु नीतियां बनाने, लोकसभा और विधानसभाओं में सीटों के निर्धारण में सहायक सिद्ध होंगे। प्रथम दिवस जनगणना का इतिहास, संकल्पनाएं, परिभाषाएं, जनगणना के कानूनी पहलू, जनगणना ब्लॉक की पहचान, ले आउट मैप तैयार करना, एचएलओ मोबाइल एप्लिकेशन के उपयोग की जानकारी, प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के कर्तव्य और दायित्वों पर विस्तार से प्रस्तुतीकरण के माध्यम से चर्चा की गई। इस दौरान तहसीलदार साक्षी उपाध्याय, नायब तहसीलदार, कानूनगो देवकी नंदन नौटियाल, दीपक वेदवाल उपस्थित थे ।

# भारी बर्फबारी के बीच केदारनाथ यात्रा की तैयारियां तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा तैयारियों के बीच मौसम विघ्न पैदा कर रहा है। लगातार मौसम खराब होने के कारण तैयारियों में बाधा उत्पन्न हो रही है, जिससे मजदूर भी परेशान हो गए हैं। आगामी 22 अप्रैल से प्रारंभ होने वाली इस महत्वपूर्ण यात्रा से पहले विषम मौसम परिस्थितियों के बावजूद प्रशासन की टीमें धाम क्षेत्र और पैदल यात्रा मार्ग को सुचारु बनाने में लगातार जुटी हुई हैं।

पिछले तीन-चार दिनों से केदारनाथ धाम क्षेत्र में हो रही भारी बर्फबारी ने चुनौतियां जरूर बढ़ाई हैं, लेकिन प्रशासन की कार्यशैली पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है।



■ प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद

कठिन हालात के बीच भी तैयारियों का कार्य निरंतर जारी है और इसमें किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जा रही है। मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में भी भारी बर्फबारी की संभावना जताई गई है, जिसके चलते प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त मैनपॉवर और संसाधनों की तैनाती की जा रही है ताकि कार्य प्रभावित न हो। लोनिवि गुप्तकाशी अधिशासी अभियंता राजविंद सिंह ने बताया कि हालिया बर्फबारी के चलते धाम क्षेत्र और यात्रा मार्ग में 4 से 5 फीट तक बर्फ जम चुकी है। इसके बावजूद टीमों ने पूर्व में लिनचोली से केदारनाथ धाम तक लगभग 4 से 5 फीट चौड़ाई में पैदल मार्ग को सुचारु कर दिया था।

उन्होंने जानकारी दी कि मौसम के सामान्य होते ही बिना विलंब के बर्फ हटाने का कार्य फिर से शुरू कर दिया गया है। धाम क्षेत्र में हेलीपैड से लेकर रुद्र पॉइंट और संगम सेतु तक मशीनों और मैनपॉवर की सहायता से तेजी से बर्फ हटाई जा रही है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। यात्रा को सुचारु और सुरक्षित बनाने के लिए हर स्तर पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद प्रशासनिक टीमों का समर्पण यह दर्शाता है कि केदारनाथ यात्रा समय पर और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

# ऊखीमठ में गैस सिलेंडरों की किल्लत, उपभोक्ता परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** ऊखीमठ सहित आसपास के विभिन्न क्षेत्रों में इन दिनों घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत देखने को मिल रही है। स्थिति यह है कि गैस एजेंसियों पर सिलेंडर लेने पहुंचे उपभोक्ताओं को घंटों लंबी कतारों में खड़े रहने के बावजूद खाली हाथ लौटना पड़ रहा है, जिससे लोगों में गहरा रोष व्याप्त है।

स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि वे सुबह से ही गैस एजेंसी के बाहर लाइन में लग जाते हैं, लेकिन पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर उपलब्ध न होने के कारण कई लोगों को निराश होकर वापस लौटना



पड़ता है। इस समस्या से महिलाओं, बुजुर्गों और दूरदराज के ग्रामीणों को विशेष रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। घरेलू गैस की कमी के चलते लोगों की दैनिक दिनचर्या प्रभावित हो रही है और कई परिवारों को भोजन बनाने के लिए वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है।

वहीं, व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की कमी से होटल, ढाबों और छोटे व्यापारियों का व्यवसाय भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों का कहना है कि गैस उपलब्ध न होने के कारण उन्हें

■ चारधाम यात्रा पर पड़ेगा गहरा असर, व्यापार भी प्रभावित

ग्राहकों को लौटाना पड़ रहा है, जिससे उनकी आय पर सीधा असर पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि गैस आपूर्ति व्यवस्था में लाप. रवाही के चलते यह संकट उत्पन्न हुआ है। समय पर सिलेंडरों की आपूर्ति नहीं होने से समस्या दिन-प्रतिदिन गहराती जा रही है। उपभोक्ताओं और व्यापारियों ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर गैस आपूर्ति को सुचारु बनाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

पूर्व छात्र नेता विराट सौरभ भट्ट ने कहा कि गैस एजेंसी संचालकों की लापरवाही के कारण उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि गांववार गैस वितरण की तिथि निर्धारित की जाए, तो समस्या का समाधान संभव है। वहीं, सभासद प्रदीप धर्म्वाण ने चेतावनी दी कि यदि शासन-प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो आने वाले समय में स्थिति और गंभीर हो सकती है। इस संबंध में संबंधित गैस एजेंसी प्रबंधक से दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# वैश्विक तनाव के कारण चारधाम यात्रा की एडवांस बुकिंग में भी आई कमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** मिडिल ईस्ट जंग का असर उत्तराखंड की चारधाम यात्रा पर भी साफ दिखाई देता नजर आ रहा है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, इस बार वैश्विक तनाव के कारण संकट में है। यात्रा शुरू होने से पहले एडवांस बुकिंग में गिरावट ने पर्यटन व्यवसायियों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। पिछले वर्ष यात्रा के पहले 27 दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या 17 लाख पहुँच गई थी, जबकि इस साल अब तक हमज 11,07,841 श्रद्धालुओं ने ही रजिस्ट्रेशन कराया है। 19 अप्रैल से शुरू होने वाली यात्रा के लिए यह कमी कारोबारियों के लिए एक बड़ा खतरा बनती जा रही है।

**अभी भी उम्मीदें हैं:** काफी चिंता के बावजूद, पर्यटन व्यवसायियों का मानना है कि यदि यात्रा की तिथि पास की जा सकती है, तो शायद स्थिति में सुधार हो सकता है। वे यह आशा कर रहे हैं कि आने वाले सप्ताहों में स्थिति में बदलाव आएगा। पर्यटन उद्योग इस वक्त एक कठिन दौर से गुजर रहा है, लेकिन व्यापारी रणनीतियों में बदलाव के साथ स्थिति को संभालने की कोशिश कर रहे हैं।

### सरकार से भी है उम्मीद

सरकार से भी उम्मीद है कि वह पर्यटन व्यवसाय को बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। सरकारी नीतियों में बदलाव का असर हालत सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। अगर सरकार समय रहते सही कदम उठाती है, तो शायद चारधाम यात्रा के लिए बुकिंग में सुधार हो सकेगा।

# धामी सरकार की पहल: ऐतिहासिक किपलिंग ट्रैक का होगा कायाकल्प

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों में राज्य में पर्यटन अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में देहरादून से मसूरी को जोड़ने वाले ऐतिहासिक किपलिंग ट्रैक के पुनरोद्धार की महत्वाकांक्षी योजना को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) द्वारा लगभग 498.14 लाख रुपये की लागत से 3.50 किलोमीटर लंबे इस ऐतिहासिक ट्रैक का व्यापक विकास किया जा रहा है।

यह ट्रैक शहनसाही आश्रम से झड़ीपानी तक फैला हुआ है और प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण तथा पहाड़ी दृश्यों के कारण लंबे समय से पर्यटकों और प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है।

आधुनिक सड़क मार्गों पर बढ़ती भीड़ और वाहनों के शोर के बीच यह ट्रैक एक ऐसे वैकल्पिक पर्यटन मार्ग के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां पर्यटक प्रकृति के करीब शांत और सुकून भरा अनुभव प्राप्त कर सकेंगे।



■ मसूरी को मिलेगा नया शांत पर्यटन मार्ग

■ प्रकृति के बीच सुकून भरा सफर देगा किपलिंग ट्रैक: एमडीडीए उपाध्यक्ष

### प्रकृति के बीच नया अनुभव देगा किपलिंग ट्रैक: तिवारी

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि किपलिंग ट्रैक का पुनरोद्धार राज्य के पर्यटन विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में प्रदेश में ऐसे पर्यटन स्थलों को विकसित किया जा रहा है, जो प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर पर्यटकों को अलग अनुभव प्रदान करें। उन्होंने बताया कि देहरादून से मसूरी जाने वाले पारंपरिक सड़क मार्गों पर अक्सर भीड़भाड़ रहती है, जिससे पर्यटकों को शोर और ट्रैफिक का सामना करना पड़ता है। किपलिंग ट्रैक के विकसित होने से पर्यटकों को एक वैकल्पिक और शांत मार्ग मिलेगा, जहां वे पैदल चलते हुए प्रकृति की गोद में समय बिता सकेंगे।



राज्य सरकार की मंशा है कि मसूरी क्षेत्र में पर्यटन को केवल सड़क आधारित यात्रा तक सीमित न रखकर प्रकृति आधारित पर्यटन को भी बढ़ावा दिया जाए। इसी सोच के साथ किपलिंग ट्रैक के संरक्षण और विकास की योजना तैयार की गई है, ताकि आने वाले समय में यह मार्ग पर्यटकों के लिए एक अनूठा और आकर्षक अनुभव बन सके।

### प्राकृतिक सौंदर्य के बीच विकसित होगा ट्रैक

एमडीडीए द्वारा इस परियोजना के अंतर्गत ट्रैक के संरक्षण, मरम्मत और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पहाड़ी क्षेत्रों की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कई स्थानों पर रिटेनिंग वॉल का निर्माण किया जाएगा, जिससे ट्रैक सुरक्षित और टिकाऊ बन सके। साथ ही ट्रैक के किनारों पर मजबूत रेलिंग लगाई जाएंगी, ताकि पर्यटक सुरक्षित रूप से इस मार्ग पर भ्रमण कर सकें। इस मार्ग को पैदल यात्रियों के लिए सुविधाजनक और सुरक्षित बनाने के लिए रास्ते को समतल और व्यवस्थित भी किया जाएगा।

### पर्यटकों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

किपलिंग ट्रैक के विकास में केवल संरचनात्मक कार्य ही नहीं बल्कि पर्यटकों की सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया है। परियोजना के अंतर्गत ट्रैक के विभिन्न स्थानों पर विश्राम स्थल विकसित किए जाएंगे, जहां आकर्षक गजीबो बनाए जाएंगे। इन स्थानों पर बैठकर पर्यटक आसपास के पर्वतीय दृश्यों, हरियाली और प्राकृतिक वातावरण का आनंद ले सकेंगे। इसके अतिरिक्त ट्रैक पर सेल्फी प्वाइंट, कैंटीन कियोस्क, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, शौचालय, कूड़ेदान और आधुनिक लैंप पोस्ट जैसी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। इन व्यवस्थाओं से न केवल पर्यटकों को सुविधा मिलेगी बल्कि ट्रैक को एक सुव्यवस्थित और आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में पहचान भी मिलेगी।

### प्रकृति के अनुकूल तैयार हो रही परियोजना : बर्निया

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के सचिव मोहन सिंह बर्निया ने बताया कि किपलिंग ट्रैक के विकास की पूरी योजना प्रकृति के अनुकूल डिजाइन की गई है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है कि क्षेत्र की प्राकृतिक संरचना और जैव विविधता पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। उन्होंने बताया कि ट्रैक के आसपास वृक्षारोपण, बर्ड हाउस और स्वच्छता व्यवस्था जैसी पहलें इस परियोजना को एक पर्यावरण अनुकूल पर्यटन मॉडल बनाएंगी। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ प्रकृति संरक्षण का संदेश भी मजबूत होगा।

### पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर

इस परियोजना की खास बात यह है कि इसके विकास में पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता को प्राथमिकता दी जा रही है। ट्रैक के आसपास व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की हरियाली और प्राकृतिक सुंदरता और अधिक बढ़ेगी। इसके अलावा पक्षियों के संरक्षण के लिए बर्ड हाउस भी बनाए जाएंगे, जिससे इस क्षेत्र में पक्षियों की उपस्थिति बढ़ेगी और प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूती मिलेगी।सरकार का उद्देश्य है कि पर्यटन विकास के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन भी कायम रहे और आने वाली पीढ़ियों के लिए यह प्राकृतिक धरोहर सुरक्षित रह सके।

### स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिलेगा बल

किपलिंग ट्रैक के विकास से क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिलने की संभावना है। इससे स्थानीय व्यापारियों, गाइड्स, होमस्टे संचालकों और छोटे व्यवसायों को सीधा लाभ मिलेगा। पर्यटकों की संख्या बढ़ने से आसपास के क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। स्थानीय युवाओं को पर्यटन से जुड़े कार्यों में रोजगार मिलने से क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

## बीकेटीसी मीडिया प्रभारी की माता के निधन पर जताया शोक

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ की माता धूमा देवी गौड़ (83 वर्ष) के निधन पर श्री बदरीनाथ धाम के रावल अमरनाथ नंबूदरी सहित श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति कर्मचारी संघ तथा मीडिया जगत से जुड़े संगठनों तथा पत्रकारजनों, ने शोक संवेदना व्यक्त की है। उल्लेखनीय है कि बीकेटीसी मीडिया प्रभारी की माता का बुधवार को देहरादून में आकस्मिक निधन हो गया वह कुछ माह से बीमार थी।हरिद्वार में गुरूवार को खड़कड़ी श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया इस अवसर पर उनके बड़े पुत्र एनपी गौड़, डा.हरीश गौड़ सहित छोटे पुत्र मोहन गौड़ सहित परिवारजन, बीकेटीसी के कर्मचारी अधिकारी, पत्रकारजन बंधु-बांधव, परिचित तथा परिजन मौजूद रहे। शोक संवेदना व्यक्त करनेवालों में बदरीनाथ धाम के रावल अमरनाथ नंबूदरी, नायब रावल सूर्यराग नंबूदरी, धर्माधिकारी आचार्य स्वयंबर सेमवाल,मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार ढौंडियाल,रवि रावत, पूर्व धर्माधिकारी आचार्य भुवनचंद्र उनियाल,कर्मचारी संघ अध्यक्ष विजेंद्र बिष्ट, अरविंद सुयाल,उत्तम सिंह पुरसोड़ा, गंगा सिंह रावत, लक्ष्मण नेगी, राकेश क्षेत्री, भारत नौटियाल प्रकाश कप्रवाण, रमेश चंद्र गौड़, पीडी जोशी, अनसुया प्रसाद गौड़ हेमचंद शर्मा,सतीश भारद्वाज,भगवती प्रसाद गौड़ अजय गौड, महेंद्र गौड़, विकास गौड़ तथा बीकेटीसी से ओएसडी राकेश सेमवाल, कर्मचारी संघ संघ उपाध्यक्ष आचार्य रविंद्र भट्ट ,महासचिव भूपेंद्र रावत, राकेश झिक्वांण, प्रबंधक भूपेंद्र राणा, प्रबंधक विशाल पंवार, प्रबंधक अमित राणा,सोबन सिह रावत वैभव उनियाल, कुलदीप नेगी,मनोज रावत, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे। इनके अलावा बड़ी संख्या में लेखन जगत से जुड़े वरिष्ठ पत्रकारों ने शोक संदेश भेजे हैं उन्होंने सभी का आभार जताया है।



■ कर्मचारी संघ तथा पत्रकार संगठनों, मीडिया प्रतिनिधियों ने जताई शोक संवेदना

## केंद्र सरकार ने उत्तराखंड आदि लक्ष्य संस्थान की स्थापना को दी 1 करोड़ की धनराशि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** प्रदेश में जनजातीय क्षेत्रों के विकास एवं शैक्षिक अवसंरचना में सुधार आदि की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए केंद्र सरकार द्वारा "उत्तराखंड आदि लक्ष्य संस्थान" की स्थापना हेतु 1 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस संबंध में मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री से अनुरोध किया गया था।

केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र में अवगत कराया गया है कि केंद्र सरकार द्वारा उत्तराखंड सरकार के प्रस्ताव पर विचार करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत "उत्तराखंड आदि लक्ष्य संस्थान" की स्थापना हेतु 1 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत कर दी गई है।

■ मुख्यमंत्री ने इस संबंध में केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री से किया था अनुरोध

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "आदि लक्ष्य संस्थान" की स्थापना से प्रदेश में जनजातीय युवाओं के कौशल विकास, शिक्षा, शोध एवं सशक्तिकरण को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास को प्रतिबद्ध है, इस संस्थान के माध्यम से स्थानीय युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल उत्तराखंड के जनजातीय समुदायों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### लॉ एंड ऑडर का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित करें

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित देहरादून भ्रमण को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने गुरूवार को ऋषिपर्णा सभागार में भ्रमण कार्यक्रम की विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर तैनात सभी जोनल, सेक्टर एवं नोडल अधिकारियों की बैठक लेते हुए समयबद्व सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने के निर्देश दिए। डीएम ने चिन्हित स्थलों पर पेयजल, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, लॉ एंड ऑडर व्यवस्था, बैरिकेडिंग, स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है। जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्देश दिए कि पूरे मार्ग पर चाक-चौबंद सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं।

## सिद्धार्थ लॉ कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** सिद्धार्थ लॉ कॉलेज, देहरादून में दो दिवसीय राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आज विधिवत शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आई टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, मध्य प्रदेश, हरियाणा, छत्तीसगढ़, गुजरात, झारखंड, पंजाब, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश तथा कर्नाटक सहित कुल 14 राज्यों की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शराफत अली ने प्रतियोगिता की रूपरेखा से अवगत कराते हुए बताया कि इसमें प्रीलिमिनरी राउंड एक और दो के बाद सेमीफाइनल तथा फाइनल राउंड आयोजित किए जाएंगे। इन राउंड्स का मूल्यांकन देश-प्रदेश के प्रतिष्ठित प्रोफेसर्स, अधिवक्ताओं एवं विधि विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन विजेता टीमों को कुल 61 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।साथ ही टीम के तीनों सदस्यों को एससीसी ऑनलाइन का एक वर्ष का नि:शुल्क सब्सक्रिप्शन भी प्रदान किया जाएगा। उपविजेता टीम को ₹15,000 की नकद राशि, ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त बेस्ट मूटर, बेस्ट मेमोरियल और बेस्ट रिसर्चर को प्रत्येक को ₹7,000 की नकद राशि, ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे।कॉलेज के डायरेक्टर वी.के. माहेश्वरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को परिश्रम और समर्पण के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया।मुख्य अतिथि उत्तराखंड हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश राजेश टंडन ने अपने संबोधन में विधिक व्यवसाय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने चुनाव आयोग की निष्पक्षता और अन्य महत्वपूर्ण संवैधानिक विषयों पर भी अपने विचार व्यक्त किए।कॉलेज के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद वर्मा ने देशभर से आई प्रतिभागी टीमों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रबंध समिति विधिक शिक्षा के प्रसार और विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने प्रतिभागी टीमों को कॉलेज के परिवहन व्यय पर देहरादून भ्रमण कराने की भी घोषणा की।विशिष्ट अतिथि उत्तराखंड सरकार के भूतपूर्व मुख्य सचिव दिलीप कोटिया ने विधि विद्यार्थियों को लगन, अनुशासन और सदाचार के साथ अध्ययन करने की सलाह दी तथा विधिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर सिद्धार्थ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के वाइस चेयरमैन अभिषेक वर्मा, विभिन्न संस्थानों के प्राचार्यगण, प्रोफेसर, विभागाध्यक्ष, निदेशक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



■ देश के 14 राज्यों की टीमें ले रही हैं भाग, विजेता टीम को मिलेंगे 25 हजार रुपए, ट्रॉफी व अन्य पुरस्कार

## महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत ने स्वच्छ व विकसित कोटद्वार का दिलाया संकल्प

**कोटद्वार।** नगरनिगम कोटद्वार द्वारा आयोजित स्वच्छता सेवा दृ विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कोटद्वार नगर निगम के महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रेरणा से नगर निगम द्वारा स्वच्छता सेवा अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। महापौर शैलेन्द्र रावत ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा एक सतत प्रयास है। नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित बनाने के लिए नगर निगम द्वारा नियमित रूप से विशेष सफाई अभियान, जन-जागरूकता कार्यक्रम एवं सामूहिक श्रमदान आयोजित किए जा रहे हैं।कार्यक्रम में नगर आयुक्त पीएल शाह, नगर अध्यक्ष विकास दीप मित्तल, पार्षद कविता मित्तल, पार्षद विपिन डोबरियाल, पार्षद हिमांशु वर्मा, पार्षद परमेंद्र रावत, पार्षद अमित नेगी, पार्षद जेपी बहुखंडी, पार्षद सुखपाल शाह, पार्षद दीपक पाठक, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष कुंज अग्रवाल, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शोभित अग्रवाल, संजय रावत, राकेश देवरानी, अजय सहित सभी सम्मानित क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही।

## गोपेश्वर महाविद्यालय में आयोजित हुई कार्यशाला



शाह टाइम्स संवाददाता

**गोपेश्वर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर में गुरुवार को राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न प्रमुख योजनाओं पर एक कार्यशाला आयोजित की गई।

महाविद्यालय की एनएसएस इकाई, माउंटेन चिल्ड्रन्स फाउंडेशन नंदानगर एवं समाज कल्याण विभाग चमोली के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यशाला में विभिन्न विभागों की प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक त्रिवेंद्र सिंह राणा ने कहा कि युवाओं में बढ़ती नशाखोरी को सिर्फ पुलिस के द्वारा नहीं रोका जा सकता है बल्कि इसके लिए परिवार एवं समाज को भी आगे आना होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिवक्ता ज्ञानेंद्र खंतवाल ने विस्तृत रूप में बाल संरक्षण अधिनियम की जानकारी दी। जिला बाल संरक्षण अधिकारी रजनी पंवार ने बालक दत्तक एवं संरक्षण अधिनियमों के बारे में जागरूक किया। जिला बाल संरक्षण समिति के अध्यक्ष सुरेश चंद्र कुनियाल एवं किशोर न्याय बोर्ड सदस्य शांति राणा ने निर्धन एवं अनाथ बच्चों के लिए सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम में माउंटेन चिल्ड्रन्स फाउंडेशन द्वारा लिखित पुस्तक श्बाल हितैषी गांवश का लोकार्पण किया गया।इस अवसर पर एनएसएस के नोडल अधिकारी प्रो. डीएस नेगी, मुख्य शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि विजय पंत, दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधि सहित 20 से अधिक गाँवों के बाल संरक्षण प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### राज्यपाल ने की पूर्व राष्ट्रपति कोविंद से शिष्टाचार मुलाकात

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को नई दिल्ली में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से शिष्टाचार भेंट की। वहीं दूसरी ओर राज्यपाल से गुरुवार को नई दिल्ली में उपसेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उनके मध्य राष्ट्रीय सुरक्षा, सैन्य सहयोग एवं उत्तराखण्ड के सामरिक महत्व से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक: एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'

स्थानीय सम्पादक चेतन गुरूंग

देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून

☎0135-2743363

R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656

मोबाइल-9720007290

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**यूजेवीएन लिमिटेड**

मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006

दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508

सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक-290 **तिथि विस्तार-01** दिनांक- 09/04/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता( वि0एवंयॉ0), आसन बैराज, 'जल शक्ति भवन', ढकरानी, देहरादून, इच्छुक निविदादाताओ से आमंत्रित निविदा सं0 T-12/ EE(E&M)/ Asan Barrage/ (2025-26) अधिशासी अभियन्ता (वि0 एवं यॉ0), आसन बैराज के प्रयोगार्थ 01 वर्ष हेतु 01 नग नॉन-एसी डीजल वाहन मय चालक संचालन का कार्य की तिथि विस्तारित की जाती है। विवरण निम्नवत् है:-

**निविदा प्रपत्र जमाकरने की अन्तिम तिथि** : 13.04.2026 को 13:00 बजे तक।

**निविदा प्रपत्र खुलने की तिथि** : 13.04.2026 को 16:00 बजे।

अन्य जानकार हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट **"www.ujvnl.com"** से डाउनलोड किये जा सकते है। निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेगी।

**अधिशासी अभियन्ता (वि0एवंयॉ0)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**सार्वजनिक सूचना**

भूमि/सम्पत्ति जिसका नगर पालिका संख्या 3. नया नगर निगम संख्या 6/3 स्थित चन्दर नगर, कुल क्षेत्रफल 137.33 वर्गमीटर जो विधिवत रूप से उप निबन्धक कार्यालय में वही संख्या जिल्द 1337 पृष्ठ 694 ए०डी०एफ० बुक नं० 1. जिल्द 1471 पृष्ठ 141 से 152 क्रमांक 1161 दिनांक 23.02.2005 विधिवत रूप से पंजीकृत थी,जोकि मेरे द्वारा उससे पूर्व श्री जितेन्द्र सिंह सेठी पुत्र श्री जोगेन्द्र सिंह सेठी निवासी 1 हरिद्वार रोड, देहरादून,उत्तराखण्ड, क्रय की गयी थी, जोकि वास्तव में घंटाघर से एस्लेहॉल देहरादून के बीच में कहीं खी गयी है ,जोकि काफी खोज बीन करने के उपरान्त भी नहीं मिल रही है। मेरे द्वारा उपरोक्त विक्रय पत्र किसी भी बैंक आदि में बंधक नहीं है और न ही किसी प्रकार का वाद-विवाद लंबित है। यदि रजिस्ट्री किसी को मिलती है तो संपर्क करें ।

**ए.एस.मक्कर (एडवोकेट)**,ऑफिस एवं रेजिडेंस 89 रेस कोर्स देहरादून-248001 मोबाइल नंबर 8859996999.

**यूजेवीएन लिमिटेड**

मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006

दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508

सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक-285 **निविदा सूचना** दिनांक- 09/04/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद-आर0 एण्ड आर0), लखवाड़ बहुद्देशीय परियोजना, यूजेवीएन लिमिटेड, डाकपत्थर (देहरादून), इच्छुक निविदादाताओं से पृथक एवं मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है-

**निविदा सं0-01/EE (Civil-R&R)/LMP/2026-27**

कार्य का नाम -विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी, देहरादून (पूल वाहन) हेतु 01 नग हल्का डीजल वाहन (महिन्द्रा मेक बोलेरो अथवा उच्च मॉडल) चालक सहित एक वर्ष के लिए किराये पर लगाने का कार्य।

**अनुमानित लागत**- रू04,56,250/-(जी.एस.टी. अतिरिक्त)

**बेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि** - 10.04.2026 को 11.00 बजे से

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि**-24.04.2026 को 16.00 बजे तक

अन्य विस्तृत जानकारी हेतु कृपया हमारी बेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाईट **www.ujvnl.com** से डाउनलोड किये जा सकते है।

**अधिशासी अभियन्ता (जानपद-आर0एण्डआर0)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

## कार्यालय जिला सहायक निबन्धक, सहकारी समितियां, उत्तराखण्ड, देहरादून

पत्रांक :115/निर्वा.प्रका./निर्वा.कार्य./2026-27 दिनांक 09.04.2026

**कार्यालय ज्ञाप**

उत्तराखण्ड राज्य सहकारी समिति निर्वाचन नियमावली, 2018 के नियम 31 में सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण को प्रदत शक्तियों के अन्तर्गत इस कार्यालय के आदेश पत्रांक 1138-45/वि०प्र०समि० निर्वा०अधि०/ सह.नि.प्रा./2025-26 दिनांक 28 फरवरी 2026 के द्वारा घोषित प्रदेश की निर्वाचन योग्य समस्त अन्य/विशेष प्रकार की प्राथमिक सहकारी समितियों के सामान्य निकाय का निर्वाचन दिनांक 15.04.2026 प्रबन्ध कमेटी के सदस्यों के निर्वाचन दिनांक 24.04.2026 एवं अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन दिनांक 25.04.2026 का निर्वाचन कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित किया जाता है-

**''निर्वाचन कार्यक्रम''**

1- सामान्य निकाय

| दिनांक | विवरण | स्थान | समय |
|---|---|---|---|
| 06.04.2026 | निर्वाचन कराये जाने की घोषणा एवं अनन्तिम मतदाता सूची का प्रदर्शन | समिति मुख्यालय | प्रात: 10:30 बजे |
| 07.04.2026 | अनन्तिम मतदाता सूची पर आपत्तियों का आमन्त्रण | समिति मुख्यालय | प्रात: 10 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक |
| 08.04.2026 | अनन्तिम मतदाता सूची पर प्राप्त आपत्तियों की सुनवाई तथा निराकरण | समिति मुख्यालय | प्रात: 10 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक |
| 08.04.2026 | अन्तिम मतदाता सूची का प्रदर्शन | समिति मुख्यालय | अपराह्न 3:00 बजे से |
| 09.04.2026 | नामांकन पत्रों की बिक्री तथा दाखिल करना | समिति मुख्यालय | प्रात: 10:00 बजे से सांय 3:00 बजे तक |
| 09.04.2026 | प्राप्त नामांकन पत्रों की सूची का प्रदर्शन | समिति मुख्यालय | अपराह्न 3:00 बजे से |
| 10.04.2026 | नामांकन पत्रों की जांच एवं आपत्तियां प्राप्त करना | समिति मुख्यालय | प्रात: 10:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक |
| 10.04.2026 | आपत्तियों का निराकरण | समिति मुख्यालय | अपराह्न 2:00 से 5:00 बजे तक |
| 10.04.2026 | वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रदर्शन | समिति मुख्यालय | सायं 5:00 बजे |
| 11.04.2026 | नामांकन पत्र वापसी | समिति मुख्यालय | प्रात: 10:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक |
| 11.04.2026 | अन्तिम वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रदर्शन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन | समिति मुख्यालय | अपराह्न 2:00 से |
| 15.04.2026 | मतगणना (यदि आवश्यक हुआ) | समिति मुख्यालय | प्रात: 9:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक |
| 15.04.2026 | मतगणना एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा | समिति मुख्यालय | मतदान समाप्त होने के तुरन्त पश्चात |

**2- प्रबन्ध कमेटी के सदस्यों हेतु**

| दिनांक | विवरण | स्थान | समय |
|---|---|---|---|
| 17.04.2026 | निर्वाचन कराये जाने की घोषणा एवं अनन्तिम मतदाता सूची का प्रदर्शन | समिति मुख्यालय | प्रात: 10:00 बजे |
| 17.04.2026 | अनन्तिम मतदाता सूची पर आपत्तियों का आमन्त्रण | समिति मुख्यालय | प्रात: 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक |
| 18.04.2026 | अनन्तिम मतदाता सूची पर प्राप्त आपत्तियों की सुनवाई तथा निराकरण | समिति मुख्यालय | प्रात: 10 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक |
| 18.04.2026 | अन्तिम मतदाता सूची का प्रदर्शन | समिति मुख्यालय | अपराह्न 3:00 बजे से |
| 20.04.2026 | नामांकन पत्रों की बिक्री तथा दाखिल करना | समिति मुख्यालय | प्रात: 10:00 बजे से सांय 3:00 बजे तक |
| 20.04.2026 | प्राप्त नामांकन पत्रों की सूची का प्रदर्शन | समिति मुख्यालय | अपराह्न 3:00 बजे से |
| 21.04.2026 | नामांकन पत्रों की जांच एवं आपत्तियां प्राप्त करना | समिति मुख्यालय | प्रात: 10:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक |
| 21.04.2026 | आपत्तियों का निराकरण | समिति मुख्यालय | अपराह्न 2:00 से 5:00 बजे तक |
| 21.04.2026 | वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रदर्शन | समिति मुख्यालय | सायं 5:00 बजे |
| 22.04.2026 | नामांकन पत्र वापसी | समिति मुख्यालय | प्रात: 10:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक |
| 22.04.2026 | अन्तिम वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रदर्शन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन | समिति मुख्यालय | अपराह्न 2:00 से |
| 24.04.2026 | मतदान (यदि आवश्यक हुआ) | समिति मुख्यालय | प्रात: 9:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक |
| 24.04.2026 | मतगणना एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा | समिति मुख्यालय | मतदान समाप्त होने के तुरन्त पश्चात |

**3- सभापति, उपसभापति एवं अन्य संस्थाओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों हेतु**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 25.04.2026 | सभापति, उपसभापति एवं अन्य संस्थाओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के नामांकन पत्रों की बिक्री एवं दाखिल करना | समिति मुख्यालय | प्रात: 9:00 बजे से 11:00 बजे तक |
| 25.04.2026 | प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच | समिति मुख्यालय | प्रात: 11:00 से अपराह्न 12:00 बजे तक |
| 25.04.2026 | नाम निर्देशन पत्रों का प्रदर्शन एवं आपत्तियां प्राप्त करना | समिति मुख्यालय | अपराह्न 12:00 से 12:30 बजे तक |
| 25.04.2026 | आपत्तियों का निराकरण | समिति मुख्यालय | अपराह्न 12:30 से 1:30 बजे तक |
| 25.04.2026 | नामांकन पत्र वापसी | समिति मुख्यालय | अपराह्न 2:00 से 3:00 बजे तक |
| 25.04.2026 | वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रदर्शन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन | समिति मुख्यालय | सायं 3:30 बजे |
| 25.04.2026 | मतदान (यदि आवश्यक हुआ) | समिति मुख्यालय | सायं 4:00 बजे से 5:00 बजे के मध्य |
| 25.04.2026 | मतगणना | समिति मुख्यालय | मतदान समाप्त होने के पश्चात तुरन्त |
| 25.04.2026 | निर्वाचन परिणाम घोषणा | समिति मुख्यालय | मतगणना के तुरन्त पश्चात |

**डॉ. बी.एस. मनराल**
**जिला सहायक निबन्धक**
**सहकारी समितियां उत्तराखण्ड**
**देहरादून**

**हंसा दत्त पाण्डे**
**अध्यक्ष**
**सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण**
**उत्तराखण्ड देहरादून**

# चारधाम यात्रा से पहले अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

## 100 से ज्यादा झोपड़ियां-खोखे ध्वस्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** चारधाम यात्रा को सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक अभियान चलाया। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन और सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान के नेतृत्व में गुरुवार को पंतद्वीप घाट और आसपास के क्षेत्रों में बड़ी कार्रवाई की गई।

नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से बने लगभग 100 से अधिक झोपड़ियों और खोखों को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान प्रशासन ने साफ चेतावनी दी कि भविष्य में इन स्थानों पर किसी भी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोबारा कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान ने बताया कि चारधाम यात्रा के दौरान हरिद्वार में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में सड़कों, फुटपाथ, पैदल मार्ग और गंगा घाटों पर अतिक्रमण होने से आवागमन प्रभावित होता है और श्रद्धालुओं को परेशानी झेलनी पड़ती है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए प्रशासन संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए हुए है और आगे भी अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। अभियान के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय लोगों और दुकानदारों से नियमों का पालन करने और शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने में सहयोग करने की अपील की। इस कार्रवाई में उप नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी, हरकी पौड़ी चौकी प्रभारी संजीत कंडारी, रोड़ी बेलवाला चौकी प्रभारी नवीन चौहान, मुख्य सफाई निरीक्षक संजय शर्मा, सफाई निरीक्षक धीरेंद्र सेमवाल समेत अन्य अधिकारी और भारी पुलिस बल मौजूद रहा।



# देवर-देवरानी ने जेठानी और बेटे को पीटा, मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सिडकुल थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते देवर और उसकी पत्नी द्वारा जेठानी व उसके बेटे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना में दोनों घायल हो गए। पुलिस को दी तहरीर में खालाटीरा निवासी महिला ने बताया कि उनके पति बाहर नौकरी करते हैं। इसी दौरान देवर और देवरानी उनसे रंजिश रखने लगे। पांच अप्रैल की सुबह उपलों को लेकर कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया। आरोप है कि दोनों ने गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गईं। बीच-बचाव करने आए उनके बेटे के साथ भी मारपीट की गई। घटना के बाद आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। थाना प्रभारी अजय शाह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# फर्जी हस्ताक्षरों से खाते संचालित कर लाखों का गबन, मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सिटी अस्पताल की फर्म में साझेदारी को लेकर लंबे समय से चल रहा विवाद एक बार फिर सामने आ गया है। एक डॉक्टर ने अपने ही साझेदारों पर फर्जी हस्ताक्षरों के जरिए बैंक खाते संचालित कर लाखों रुपये के गबन का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस को दी शिकायत में नया हरिद्वार कॉलोनी निवासी डॉ. सुमंतु विरमानी ने बताया कि वह वर्ष 2000 से सिटी अस्पताल की फर्म में विधिवत साझेदार हैं। वर्ष 2005 में फर्म का पुनर्गठन किया गया, जिसमें अन्य लोगों को भी साझेदार बनाया गया। आरोप है कि वर्ष 2015 में फर्म के नाम पर आईडीबीआई बैंक की चंद्राचार्य चौक शाखा में खाता खोलकर फर्जी हस्ताक्षरों के आधार पर संचालित किया गया। इसकी जानकारी उनसे छिपाई गई। वर्ष 2018 में उन्हें अवैध रूप से फर्म से बाहर कर दिया गया। इसके बाद आरोपियों ने पंजाब नेशनल बैंक में नया खाता खुलवाकर 10.81 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। पीड़ित के अनुसार, कई बार धनराशि वापस मांगने पर भी आरोपियों ने टालमटोल की। कानूनी नोटिस देने के बाद भी संतोषजनक जवाब नहीं मिला। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता से मारपीट, गर्भपात का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ क्रूरता का मामला सामने आया है। आरोप है कि ससुराल पक्ष की प्रताड़ना और मारपीट के कारण महिला का गर्भपात हो गया। पुलिस को दी शिकायत में गढ़मीरपुर निवासी महिला ने बताया कि उसका निकाह सितंबर 2023 में सहारनपुर निवासी युवक के साथ हुआ था। शादी में परिजनों ने लाखों रुपये खर्च कर दान-दहेज दिया, लेकिन इसके बावजूद ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं हुआ। आरोप है कि पति समेत अन्य ससुरालजन कार की मांग को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित करते रहे। कई बार मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। जनवरी 2024 में गर्भवती होने के दौरान मारपीट से गर्भ गिरने का आरोप है। फरवरी में भी उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। रानीपुर कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि मामला सहारनपुर से ट्रांसफर होकर आया है, जिस पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# हेमंता बिस्वा सरमा के बयान के विरोध में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** असम के मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा सर्मा की हालिया बयानबाजी के विरोध में बुधवार को युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। नवनिर्वाचित महानगर उपाध्यक्ष मयंक त्यागी के नेतृत्व में देवपुरा स्थित अग्रसेन चौक पर जुटे कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री द्वारा कांग्रेस नेताओं पर की गई टिप्पणियों को शर्मनाक बताया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि असम चुनाव में संभावित हार के डर से मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा सर्मा बौखलाहट में आकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और पवन खेड़ा के खिलाफ अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। महानगर उपाध्यक्ष मयंक त्यागी और नितिन तेश्वर ने कहा कि एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को इस तरह की भाषा शोभा नहीं देती और इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाध्यक्ष कैश खुराना और प्रदेश महासचिव दिव्यांश अग्रवाल ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब भी पार्टी चुनावी दबाव में आती है, उसके नेता अभद्र बयानबाजी करने लगते हैं। उन्होंने पवन खेड़ा द्वारा लगाए गए आरोपों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री की पत्नी से जुड़े विदेशी संपत्ति और पासपोर्ट मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग भी उठाई। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि आने वाले समय में असम में कांग्रेस की सरकार बनेगी। प्रदर्शन में शुभम जोशी, तुषार कपिल, वासु शर्मा, शुभम बर्मन, अनुराग अग्रवाल, राव आहद, अयान अंसारी, समीर सिद्दीकी, मोहित नेगी और यश शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# डीएम ने पुलिस वालीबॉल, सेपक टाकरा प्रतियोगिता का किया शुभारंभ



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** बृहस्पतिवार से शुरू हुई 24वीं उत्तराखण्ड अन्तर्जनपदीय वाहिनी पुलिस वालीबॉल, सेपक टाकरा प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथी जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने किया। एसएसपी नवनीत सिंह ने बुके देकर जिलाधिकारी का स्वागत किया। पुलिस लाइन रोशनाबाद में आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों की 14 टीम और 218 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। खिलाड़ियों ने शानदार मार्च पास किया। डीएम और एसएसपी ने खिलाड़ियों एवं टीम कोच की हौसला अफजाई करते हुए सभी खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करने व विजेता बनने की शुभकामनाएं दी।

# सड़क किनारे खड़े ट्रकों से बढ़ा खतरा, हादसे का मंडरा रहा साया

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बहादराबाद में पृथ्वीराज चौहान तिराहे से लेकर रघुनाथ मॉल तक सड़क के दोनों ओर भारी संख्या में ट्रक और डंपर खड़े किए जा रहे हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर पहले भी कई बार हादसे हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। यह मार्ग न केवल मुख्य राजमार्ग है, बल्कि इसके आसपास स्कूल, कॉलेज और अस्पताल भी स्थित हैं। दिनभर इस रास्ते पर भारी आवाजाही रहती है, जिसमें स्कूली बच्चे, मरीज और आम लोग शामिल होते हैं। ऐसे में सड़क किनारे खड़े भारी वाहन न केवल यातायात बाधित कर रहे हैं, बल्कि लोगों की जान के लिए भी खतरा बनते जा रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि कई बार प्रशासन से शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों के बीच यह चर्चा भी है कि आखिर प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कार्रवाई करने से क्यों बच रहा है। कुछ लोगों ने इसे प्रशासन की लापरवाही तो कुछ ने मिलीभगत तक करार दिया है। क्षेत्रवासियों की मांग है कि सड़क किनारे खड़े इन भारी वाहनों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाए और अवैध पार्किंग पर तत्काल रोक लगाई जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को टाला जा सके। सूचना पर पहुंचे ट्रैफिक इंस्पेक्टर मनोज जोशी ने पटरी पर खड़े ट्रको को हटवाया लेकिन जो ड्राइवर उपस्थित नहीं मिले उनके चालान काटे गए और हिदायत दी गई कि यदि उन्होंने अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग में खड़ा नहीं किया तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।



# दबंगों पर लगाया जमीन कब्जाने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जगजीतपुर राजा गार्डन निवासी चंदन सैनी ने प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता कर दबंगों पर जमीन कब्जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पत्रकारों को जानकारी देते हुए चंदन सैनी ने बताया कि 2020 में उन्होंने रायवाला में जमीन की रजिस्ट्री कराई थी। जमीन पर उनका कार्यालय भी बना हुआ है। चंदन सैनी ने बताया कि 1 अप्रैल को कुछ लोगों ने उन्हें सूचना दी कि तुम्हारी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। कुछ लोग गेट का ताला तोड़कर अंदर से सामान उठा रहे हैं। एक बैनर भी चस्पा किया जा रहा है। जिस पर कार्यालय भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मा गुरूंग लिखा हुआ है। सूचना मिलने पर जब वे मौके पर पहुंचे तो लक्ष्मी गुरुंग, हरपाल सैनी और सतपाल सैनी ने उनके साथ गाली गलौज की और डराने धमकाने लगे। जमीन को अपना बताकर लड़ाई झगड़े पर उतारू हो गए। धमकी देकर भाग जाने की बात कही। चंदन सैनी ने बताया कि उन्होंने रायवाला पुलिस को तहरीर देकर पुलिस प्रशासन से जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से जान माल की सुरक्षा और न्याय की गुहार लगाते हुए चंदन सैनी ने कहा कि जमीन को कब्जा मुक्त कराने के साथ दोषीयों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।




# निर्मल अखाड़े के संतों ने लगाया विद्यार्थियों व सेवादारों पर हमले का आरोप

## पुलिस प्रशासन से की दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल की एक्कड़ शाखा के संतों ने भूमाफियाओं पर अखाड़े के विद्यार्थियों और सेवादारों पर हमला कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। अखाड़े की एक्कड शाखा में पत्रकारों को जानकारी देते हुए मुकामी महंत संत हरी सिंह, संत गज्जन सिंह, संत निर्भय सिंह एवं संत वीर सिंह ने ग्राम इब्राहिमपुर स्थित अखाड़े की कृषि भूमि पर खेती का काम देखने गए अखाड़े के विद्यार्थियों और सेवादारों पर भूमाफियाओं द्वारा हमला कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाते हुए पुलिस प्रशासन से दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कि हमला करने वाले भूमाफिया के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गयी तो संत समाज के साथ बैठक कर आगे की रणनीति बनायी जाएगी। मुकामी महंत हरी सिंह ने बताया कि अखाड़े की इब्राहिमपुर गांव में बेशकीमती कृषि भूमि है। जिस पर क्षेत्र के भूमाफिया की गिद्ध दृष्टि लगी हुई है। राजनैतिक संरक्षण में भूमाफिया अखाड़े के खिलाफ साजिश और षड़यंत्र कर भूमि पर कब्जे का प्रयास करते रहते हैं। बुधवार को अखाड़े के विद्यार्थी और सेवादार कृषि भूमि की देखभाल करने गए थे। इसी दौरान कुछ भूमाफिया वहां आए और गाली गलौच करते हुए सेवादारों और विद्यार्थियों पर हमला कर दिया। जिसमें दो विद्यार्थी 16 वर्षीय गोविंद सिंह व 17 वर्षीय प्रिंस सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि पथरी थाने में हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी गयी है। पुलिस को जल्द से जल्द हमलावरों को गिरफ्तार कर जेल भेजना चाहिए। मुकामी महंत संत हरी सिंह ने बताया कि अखाड़े के अध्यक्ष श्रीमहंत ज्ञानदेव सिंह महाराज व कोठारी महंत जसविंदर सिंह महाराज संत सम्मेलन में भाग लेने के लिए नासिक गए हुए हैं। उन्हें भी घटना से अवगत करा दिया है। श्रीमहंत ज्ञानदेव सिंह व कोठारी महंत जसविंदर सिंह के वापस लौटने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।



# कोच पर लगा नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का आरोप, मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल थाना क्षेत्र में एक नामी स्कूल के तीरंदाजी कोच पर 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगा है। पीड़िता उसी स्कूल की छात्रा है, जहां आरोपी कोच छात्र-छात्राओं को तीरंदाजी का प्रशिक्षण देता था। आरोपी ने पीड़िता को कई महीने तक डरा कर रखा। वहीं, अब पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक कनखल क्षेत्र के एक नामी स्कूल के छात्र-छात्राओं को एक कोच तीरंदाजी सिखाता है। कनखल की एक छात्रा भी उससे तीरंदाजी सीख रही थी। आरोप है कि बीते अक्टूबर माह में छात्रा को डरा-धमकाते हुए कोच ने उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को इस बारे में बताने पर धमकी दी गई। जिससे छात्रा काफी महीनों तक तक चुप रही। अब छात्रा ने अपने परिजनों को अपने साथ हुई घटना बताई। छात्रा के पिता ने कनखल थाने में तहरीर देकर आरोपी कोच पवन निवासी जगजीतपुर, कनखल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बताया गया है कि आरोपी मूलरूप से हरियाणा का रहने वाला है। वहीं, इंस्पेक्टर कनखल देवेंद्र रावत ने बताया कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता का मेडिकल कराते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सटोरिया दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** एसएसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे "ऑपरेशन प्रहार" के तहत कोतवाली रानीपुर पुलिस ने सट्टा खेलते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम दादूपुर गोविंदपुर में ट्रांसफार्मर के पास खाली मैदान में एक व्यक्ति अवैध जुआ-सट्टा संचालित कर रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को रंगे हाथों दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सद्दाम अली पुत्र रिजवान अली निवासी दादूपुर गोविंदपुर, रानीपुर के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से सट्टा पर्ची, पेन और 1220 रुपये नगद बरामद हुए। कोतवाली रानीपुर प्रभारी निरीक्षक मनोहर भंडारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम में का. सुमन डोभाल व का. कुलदीप सिंह शामिल रहे।

# मोर पकड़ने पर विवाद, मारपीट का मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र के गांव एककड कला निवासी एक व्यक्ति को अखाड़े के बाग से मोर पकड़ना महंगा पड़ गया। अखाड़े के विद्यार्थी की तहरीर पर व्यक्ति के खिलाफ मारपीट करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच कर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस के अनुसार ग्राम एककड कला स्थित पंचायती अखाड़े के एक विद्यार्थी गोविंद सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव का ही रहने वाला एक व्यक्ति काला पुत्र सकील अपने कुछ साथियों के साथ नशे में बागीचे के अंदर आया जिसने वहां पहले से मोर को पकड़ने के लिये फन्दी लगाई हुई थी। आरोप है कि हमने उन्हें ऐसा करने से मना किया तो काला ने अपने साथियों के साथ हमारे साथ मारपीट की और गंदी गंदी गालिया देते हुए किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले में अखाड़े के विधायथियों की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने काला व उसकव अन्य साथी के खिलाफ सम्बंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# ईमानदारी व निष्ठा से करें पत्रकारिता : चौधरी

## प्रेस क्लब में जल्द शुरू होगी नए सदस्य बनाने की प्रक्रिया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** प्रेस क्लब कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने विभिन्न मीडिया संस्थानों से जुड़े नॉन प्रेस क्लब मेंबर के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में पत्रकारिता क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर प्रमुखता से चर्चा की गई। इस दौरान नॉन प्रेस क्लब मेंबरों के प्रतिनिधि मंडल ने अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी को ज्ञापन और बुके देकर प्रैस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी और प्रेस क्लब में सदस्य बनाए जाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में सतीश गुजराल, पुलकित शुक्ला, करण खुराना, सचिन कुमार, सुमित यश कल्याण सहित कई पत्रकार शामिल रहे। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी ने कहा कि ईमानदारी और निष्ठा से पत्रकारिता करें। मतभेद एवं विवादों से बचें। उन्होंने कहा कि प्रैस क्लब ईमानदारी से पत्रकारिता कर रहे सभी पत्रकारों का सम्मान करता है। इसलिए प्रेस क्लब की गरिमा का ध्यान रखना सभी पत्रकारों का दायित्व है। उन्होंने जल्द ही प्रेस क्लब की सदस्यता शुरू करने का आश्वासन भी पत्रकारों को दिया। प्रैस क्लब महामंत्री सूर्यकांत बेलवाल, वरिष्ठ पत्रकार दीपक मिश्रा, बालकृष्ण शास्त्री, देवेंद्र शर्मा, महताब आलम, जोगेंद्र मावी, काशीराम सैनी, कुमकुम शर्मा, कुलभूषण शर्मा, विकास चौहान ने भी विचार रखे। बैठक में हरीश, अमरीश कुमार, राजकुमार पाल, सचिन सैनी, जहांगीर मलिक, गणेश वैद, सोनू, वैभव भाटिया, गौरव रसिक, अरूण कश्यप, चंद्रशेखर गोस्वामी, शिप्रा अग्रवाल, सचिन पालीवाल, विशाल गोस्वामी, सुधि गुप्ता, प्रवीण पेगवाल, विकास, सुमेश खत्री, दिव्यांश शर्मा सहित कई नॉन प्रेस क्लब मेंबर मौजूद रहे।



# कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** थाना क्षेत्र की पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक बहादराबाद के नेतृत्व में क्षेत्र में लगातार गश्त और निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में 8 अप्रैल को पुलिस टीम ने पुराना पथरी पावर हाउस क्षेत्र से एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया।

तलाशी के दौरान उसके पास से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सन्नी पुत्र किशोरी, निवासी काली माता तिराहा, कोतवाली बहादराबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस टी में कां. वीरेन्द्र सिंह, कां मुकेश नेगी शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी व्यवहारी श्रीमती अंजू पत्नी श्री सुभाष, निवासी 637 बड़ा कुआं, ग्राम बसेडा, जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश हाल निवासी विकास नगर, फेज-2 ग्राम सलेमपुर महदूद सिडकुल हरिद्वार की एक संपत्ति जिसका क्षेत्रफल 685 वर्गमीटर और खसरा नंबर 164म है जो स्थित विकास नगर फेस-2, ग्राम सलेमपुर महदूद-द्वितीय, परगना रूड़की, तहसील व जिला हरिद्वार है से संबंधित एक पिछला/पुराना असल विक्रय पत्र जो दिनांकित 23/04/2022 को उप निबंधक कार्यालय हरिद्वार में पंजीकृत है जिसका बही नं० 1, जिल्द 5779, पृष्ठ 155 से 180 दस्तावेज नंबर 3178 है। यह असल विक्रय पत्र वास्तव में कहीं खो गया है जो काफी तलाशने के बाद भी नहीं मिल रहा है। इस बाबत श्रीमती अंजू की ओर से पुलिस में गुमशुदगी दर्ज करायी गयी है। उक्त वर्णित असल विक्रय पत्र को किसी व्यक्ति/ वित्तीय संस्थान/बैंक/न्यायालय में बंधक नहीं रखा गया है और ना ही कोई भी दुरूपयोग किया गया है। यदि उक्त वर्णित असल विक्रय पत्र के बाबत किसी को भी कोई आपत्ति/दावा हो तो अद्योहस्ताक्षरी को सात दिन के अंदर सूचित करें सात दिनों के बाद भी प्रकार की आपत्ति/दावे पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। कुलदीप कुमार, अधिवक्ता, शॉप नंबर-46 प्रथम तल, जिला परिषद मार्केट, ज्वालापुर, तहसील हरिद्वार, संपर्क- 8077706127, 9259564867

# फर्जी पहचान पर भारत में रह रही बांग्लादेशी महिला को साथी सहित किया गिरफ्तार

## एसएसपी नवनीत सिंह की मॉनिटरिंग में ज्वालापुर पुलिस व एलआईयू को संयुक्त कार्रवाई में मिली सफलता

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जनपद में चल रहे "ऑपरेशन प्रहार" के तहत ज्वालापुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी दस्तावेजों के सहारे भारत में अवैध रूप से रह रही बांग्लादेशी महिला को दबोच लिया। पुलिस ने इस पूरे फर्जीवाड़े में शामिल उसके मददगार को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने रोशनाबाद स्थित पुलिस कार्यालय में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत 8 अप्रैल को कोतवाली ज्वालापुर पुलिस और एलआईयू की संयुक्त टीम ने वैष्णवी एन्क्लेव, रामानंद कॉलेज के पास संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर महिला को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान महिला ने पहले खुद को "स्वीटी" बताया लेकिन पुलिस की सख्ती के आगे उसका झूठ ज्यादा देर टिक नहीं सका। उसने अपनी असली पहचान सहेला बेगम निवासी कुमीला (बांग्लादेश) बताई। तलाशी में उसके पास से बांग्लादेश का पासपोर्ट और नेशनल आईडी कार्ड बरामद हुआ, जिससे उसकी असलियत सामने आ गई। जांच में खुलासा हुआ कि वर्ष 2023 में सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में आए श्यामदास के नेटवर्क के माध्यम से वह भारत में दाखिल हुई थी। वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी वह अवैध रूप से दिल्ली और फिर हरिद्वार में छिपकर रह रही थी। इस दौरान उसने बाकायदा फर्जी भारतीय पहचान तैयार कर ली जिसमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, भारतीय पासपोर्ट और यहां तक कि मैरिज सर्टिफिकेट भी शामिल हैं। वहीं, कोतवाली ज्वालापुर प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि दस्तावेजों के सत्यापन में यह साफ हो गया कि यह कोई मामूली मामला नहीं, बल्कि एक सुनियोजित फर्जीवाड़ा है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश में जुट गई है। पुलिस ने आरोपी श्यामदास निवासी बिलासपुर, छत्तीसगढ़ को भी गिरफ्तार कर लिया है, जिसने महिला को शरण देने के साथ फर्जी दस्तावेज तैयार कराने में अहम भूमिका निभाई। दोनों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। आरोपियों के पास से फर्जी भारतीय पासपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मैरिज सर्टिफिकेट समेत कई दस्तावेज बरामद हुए हैं। साथ ही बांग्लादेश का असली पासपोर्ट और नेशनल आईडी भी कब्जे में लिया गया है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान सिंह अधिकारी, चौकी प्रभारी बाजार उप निरीक्षक अंशुल अग्रवाल, महिला उप निरीक्षक सोनल रावत, कांस्टेबल मनोज डोभाल, देवेंद्र कुमार व एलआईयू टीम में उप निरीक्षक सुरेश शाह व हेड कांस्टेबल मंशा राम शामिल रहे।




# कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार को सफल बनाने के लिए नशा मुक्त अभियान में अवैध शराब, स्मैक, चरस, गांजा, नशीली दवाई एव इंजेक्शन आदि तस्करों के खिलाफ चलाए गए अभियान में बुधवार को चैकिंग के दौरान भट्टीपुर जाने वाली सड़क से एक व्यक्ति को दस लीटर अवैध कच्ची के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सुरेश कुमार पुत्र जगराम निवासी टाडा महतोली कोतवाली लक्सर बताया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में एक आरोपी को दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया है। आगे भी नशे के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## सूचना

मेरे व्यवहारी सुमित कुमार पुत्र सुनील कुमार की सम्पत्ति मुतालिका चक नं0 1274 गाटा नं0 2387, स्थित ग्राम मंगलोर बाहर हादूद परगना मंगलोर तहसील रूडकी जिला हरिद्वार का पुराना असल बैनामा जो की मोहम्मद नजमूल व मोहम्मद शमशुल इस्लाम ने प्रदीप कुमार के हक मे किया था जो बही नं0-1 जिल्द नं0-1055, पृष्ठ नं0-129-154, क्रमांक नं0-829 दिनांक 07/02/2011 पर पंजीकृत है कही खो गये है व सुमित कुमार पुत्र सुनील कुमार पीरामल फाईनेंस लि० से लोन लेने की इच्छुक है यदि किसी को यह दस्तावेज मिलता है या किसी को कोई आपत्ति हो, तो कृप्या 7 दिन के अंदर सम्पर्क करे, उसके बाद इसका प्रयोग अमान्य होगा विरेन्द्र सिंह एडवोकेट, चैंबर नंबर 27, तहसील रूड़की मो0 नं0 9412073170

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**

ब्यूरो चीफ

**शाह टाइम्स हरिद्वार**

कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार

मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# पुलिस ने एक अपराधी को किया तड़ीपार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** जिलाधिकारी के आदेश पर गुण्डा अधिनियम के तहत एक आदतन अपराधी को विकासनगर पुलिस ने किया तड़ीपार। पुलिस द्वारा आरोपी को डाकपत्थर बैराज के निकट 'खोदरी बॉर्डर हिमाचल प्रदेश पर ले जाकर किया जनपद की सीमा से बाहर। पुलिस ने निर्धारित अवधि तक जनपद की सीमा में कदम न रखने की दी हिदायत।

एसएसपी देहरादून द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में आदतन/अभ्यस्त अपराधियों के विरूद्व प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके क्रम में कोतवाली विकासनगर द्वारा 1 अभियुक्त को गुण्डा एक्ट के तहत जिला बदर किया गया। कोतवाली विकासनगर क्षेत्रान्तर्गत आरोपी जावेद उर्फ अण्डा पुत्र स्व0 अली अहन निवासी जीवनगढ़ कोतवाली विकासनगर एक आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध नकब. जनी, चोरी ,शस्त्र अधिनियम से सम्बन्धित अभियोग पंजीकृत हैं। आरोपी को जिला बदर करने हेतु उसके विरूद्व धारा 3(1) गुण्डा अधिनियम के तहत रिपोर्ट तैयार कर जिला मजिस्ट्रेट देहरादून को प्रेषित की गयी थी तथा उक्त रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए जिला मजिस्ट्रेट देहरादून द्वारा आरोपी को 6 माह के लिए जिला बदर किये जाने सम्बन्धित आदेश निर्गत किये गये। प्राप्त आदेश के अनुपालन में आज गुरूवार को पुलिस द्वारा जावेद उर्फ अण्डा पुत्र स्व0 अली अहन निवासी जीवनगढ कोतवाली विक. ासनगर को जनपद की सीमा डाकपत्थर बैराज से बाहर थाना क्षेत्र खोदरी बार्डर हिमाचल प्रदेश में छोड़ा गया तथा 6 माह की अवधि तक जनपद की सीमा में प्रवेश न करने की सख्त हिदायत दी गयी। उक्त कार्रवाई के संबंध में हिमाचल प्रदेश पुलिस को आरोपी के आप. राधिक इतिहास एवं जिला बदर किए जाने के विषय में अवगत कराया गया।




■ अपराधी के खिलाफ नकबजनी, चोरी, शस्त्र अधिनियम में दर्ज हैं मुकदमें

## मूलभूत समस्याओं को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**बागेश्वर।** ग्राम पंचायत वाछम की विभिन्न मूलभूत समस्याओं को लेकर ग्राम प्रधान दिनेश सिंह दानू के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपा। बृहस्पतिवार को कपकोट विकास खंड के वाछम से बड़ी संख्या में ग्रामीण जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और 7 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि सरनी उच्च प्राथमिक विद्यालय में वर्तमान में 68 बच्चे अध्ययनरत हैं, लेकिन विद्यालय के उच्चीकरण की आवश्यकता है, ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो सके। ग्रामीणों ने रिखाड़ी-वाछम मोटर मार्ग को जातोली गांव तक विस्तारित करने की मांग उठाई। उनका कहना है कि सड़क सुविधा के अभाव में आज भी ग्रामीणों को 13 किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है।

# पूर्व प्रधानाचार्य डा. सैनी ने प्रख्यात पत्रकार रूबिका लियाकत से की शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** राष्ट्रीय चरित्र निर्माण अभियान के निदेशक एवं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य, श्री गुरु राम राय इंटर कॉलेज, सहसपुर जिला देहरादून के डॉ. रवीन्द्र कुमार सैनी ने प्रख्यात पत्रकार रूबिका लियाकत से उनके नोएडा स्थित न्यूज18 इंडिया के स्टूडियो में साक्षात भेंट की।

इस अवसर पर रूबिका लियाकत)द्वारा उनकी कलाई पर राखी बांधना केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि स्नेह, सम्मान एवं आत्मीयता का अद्वितीय प्रतीक बन गया। डॉ. सैनी ने कहा कि रूबिका लियाकत अपनी निर्भीक पत्रकारिता, स्पष्ट विचारधारा एवं राष्ट्रहित के प्रति समर्पण के माध्यम से देशभर में जनजागरण का कार्य कर रही हैं। उनके विचार न केवल प्रेरणादायी हैं, बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करने वाले भी हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि यह भेंट सहज नहीं थी, किन्तु सच्चे संकल्प एवं पवित्र भावनाओं के साथ किया गया प्रयास सदैव सफल होता है। यह मिलन उनके लिए केवल एक औपचारिक मुलाकात नहीं, बल्कि राष्ट्रभावना, प्रेरणा और सम्मान से परिपूर्ण एक दिव्य अनुभव रहा। डॉ. सैनी ने इस अवसर को अपने जीवन की अमूल्य स्मृतियों में सम्मिलित करते हुए इसे राष्ट्रसेवा की प्रेरणा का सशक्त स्रोत बताया।



## प्रभावितों को समयबद्ध मुआवजा देने को प्रशासन सक्रिय

**अल्मोड़ा।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 309 ए के कनगाड़छीना से अल्मोड़ा खंड पर दो लेन चौड़ीकरण के तहत अधिग्रहीत भूमि के प्रभावितों को पारदर्शी व समयबद्ध मुआवजा देने के लिए जिला प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है। अपर जिलाधिकारी युक्ता मिश्र ने बताया कि 18 ग्रामों के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं, जो गांव-गांव जाकर प्रभावित काश्तक. ारों का सत्यापन करेंगी। साथ ही बैंक पासबुक, आधार, पैन, भूमि अभिलेख व फोटो सहित जरूरी दस्तावेज जुटाए जाएंगे। बताया कि प्रशासन ने ग्रामवार रोस्टर जारी कर निर्धारित तिथियों पर कैंप लगाने की व्यवस्था की है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि मौके पर पहुंचकर प्रक्रिया पूर्ण करें, ताकि ग्रामीणों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

# स्वच्छता सप्ताह: नगर निगम देहरादून ने कई स्थानों पर चलाया सफाई अभियान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** नगर निगम देहरादून की और से शहरी विकास निदेशालय, उत्तराखण्ड के निर्देशानुसार संचा. लित "स्वच्छता सप्ताह" अभियान के तृतीय दिवस गुरुवार को शहर के विभिन्न स्थलों पर व्यापक स्वच्छता एवं जन-जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

अभियान के अंतर्गत स्वतंत्रता सेनानी पार्कों, स्मारकों, प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक/सामुदायिक शौचालय (सीटी/पीटी), विभिन्न ट्रांसपोर्ट हब्स (जैसे आईएसबीटी एवं रेलवे स्टेशन) सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तिलक पार्क, केदार पार्क, शहीद पार्क, आईएसबीटी, देहरादून रेलवे स्टेशन, गांधी पार्क, एम.डी.डी.ए पार्क, डिफेंस कॉलोनी पार्क सहित विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता कार्य एवं जनजागरूकता गतिविधियाँ सफलतापूर्वक संपन्न की गईं।

इसके अतिरिक्त, वार्ड 21 स्थित पं. दीनदयाल पार्क में एक विशेष महाभियान का आयोजन किया गया, जिसमें नगर निगम के महापौर सौरभ थपलियाल, नगर आयुक्त नमामि बंसल, पार्षद रोहन चंदेल , सहायक नगर आयुक्त राजबीर सिंह चौहान , समस्त मुख्य सफाई निरीक्षक/सफाई निरीक्षक, नव-नियुक्त 10 सफाई निरीक्षक एवं सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर "अटल निर्मल नगर पुरस्कार योजना" के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले 3 सफाई कर्मियों अंजु , कल्प व सोनू को को 10,000/- (प्रत्येक) की धनराशि देकर सम्मानित किया गया।



■ महापौर सौरभ थपलियाल, पार्षद,नगर आयुक्त नमामि बंसल व सहायक नगर आयुक्त राजबीर चौहान रहे मौजूद

इस पहल का उद्देश्य स्वच्छता कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मियों को प्रोत्साहित करना एवं अन्य कर्मचारियों को प्रेरित करना है।

नगर निगम देहरादून द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान "स्वेच्छा से स्वच्छता ख्र महा अभियान" थीम के अंतर्गत जनभागीदारी को बढ़ावा देने, स्रोत पर कूड़ा पृथक्करण को प्रोत्साहित करने तथा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

नगर निगम देहरादून समस्त नागरिकों से अपील करता है कि वे स्वच्छता सप्ताह के इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें एवं शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें।

## विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर आयोजित हुआ 'श्री णमोकार महामंत्र पाठ'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** श्री दिगम्बर जैन मंदिर, विकासनगर में 'विश्व नवकार महामंत्र दिवस' के उपलक्ष में 'श्री णमोकार महामंत्र पाठ' का आयोजन बहुत श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन द्वारा आहूत एवं श्री दि. जैन समाज विक. ासनगर द्वारा, विश्व शांति एवं सद्भावना के दृष्टिगत आयोजित यह कार्यक्रम आज प्रात: प्रारंभ होकर 9 बजे के करीब पूर्ण हुआ। 48 मिनट चले पाठ में समाज के अनेकों पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों ने भाग लिया। आयोजन में अध्यक्ष विपिन कुमार जैन, महामंत्री राज कुमार जैन, कोषाध्यक्ष नवनीत जैन, अनिल चन्द्र जैन, सतीश जैन, अनिल कुमार जैन, संजीव जैन, संदीप जैन, सुदीप जैन, राजीव जैन, प्रवीण जैन, प्रदीप जैन, सार्थक जैन, प्रवेश गुप्ता, सुरेश चन्द जैन, विजय जैन, कंवरपाल जैन, वंदना जैन, सुशीला जैन, रीना जैन, दीपाली जैन, सुरभि जैन, अंजलि जैन, आभा जैन, गीता जैन, भावना जैन, रश्मि जैन, सुनीता जैन, रंजना जैन, कुमकुम जैन, रुचि जैन, अरविंद जैन, अखिल जैन, दीपक जैन सहित अनेकों श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।



# बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डाकपत्थर में "वैज्ञानिक अनुसंधान एवं तकनीकी प्रगति में बौद्धिक संपदा अधिकार" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के बौद्धिक संपदा प्रकोष्ठ एवं रसायन विज्ञान विभाग द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों के करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. (डॉ.) गोविंद सिंह राजवार, कुलपति, स्पर्श हिमालय विश्वविद्यालय, देहरादून तथा मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. (डॉ.) बीना जोशी, विभागाध्यक्ष रसायन विज्ञान विभाग, हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डी. एस. नेगी का संरक्षण प्राप्त हुआ, जबकि कार्यशाला के संयोजक डॉ. एएम पैन्यूली एवं डॉ. रोहित वर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में बौद्धिक संपदा अधिकारों की जानकारी वैज्ञानिक शोध, नवाचार और तकनीकी उन्नति के लिए अत्यंत आवश्यक है। शोध कार्यों, आविष्कारों तथा मौलिक विचारों की सुरक्षा के लिए इस विषय की समझ विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है। वक्ताओं ने यह भी कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ अकादमिक जगत में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ शोध संस्कृति को भी सुदृढ़ करती हैं। कार्यक्रम का संचालन डा. राजकुमारी भंडारी चौहान व डा. आराधना भंडारी ने किया।

इस अवसर पर डॉ. दीपक भट्ट , डॉ. कमल कुमार बिष्ट तथा डॉ. आशीष रतूड़ी, भगवती प्रसाद कोठियाल, अजय मोहन, अनमोल पैन्यूली, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ राधेश्याम गंगवार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।




## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**काशीपुर।** कुंडा कोतवाली क्षेत्र में शादी का झांसा देकर एक युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने तेजी दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली प्रभारी विक्रम सिंह राठौड़ ने बताया कि नाबालिग के साथ दुष्कर्म की तहरीर प्राप्त हुई थी, जिस पर पुलिस द्वारा तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। बताया कि बीती 7 अप्रैल को पीड़िता के परिजनों की ओर से थाना कुंडा में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि 31 मार्च 2026 को जिवेश सिंह पुत्र सुन्दर सिंह, निवासी अहरपुरा महुआखेड़ागंज थाना आईटीआई, जिला ऊधम सिंह नगर ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना उपरांत तत्परता से आरोपी की तलाश शुरू की थी।

# विकासनगर पुलिस को वाहन चेकिंग में बड़ा प्रहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** कोतवाली विकासनगर का 'वाहन चौकिंग में एक और प्रहार' 'शराब पीकर वाहन चलाने वाले 2 वाहन चालक गिरफ्तार, पुलिस ने वाहन किए सीज।

विकासनगर पुलिस द्वारा बीती देर रात्रि को विकासनगर क्षेत्रान्तर्गत दौराने चेकिंग वाहन चालक दिपांशु चौहान पुत्र अजीत चौहान निवासी मोहननगर गाजियाबाद उ0प्र0 अपने वाहन कार को तथा साहिल शर्मा पुत्र मुकेश शर्मा निवासी सेक्टर 15 रोहिणी दिल्ली द्वारा अपने वाहन स्कोर्पियो को शराब पीकर संचा. लित करते पाये जाने पर वाहन चालकों मौके से ही धारा 185 मोटर अधिनियम में गिरफ्तार कर वाहनो को सीज किया गया। एक स्कोर्पियो चालक द्वारा वाहन को 45000 कि0मी0 चलाने पर भी वाहन का रजिस्ट्रेशन न करने पर वाहन को सीज किया गया। चौकिगं कार्यवाही मे पुलिस द्वारा 4 वाहन सीज, 7 न्यायालय चालान मोटर अधिनियम तथा 4 संदिग्धों का धारा 81 पुलिस अधिनियम में चालान किया गया। पुलिस की चौकिंग कार्यवाही लगातार जारी है।



■ शराब पीकर वाहन चलाने वाले दो वाहन चालक गिरफ्तार, पुलिस ने वाहनों को किया सीज

# 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत विकासनगर पुलिस की चेकिंग का दिखा असर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** ऑपरेशन प्रहार के तहत विकासनगर पुलिस की सघन चेकिंग का दिखा असर। एक युवक को यूपी की लाइसेंसी रिवाल्वर को बिना अनुमति के उत्तराखंड की सीमा में लाना भारी पड़ गया। पुलिस ने लाइसेंसी रिवाल्वर को जब्त करते हुए युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

कोतवाली विकासनगर क्षेत्रान्तर्गत पुलिस टीम द्वारा रात्रि में चलाये जा रहे चौकिंग अभियान के दौरान वेदांश चौक के पास एक स्कार्पियां कार संख्या यू0पी0-11-डीए-0025 को चौक किया गया तो वाहन में सवार व्यक्ति अमित थापा पुत्र पदम सिंह निवासी हाउस नं0 डी-1 मिशन कम्पाउंड थाना सदर बाजार, जिला सहारनपुर, यूपी के कब्जे से एक लाईसेन्सी रिवाल्वर. बरामद हुआ, जिसका सीमा क्षेत्र जनपद सहारनपुर यूपी था किन्तु वाहन सवार अमित थापा द्वारा उक्त लाईसेंसी रिवाल्वर को बिना किसी वैध अनुमति के अपने साथ लेकर अनावश्यक रुप से अपने 6-7 अन्य साथियों के साथ घूम रहे थे। जिनसे पूछताछ करने पर वे विकासनगर आने का कोई वैध कारण नहीं बता पाये।

लाइसेंसी रिवाल्वर को बिना वैध आधिकारिक अनुमति के नियम विरुद्ध तरीके से सीमा क्षेत्र से बाहर लेकर घूमने पर पुलिस द्वारा मौके से लाइसेंसी रिवाल्वर को जब्त करते हुए युवक अमित थापा को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया गया। युवक के विरूद्ध थाना विकासनगर पर धारा 30 आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने युवक के वाहन को मोटर अधिनियम में सीज करते हुए वाहन में सवार अन्य व्यक्तियों का सत्यापन कर धारा 81 पुलिस अधिनियम में चालान किया गया।

■ अवैध तरीके से रिवाल्वर लेकर घूम रहा आरोपी गिरफ्तार

## महिला के गले से चेन छीनने वाला गिरफ्तार, वाहन सीज

**विकासनगर।** कोतवाली विकासनगर पुलिस ने थाना क्षेत्र में महिला के गले से चेन छीनने का प्रयास करने वाला व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त वाहन को सीज कर दिया। बीते रोज ऋषभ पुत्र स्काईलेब निवासी 168/2 खुडबुडा मोहल्ला थाना कोतवाली नगर ने शिकायत दर्ज करायी कि मैं अपनी पत्नी को लेकर पोंटा साहिब हिमाचल प्रदेश से वापस आ रहा था किन्तु रास्ते में दो अज्ञात लड़कों द्वारा अपनी मोटर साइकिल संख्या डीएल 3एस इएन 9798 से हमारा पीछा किया गया तथा मेरे पीछे बैठी मेरी पत्नी के गले में पहनी सोने की चेन को छीनने का प्रयास किया गया। जिनमें से एक व्यक्ति को हमारे द्वारा पकड लिया तथा एक फरार हो गया तथा शिकायतकर्ता द्वारा मौके से पकड़े गये व्यक्ति को पुलिस के सुपुर्द किया गया। पकडे गये व्यक्ति द्वारा अपना नाम आसिक पुत्र जाबिर निवासी हरिपुर कालसी थाना कालसी बताया। शिकायतकर्ता की शिकायत पर थाना विकासनगर में आरोपी आसिक पुत्र जाबिर निवासी हरिपुर कालसी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया। घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल संख्या डीएल 3एस इएन 9798 को सीज किया गया। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुट गई।

## उद्यमिता योजना और विभिन्न आयामों पर हुई चर्चा

**अल्मोड़ा।** राजकीय महाविद्यालय भतरौंजखान में गुरुवार को उद्यमिता विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उत्तराखंड में उद्यमिता के विस्तार क्षेत्र एवं संभावनाएं को लेकर चर्चा की गई।

**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि श्रीमती नाहिद अख्तर, पत्नी डॉ. जावेद अनवर, निवासी 178 बल्लूपुर रोड, जिला देहरादून, निम्नलिखित संपत्ति की स्वामी थीं। वह समस्त संपत्ति जिसमें खाता संख्या 548 फसली वर्ष 1394 से 1399, खसरा संख्या 100 वाली भूमि शामिल है, जिसका क्षेत्रफल 124.65 वर्ग मीटर है, और जिस पर निर्मित क्षेत्र (built up area) 74.13 वर्ग मीटर है यह संपत्ति मौजा कांवली, परगना पछवादून, जिला देहरादून में स्थित है। मूल मुख्तारनामा (Power of Attorney), जो उप-रजिस्ट्रार कार्यालय, देहरादून में दिनांक 21.01.2010 को बुक संख्या 4, खंड 311, पृष्ठ 343 से 352 पर दस्तावेज संख्या 74 के रूप में विधिवत पंजीकृत है, और मूल विक्रय विलेख (Sale Deed) का प्रथम पृष्ठ, जो उप-रजिस्ट्रार कार्यालय, देहरादून में दिनांक 19.04.2010 को पुस्तक संख्या 1, खंड 3080, पृष्ठ 1 से 18 पर दस्तावेज संख्या 2793 के रूप में विधिवत पंजीकृत है, खो गए हैं / गुम हो गए हैं। कोई भी व्यक्ति जिसका उक्त लेनदेन /संपत्ति के विरुद्ध या उसके संबंध में कोई दावा या आपत्ति हो, वह इस सूचना की तिथि से 7 दिनों के भीतर पैनल अधिवक्ता: - आलोक पुंडीर (मोबाइल नंबर 9412054582, चौंबर संख्या 1 और 2, जिला सहकारी बैंक लेन, जिला न्यायालय, देहराद. न) को लिखित या मौखिक रूप से सूचित कर सकता है, अन्यथा, यदि कोई दावा है, तो उसे त्यागा हुआ / अमान्य माना जाएगा।

**आवेदक**
**श्रीमती नाहिद अख्तर,**
**पत्नी डॉ. जावेद अनवर,**
**निवासी 178 बल्लूपुर रोड,**
**जिला देहरादून**

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांक-291 **निविदा तिथि विस्तार सूचना** दिनांक- 09/04/2026

अपरिहार्य कारणों से निविदा सं0.14/यूजेवीएनलि0/अ(अनुएवंउ0)/ केपीएस/ 2025-26: कुल्हाल विद्युतगृह के विभिन्न कार्यालयों के लिए विभिन्न प्रकार की केनन कंपनी की प्रिंटर कार्टिज की खरीद के सम्बन्ध में खोलने एवं जमा करने की तिथियां निम्नवत विस्तारित की जाती है-
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि** : 16.04.2026, 15.00 बजे तक
**निविदा खोलने की तिथि:** 17.04.2026, 15.00 बजे
निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाईट www.ujvnl.com से डाउनलोड किये जा सकते है।
**अधिशासी अभियन्ता(अनु0 एवं उ0), कुल्हाल**
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र का नाम हैतविक सिंह से बदलकर कुशाग्र प्रताप सिंह (KUSHAGRA PRATAP SINGH) कर दिया है। भविष्य मे मेरे पुत्र को कुशाग्र प्रताप सिंह (KUSHAGRA PRATAP SINGH) के नाम से जाना, पहचाना व आधार कार्ड सहित सभी दस्तावेजों में अंकित किया जाये।

**श्री सन्नी सिंह**
**पुत्र श्री राज बहादुर सिंह**
**निवासी-मिल कॉलोनी,**
**कुडकावाला डोईवाला देहरादून**
**उत्तराखण्ड**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग**

पत्रांक :14/कर अनु. /2026-27 दिनांक : 08.04.2026

**( सार्वजनिक सूचना )**

सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग क्षेत्रार्न्तगत विज्ञापन, होर्डिंग, बैनर इत्यादि प्रचार-प्रसार सामग्री स्थापित करने हेतु नगर पालिका कार्यालय रूद्रप्रयाग में निर्धारित शुल्क जमा कर अनुमति प्राप्त की जा सकती है, बिना अनुमति के उपरोक्त सामग्री नगर पालिका रूद्रप्रयाग क्षेत्रार्न्तगत स्थापित करने पर नगर पालिका अधिनियम-1916 की सुसंगत धाराओं के तहत कार्यवाही की जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**रूद्रप्रयाग**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**रूद्रप्रयाग**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., उत्तरकाशी**

पत्रांक 665 / निविदा दिनांक 09.04.2026

**ई-निविदा सूचना (e-Tendring)**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो.नि.वि., उत्तरकाशी द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-निविदा द्वारा सिंगल बिड सिस्टम द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचनायें https://www.uktenders.gov पद पर दिनांक 16.04.2026 को सांय 15:00 बजे से उपलब्ध होगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता अवधि | ठेकेदारों की पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वित्तीय वर्ष 2026-2027 में वार्षिक अनुरक्षण मद के अन्तर्गत सिलक्यारा बनगांव-चापडा-सरोट मोटर मार्ग पर बी०सी० द्वारा नवीनीकरण का कार्य। (किमी0 21, 22 एवं 23) | 1.10 | 4000+ 18% GST | 6 माह | 90 दिन | उत्तराखण्ड लो.नि.वि. में मार्ग कार्य हेतु डी. एवं उच्चत्तर श्रेणी में पंजीकृत |

**अधिशासी अभियन्ता**
**प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., उत्तरकाशी**

**न्यायालय श्रीमान जिला जज महोदय रूद्रप्रयाग।**
**प्र. दी. वा. सं. 3/2026**

**प्रार्थिनी:**- मन्जू थपलियाल उम्र 46 साल पत्नी श्री जगदम्बा प्रसाद थपलियाल पुत्री श्री त्रिलोचन दत्त सेमवाल निवासी 70/1 लेन नं. 1, विष्णुपुरम पो. मोथरावाला देहरादून।

**बनाम**

**विपक्षीगण:**-1. स्तुति सेमवाल उम्र 35 वर्ष पत्नी स्व. श्री अभिषेक सेमवाल निवासी वार्ड नं. 2 विद्या विहार फेस 3 बंनजारावाला माफी देहरादून। 2. मा. विहान सेमवाल पुत्र स्व. अभिषेक सेमवाल उम्र 11 वर्ष द्वारा वली माता प्राकृतिक संरिक्षिका स्तुति सेमवाल निवासी वार्ड नं. 2 विद्या विहार फेस 3 बनंजारावाला माफी देहरादून। 3.श्रीमती शशीकला खण्डूरी उम्र 38 वर्ष पत्नी प्रकाश चन्द्र पुत्री स्व. त्रिलोचन दत्त निवासी 74/1 आदर्श बिहार कारगी रोड देहरादून। 4. श्रीमती रेखा भट्ट उम्र 44 वर्ष पत्नी देवी प्रसाद पुत्री स्व. त्रिलोचन दत्त निवासी लोवर बाजार वार्ड नं. 3 जोशीमठ, तपोवन जिला चमोली। 5. ग्राम सभा ग्राम धार गांव पो. फाटा जिला रुद्रप्रयाग द्वारा ग्राम प्रधान खडिया, तहसील ऊखीमठ जिला रुद्रप्रयाग। 6. आम व खास।

हरगाह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थिनी ने स्व. त्रिला. चनदत्त पुत्र स्व. श्री सुरेशानन्द निवासी ग्राम धारगांव पो. फाटा तहसील ऊखीमठ जिला रुद्रप्रयाग के नाम भिन्न-भिन्न बैंको में जमा रकम लगभग 11,50,000/-रू० का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहने बाबत प्रार्थना पत्र मेरे न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक 20.4.2026 की तिथि नियत है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त उत्राधिकार प्रमाण पत्र प्रार्थिनी के पक्ष में जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो तो उक्त नियत तिथि को न्यायालय के समक्ष उपस्थित आकर आपत्ति दर्ज करें, अन्यथा मामले में एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

आज दिनांक 08.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी**
**सदर मुंसरिम**
**जिला जज पौडी गढवाल**

# KKR ने LSG को 182 रन का टारगेट दिया

### रघुवंशी ने 45, रहाणे ने 41 रन बनाए, 4 बालर्स को एक-एक विकेट

**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल के 15वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 182 रन का टारगेट दिया है। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में लखनऊ ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पहले बैटिंग करते हुए कोलकाता ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 181 रन बनाए। अंगकृष रघुवंशी ने 45 और कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 41 रन बनाए। लखनऊ की ओर से प्रिंस यादव, एम सिद्धार्थ, दिग्वेश राठी और आवेश खान ने एक-एक विकेट लिया।

पारी के आखिरी ओवर में प्रिंस यादव ने 12 रन दिए। उनके ओवर में ग्रीन और पावेल ने चौके लगाए। इसी के साथ कोलकाता ने लखनऊ को 181 रन का टारेगट दिया। 19वें ओवर में कैमरन ग्रीन और रोवमन पावेल ने 5वें विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप की।



शमी की दूसरी बाल पर कैमरन ग्रीन ने छक्का लगाया। इसी छक्के से साझेदारी 50 पार हो गई। 17वें ओवर में प्रिंस यादव 17 रन दिए। रोवमन पावेल ने आखिरी दो बाल पर बैक टु बैक बाउंड्री लगाई। इनमें एक चौका और एक छक्का शामिल रहा। 15वें ओवर में दिग्वेश राठी ने महज 3 रन दिए। तीनों रन सिंगल के जरिए आए। उन्होंने कैमरन ग्रीन को 4 बाल डाट कराई। 14वें ओवर में कोलकाता ने चौथा विकेट गंवा दिया। ओवर की दूसरी बाल आवेश खान ने गुड लेंथ पर आउट स्विंगर फेंकी। रिंकू सिंह डिफेंड करने गए, लेकिन बोल्ड हो गए। उन्होंने 4 रन बनाए। 12वें ओवर में कोलकाता ने तीसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की चौथी बाल एम सिद्धार्थ ने गुड लेंथ पर फेंकी। अंगकृष रघुवंशी आगे निकलकर बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन लान्ग ऑन पर ऐडन मार्करम के हाथों कैच हो गए। रघुवंशी ने 45 रन बनाए। 11वें ओवर में कोलकाता ने दूसरा विकेट गंवा दिया।

ओवर की दूसरी बाल दिग्वेश राठी ने फुलर लेंथ फेंकी। अजिंक्य रहाणे ने फ्लिक किया, लेकिन शार्ट मिड विकेट पोजिशन पर मोहम्मद शमी के हाथों कैच हो गए। रहाणे ने 41 रन बनाए। 7वें ओवर की 5वीं बाल पर अजिंक्य रहाणे और अंगकृष रघुवंशी ने दूसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी की। रहाणे ने एम सिद्धार्थ की बाल पर सिंगल लेकर साझेदारी का 50वां रन बनाया। टीम ने 15 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवाया था। टॉस हारकर बैटिंग कर रही कोलकाता ने मिली-जुली शुरुआत की है। टीम ने शुरुआती 6 ओवर में एक विकेट पर 56 रन बना डाले हैं। कप्तान रहाणे और रघुवंशी की जोड़ी क्रीज पर हैं। दोनों ने छठे ओवर में आवेश खान की बाल पर 16 रन बनाए। आवेश की आखिरी तीन बाल पर बाउंड्री लगी। इससे पहले फिन एलन 9 रन बनाकर आउट हुए। 5वें ओवर में अजिंक्य रहाणे ने दिग्वेश राठी की बाल पर लगातार दो चौके लगाए। उन्होंने चौथी और 5वीं बाल पर बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। राठी के इस ओवर से 10 रन आए। कोलकाता की पारी के तीसरे और मोहम्मद शमी के दूसरे ओवर से 5 रन आए। इसमें एक चौका शामिल रहा। शमी ने अपने पहले ओवर में 6 रन दिए थे।

# भारतीय महिलाएं मेडल चार्ट में टॉप पर, 4 गोल्ड जीते

**उलानबटार, वार्ता।** भारतीय महिला टीम ने एशियन बॉक्सिग चैंपियनशिप 2026 में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया, चार गोल्ड, दो सिल्वर और चार ब्रॉन्ज सहित कुल 10 मेडल जीतकर मेडल चार्ट में टॉप पर रही, जिससे कॉन्टिनेंटल स्टेज पर उनका दबदबा दिखा। हेड कोच सैंटियागो नीवा की देखरेख में, महिला टीम की हर सदस्य मेडल के साथ घर लौटी, जिससे कॉन्टिनेंटल कॉम्पिटिशन पर उनका दबदबा कायम हुआ।

बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट अजय सिंह की मौजूदगी में, मीनाक्षी (48किंग्रा) ने मंगोलिया की नोमुंदरी एनख-अमगलन पर 5-0 की शानदार जीत के साथ दिन का पहला गोल्ड जीतकर शुरुआत की। प्रीति (54किंग्रा) ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए, चीनी ताइपे की हुआंग सियाओ-वेन को, जो तीन बार की



वर्ल्ड चैंपियन और टोक्यो 2020 ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट हैं, 5-0 के एकमत फैसले से हराकर टॉप पोडियम पर जगह बनाई। प्रिया (60किंग्रा) ने फाइनल में नॉर्थ कोरिया की वॉन उन-ग्योंग पर 3-0 की शानदार जीत के साथ भारत की गोल्ड मेडल की गिनती में और इजाफा किया। अरुंधति (70किंग्रा) ने भी अपनी कैटेगरी में कजाकिस्तान की बाकित सेइदिश के खिलाफ 4:1 से जीत दर्ज करके गोल्ड मेडल जीता। भारत ने अपनी गिनती में दो सिल्वर मेडल जोड़े, जिसमें जैस्मीन (57किंग्रा) एक मजबूत कैंपेन के बाद रनर-अप रहीं, जबकि अल्फियान पठान (80 किंग्रा) ने भी अपने आखिरी मुकाबले के बाद सिल्वर मेडल जीता। इस एडिशन में शामिल किसी भी देश से सबसे ज्यादा 16 मेडल पक्के करने के बाद, भारत शुक्रवार को टूर्नामेंट को मजबूती से खत्म करना चाहेगा, जिसमें दो पुरुष बॉक्सर फाइनल में होंगे।

## खेल विशेष

### खालसा, एसआरसीसी व रामजस कॉलेज जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, एसजीबीटी खालसा एलुमनाई और रामजस कॉलेज ने 5वें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल (पुरुष एवं महिला) टूर्नामेंट के तीसरे दिन लीग मैचों में आसान जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने किरोड़ीमल कॉलेज को 92-81से हराया। खालसा कॉलेज के अधिराज विक्रम सिंह को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स ने एमिटी यूनिवर्सिटी को 55-31 से हराया। एसआरसीसी के भूमित को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। खालसा एलुमनाई टीम ने हंसराज कॉलेज को 82-58 से हराया। खालसा एलुमनाई के देशमुख माथुर को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। महिला वर्ग में रामजस कॉलेज ने इंद्रप्रस्थ कॉलेज फॉर वूमेन को 61-40 से हराया। रामजस कॉलेज की कोमल को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार दिया गया।

### रियो डी जनेरियो 2026 फीबा 3ग3 वर्ल्ड टूर फाइनल की करेगा मेजबानी

**बीजिंग, वार्ता।** फीबा 3ग3 वर्ल्ड टूर फाइनल का 15वां संस्करण 12 से 13 दिसम्बर तक ब्राजील के रियो डी जनेरियो में आयोजित किया जाएगा। फीबा के अनुसार 25 से 26 अप्रैल तक जापान के उटसुनोमिया में शुरू होने वाला यह वर्ल्ड टूर, रियो में होने वाले फाइनल से पहले चार महाद्वीपों के शहरों का दौरा करेगा। फीबा 3ग3 के प्रबंध निदेशक एलेक्स सांचेज ने बुधवार को कहा कि हम बहुत उत्साहित हैं कि हम रियो डी जनेरियो जैसी प्रतिष्ठित और लोकप्रिय जगह पर, एक और सफल फीबा 3ग3 वर्ल्ड टूर का शानदार समापन करने की उम्मीद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ब्राजील में 3ग3 बास्केटबॉल के प्रति जुनून जगजाहिर है और यह सबसे जबरदस्त अनुभवों में से एक है।

# पुरुष और महिलाओं के मैच दिन की रोशनी में खेले जाएंगे: बीसीबी

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बिजली बचत के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी पुरुष और श्रीलंका के खिलाफ महिला क्रिकेट सीरीज के मैच समय में बदलाव किया है।

इसके अब ए मुकाबले दिन की रोशनी में खेले जाएंगे। बीसीबी ने सरकार की ऊर्जा बचाने की पहल का समर्थन करने के लिए न्यूजीलैंड के साथ होने वाली पुरुषों की सफेद गेंद सीरीज और श्रीलंका के साथ होने वाली महिलाओं की टी-20 सीरीज के मैच के समय में बदलाव किया है। ढाका और चटगांव में होने वाले तीनों एकदिवसीय मैच दिन-रात्रि होने वाले थे, लेकिन अब बोर्ड ने कहा है कि वे मैच शुरू होने का समय तीन घंटे पहले कर देंगे। अब एकदिवसीय मैच स्थानीय समय के अनुसार सुबह 11 बजे शुरू होंगे, जिसका मकसद मैचों को सूरज डूबने तक खत्म करना है। बीसीबी को उम्मीद है कि इससे बिजली की खपत में कम से कम चार घंटे की बचत होगी। पुरुषों के टी-20 मैच दोपहर दो बजे शुरू होंगे, जिनका मकसद उन्हें शाम 5:10 बजे तक खत्म करना है। तीन मैचों की इस सीरीज के पहले दो टी-20 मैच पहले शाम 6 बजे शुरू होने वाले थे, जबकि तीसरा टी-20 मैच पहले से ही दोपहर 2 बजे शुरू होने वाला था।

# शुभमन गिल पर लगा 12 लाख रुपये का जुर्माना



**नई दिल्ली, वार्ता।** गुजरात टाइटन्स (जीटी) के कप्तान शुभमन गिल पर धीमे ओवर रेट के लिए जुर्माना लगाया गया है क्योंकि उनकी टीम ने अरुण जेटली स्टेडियम, दिल्ली में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच नम्बर 14 के दौरान स्लो ओवर-रेट बनाए रखा। यह आईपीएल के कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2-22 के तहत उनकी टीम का इस सीजन का पहला उल्लंघन था, जो मिनिमम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, गिल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## गिल ने बताया प्रसिद्ध ने आखिरी गेंद स्लोअर क्यों की

**नई दिल्ली, वार्ता।** गुजरात टाइटंस (जीटी) ने आईपीएल 2026 का अपना पहला मैच पांच गेंद बाकी रहते गंवा दिया था। दूसरे मैच में वे आखिरी से पहले वाली गेंद तक मुघबले में थे। तीसरे मैच में दो गेंद बाकी रहते वे हार के ग्रीब थे, जब दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को दो गेंदों में दो रन चाहिए थे, लेकिन डेविड मिलर ने पांचवीं गेंद पर आसान सिगल लेने से मना कर दिया। उस समय जीटी के कप्तान शुभमन गिल के मन में यही था कि उनके पास जीतने का मौका है। आखिरी गेंद पर प्रसिद्ध कृष्णा ने धीमी बाउंसर डाली, जिस पर मिलर का बल्ला चूक गया और जॉस बटलर के डायरेक्ट थ्रो ने मैच खत्म कर दिया। बाद में गिल ने बताया कि धीमी गेंद डालना एक सोचा-समझा फैसला था। उन्होंने कहा कि हम यह चर्चा कर रहे थे कि यॉर्कर डालें या धीमी गेंद। हमने तय किया कि इस पिच को देखते हुए एक अच्छी स्लोअर गेंद पर बाउंड्री लगाना मुश्किल होगा। इस जीत की नींव जीटी के बल्लेबाजों ने रखी। टॉप चार में से तीन- गिल, बटलर और वॉशिंगटन सुंदर ने अर्धशतक बनाए। 16 ओवर में 168/2 के स्कोर पर वे बड़े स्कोर की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन आखिरी चार ओवर में सिर्फ 42 रन ही बना पाए। हालांकि, इससे यह भी संकेत मिला कि डीसी के लिए लक्ष्य हासिल करना आसान नहीं होगा। गिल ने कहा कि मैं टीम की बल्लेबाजी से खुश हूं। हमें हमेशा लगा कि इस पिच पर 210 रन पार स्कोर से 10-15 रन ज्यादा है। डेथ ओवरों में भी बड़े शॉट लगाना आसान नहीं था, क्योंकि पिच धीमी थी।

# दिल्ली कैपिटल्स को कुछ अंकों का नुकसान हुआ: संजय बांगर

**नई दिल्ली, वार्ता।** गुजरात टाइटन्स ने अपने टाटा आईपीएल 2026 मैच में आखिरी गेंद तक खिचे रोमांचक मैच में दिल्ली कैपिटल्स को एक रन से हरा दिया। स्टार स्पोर्ट्स के 'अमूल क्रिकेट लाइव' पर बात करते हुए, जियोस्टार के एक्सपर्ट संजय बांगर और पीयूष चावला ने डेविड मिलर, विप्रज निगम और कुलदीप यादव के बीच हुए तनावपूर्ण आखिरी ओवर का एनालिसिस किया, साथ ही राशिद खान के अहम स्पेल, केएल राहुल की पारी और शुभमन गिल की शांत पारी पर भी बात की।

संजय बांगर ने मैच के आखिरी पलों के बारे में बताया कि आप समझ सकते थे कि जब विप्रज निगम आए तो हालात कैसे बदल गए। गेम पूरी तरह से मिलर के बारे में नहीं था, लेकिन विप्रज के आउट होने के बाद, जम्मिेदारी पूरी तरह से मिलर पर आ गई। कुलदीप यादव ने उस खास बॉल को अच्छे से हैंडल किया और पक्का किया कि मिलर स्ट्राइक पर हों। फिर मिलर ने एक शानदार शॉट मारा, लॉन्ग-ऑफ के ऊपर से 106 मीटर का छक्का। हालांकि, आखिर में थोड़ी कन्फ्यूजन



हुई। शुरू में, ऐसा लगा कि वह सेकंड-लास्ट बॉल पर रन के लिए जाएंगे लेकिन फिर उन्होंने ऐसा न करने का फैसला किया। इस हिचकिचाहट की वजह से दिल्ली कैपिटल्स को मौका गंवाना पघ, क्योंकि आखिरी बॉल पर कैसा खेला जाता, इस पर निर्भर करता था कि गेम सुपर ओवर में जा सकता था। इस कन्फ्यूजन की वजह से आखिरकार दिल्ली कैपिटल्स को कुछ पॉइंट्स का नुकसान हुआ। शुभमन गिल की पारी पर उन्होंने कहा कि शुभमन गिल की पारी को दूसरे छोर से अच्छा सपोर्ट मिला, खासकर जोस बटलर के अग्रेसिव खेलने की वजह से, जिसका मतलब था कि गिल को पावरप्ले की शुरुआत में ज्यादा स्ट्राइक नहीं मिली। वह अपनी पहली आठ गेंदों पर 8 रन बना चुके थे और उनके पास जमने का मौका था। फिर उन्होंने दो इंपॉर्टेंट पार्टनरशिप कीं और जब जरूरत पड़ी तो अहम शॉट खेले, जिसमें कुलदीप यादव को स्वीप करके छक्का लगाना भी शामिल है। वह डीप बैटिंग कर पाए और जरूरत पड़ने पर बड़े शॉट खेल पाए। इस तरह की पारी से बैटर के मन में कोई भी शक दूर हो जाता है, और गिल का टॉप ऑर्डर में पारी को संभालना बहुत बड़ा फर्क डालता है। पीयूष चावला ने राशिद खान के स्पेल के बारे में कहा कि हम सब जानते हैं कि राशिद खान अपने दिन क्या कर सकते हैं, वह किसी भी बैटिंग लाइन-अप को परेशान कर सकते हैं। गुजरात टाइटन्स को उनसे आगे आने की जरूरत थी, खासकर जब एक अच्छी बैटिंग विकेट और छोटे ग्राउंड पर इस टोटल का बचाव कर रहे थे, और उन्होंने किया। वह पहली ही बॉल से सही थे।

# आयुष क्वार्टर फाइनल में, सिंधु बाहर

**निगबो, वार्ता।** यूएस ओपन 2025 के चैंपियन आयुष शेट्टी ने अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा, और बैडमिटन एशिया चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले अकेले भारतीय सिगल्स खिलाड़ी बन गए। उन्होंने चीनी ताइपे के ची यू जेन को सीधे गेम में 21-16, 21-12 से हराया।

पहली बार दुनिया के 20वें नम्बर के खिलाड़ी का सामना करते हुए, शेट्टी ने शुरुआती राउंड से ही अपनी लय बनाए रखी। उन्होंने दोनों गेम में शुरुआती बढ़त बनाई, पहले गेम में थोड़ी देर के लिए एक टीम का सामना किया, फिर जीत हासिल की।

दूसरे गेम में भारतीय खिलाड़ी ने पूरा कंट्रोल दिखाया और 41 मिनट में सीधे गेम में आसान जीत हासिल की। शेट्टी को अब क्वार्टर फाइनल में इंडिया



ओपन 2026 के रनर-अप इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से कड़ी चुनौती मिलेगी, जिन्होंने जापान के युदाई ओकिमोटो को 21-18, 21-13 से हराया। विमेंस सिगल्स में, पीवी सिंधु चीन की वर्ल्ड नम्बर 2 वांग जी ई के खिलाफ कड़े मुकाबले के बाद बाहर हो गईं। मिक्स्ड डबल्स में, ध्रुव कपिला और तनीषा क्रैस्टो मलेशिया के वर्ल्ड नम्बर 4 चेन टैंग जी और टोह ई वेई से हार गईं। उन्नति हुड्डा और एचएस प्रणय भी टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

# जोशी ने तीन शॉट की बढ़त बनाई

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** खिलन जोशी ने विशाखापत्तनम के ईस्ट पॉइंट गोल्फ क्लब में 1 करोड़ रुपये के आंध्र ओपन 2026 के तीसरे राउंड में एक-अंडर 70 का कार्ड बनाकर अपनी बढ़त को तीन शॉट पहुंचा दिया। उनका तीन राउंड का स्कोर सात-अंडर 206 हो गया है। बेंगलुरु के 33 साल के खिलन (68-68-70), जो छह बार के विजेता हैं, जिन्होंने पीजीटीआई इवेंट में हफ्ते की शुरुआत 68 और 68 के राउंड के साथ की थी,

अब फाइनल राउंड में अच्छी बढ़त बनाए हुए हैं। दुबई के यश मजूमदार (71-69-69) और दिल्ली के राशिद खान (70-72-67) चार-अंडर 209 के साथ दूसरे नम्बर पर थे। मजूमदार ने 69 का स्कोर किया, जबकि राशिद ने दिन का सबसे अच्छा 67 का राउंड बनाकर मुकाबले में जगह बनाई। जोशी का राउंड एक खराब शुरुआत के बाद एक मजबूत रिकवरी से तय हुआ, जिसमें शुरुआत में तीन थ्री-पट शामिल थे। उन्होंने सातवें होल पर एक टैप-इन बर्डी के साथ वापसी की, जब उनका अप्रोच शॉट होल से कुछ इंच दूर रह गया था, और फिर पार-5 के 12वें होल पर एक जरूरी ईगल दिया, जहां उन्होंने 15-फुटर लगाया। जोशी ने कहा, ष्मेरी शुरुआत अच्छी नहीं रही, लेकिन मैंने सब्र रखा और अपनी बॉल-स्ट्राइकिंग पर भरोसा किया। मैं इसे अच्छी तरह से ड्राइव कर रहा हूं और अपने आयरन को मजबूती से मार रहा हूं, इसलिए मुझे बस पटर को चालू रखना है। मुझे गर्व है कि खराब शुरुआत के बावजूद मैंने कोर्स पर खुद को कैसे संभाला और बैक-नाइन पर वापसी की। आखिरी राउंड में जाते हुए, मैं पहले भी ऐसी स्थितियों में रहा हूं, इसलिए मुझे पता है कि मुझे बस अपने जोन में रहना है और अच्छे गोल्फ शॉट खेलने हैं और इससे बाकी सब कुछ ठीक हो जाएगा। पार-5 सातवें को 477-यार्ड पार-4 में एडजस्ट किया गया है, जिससे कोर्स पार 71 हो गया है। सैन डिएगो यूनिवर्सिटी के ग्रेजुएट मजमुदार ने अपनी अनोखी एक हाथ से चिपिग तकनीक से प्रभावित करना जारी रखा और ऐसा लग रहा था कि वह दो शॉट के अंदर पहुंच जाएंगे, लेकिन आखिरी होल पर एक बोगी ने उन्हें दूसरे स्थान के लिए वापस टाई कर दिया। दो बार के एशियन टूर विनर राशिद ने पेनल्टी राउंड में 67 का मजबूत स्कोर करके मुकाबले में वापसी की, जिसमें एक ईगल, पांच बर्डी और तीन बोगी शामिल थे। कोलकाता के विराज मडप्पा (69-71-71), जो एशियन टूर के सबसे कम उम्र के भारतीय विनर और पिछले सीजन में पीजीटीआई के विनर थे, ग्रेटर नोएडा के अर्जुन शर्मा (71-70-70) के साथ दो-अंडर 211 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर थे। जोशी, जो अभी पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 55वें स्थान पर हैं।

# ज्वेरेव ने 2-5 से वापसी करते हुए गारिन को हराया

**मोंटे-कार्लो, वार्ता।** एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने बुधवार को मोंटे-कार्लो मास्टर्स में बने रहने के लिए मुश्किल से वापसी की। इस साल पहली बार क्ले पर मुकाबला करते हुए, ज्वेरेव ने आखिरी सेट में 2-5 से संघर्ष करते हुए चिली के क्वालीफायर क्रिस्टियन गारिन को 4-6, 6-4, 7-5 से हराया। एक बड़े फाइनल गेम में, वर्ल्ड नम्बर 3 ने तीन ब्रेक पॉइंट बचाए, इससे पहले कि वह आखिरकार अपने तीसरे मैच पॉइंट पर जीत पक्की कर लेता।

ज्वेरेव ने अप्रैल की धूप में कोर्ट रेनियर प्प्प पर दो घंटे और 50 मिनट के बाद आखिरकार जीत हासिल करने के बाद जोरदार आवाज लगाई। ज्वेरेव ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मेरा लेवल बिल्कुल भी नहीं था। लेकिन यह 11 महीनों में मेरा पहला क्ले-कोर्ट मैच था। मेरे पास तैयारी के लिए ज्यादा समय नहीं था क्योंकि मैंने मियामी में अच्छा



खेला था। मैं जीतकर खुश हूं। यह एक मुश्किल मैच था और वह अच्छा खेल रहा है, खासकर यहां। दिन के आखिर में, कभी-कभी यह सिर्फ जीत हासिल करने के बारे में होता है। दो बार के मोंटे-कार्लो सेमीफाइनलिस्ट ज्वेरेव साल के पहले दो मास्टर्स 1000 इवेंट्स इंडियन वेल्स और मियामी के साथ-साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन में भी आखिरी चार में पहुंचे थे। हालांकि, जर्मन खिलाड़ी गारिन के खिलाफ तीसरे सेट के बीच में सीजन के अपने पहले ओपनिग-राउंड से बाहर होने के लिए तैयार लग रहा था। फिर भी, 47 अनफोर्स्ड गलतियां करने और तीसरे सेट में 0-4 और 2-5 से पीछे होने के बावजूद, 28 साल के खिलाड़ी ने आगे बढ़ने के लिए ठीक समय पर बेसलाइन से लॉक डाउन कर दिया। ज्वेरेव का अगला मुकाबला जजिो बर्ग्स से होगा, जब बेल्जियम के खिलाड़ी ने आंद्रेई रुब्लेव को 6-4, 6-1 से हराया। इस बीच दूसरे मुकाबले में, जोआओ फोंसेका 2005 में राफेल नडाल और रिचर्ड गास्के के बाद मोंटे-कार्लो में तीसरे राउंड में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। 19 साल के ब्राजीलियन ने फ्रेंचमैन आर्थर रिडरकनेच को 7-5, 4-6, 6-3 से हराया।

दुनिया के 40वें नम्बर के खिलाड़ी तीसरे राउंड में मैटियो बेरेटिनी से खेलेंगे। मियामी के फाइनलिस्ट जिरी लेहेका ने एलेजांद्रो टैबिलो के खिलाफ 4-6, 7-6(4), 6-3 से कड़ी टक्कर में जीत हासिल की। लेहेका का तीसरे राउंड में आठवीं सीड वाले अलेक्जेंडर बुब्लिक से मुकाबला होगा। कैस्पर रूड का तीसरे राउंड का मुकाबला फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे से होगा। नौवीं सीड वाले रूड ने कोरेंटिन मौटेट को 7-5, 6-3 से हराया और छठी सीड वाले ऑगर-अलियासिमे ने मारिन सिलिच को 7-6(4), 6-3 से हराकर पहली बार मोंटे-कार्लो में आखिरी 16 में जगह बनाई। 2024 में मोंटे-कार्लो के फाइनलिस्ट रूड ने क्ले कोर्ट पर 12 टूर-लेवल टाइटल जीते हैं। उधर वैलेंटिन वचेरोट ने चौथी सीड लोरेंजो मुसेट्टी को 7-6(6), 7-5 से हराकर एक और जीत हासिल की - इस बार अपने घरेलू दर्शकों के सामने। इस जीत के साथ, वाचेरोट अपने कोच और सौतेले भाई, बेंजामिन बैलेरेट के बाद द प्रिंसिपैलिटी में तीसरे राउंड में पहुंचने वाले पहले मोनेगास्क बन गए।

### 26 मार्च से लापता युवक को गंगनहर पुलिस ने ढूंढा

# घर से निकला दिल्ली से हुआ बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली गंगनहर पुलिस ने "ऑपरेशन स्माइल अभियान" के तहत कार्रवाई करते हुए 14 वर्षीय लापता बालक को नई दिल्ली से सकुशल बरामद कर लिया। बालक के मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस के कार्य की सराहना की।

एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि 26 मार्च 2026 को एक नाबालिग बालक के अचानक लापता होने की सूचना मिली थी। 27 मार्च को बालक की माता द्वारा कोतवाली गंगनहर में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी रुड़की के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक गंगनहर के नेतृत्व में चार टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों ने जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के साथ-साथ मुरादाबाद, रामपुर, सम्भल, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब व अमृतसर आदि स्थानों पर तलाश की। साथ ही सीसीटीवी फुटेज, फोटो प्रसार, डीसीआरबी, एससीआरबी, एनसीआरबी, बाल सहयोगी पोर्टल, रेलवे स्टेशन, बस अड्डों, शेल्टर होम और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की मदद ली गई। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से बालक को सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में



बालक ने बताया कि वह क्रिकेट खेलने की इच्छा के चलते घर से बिना बताए चला गया था और दिल्ली, मथुरा, वृंदावन, अमृतसर व राजस्थान आदि स्थानों पर घूमता रहा। उसने अपने साथ किसी प्रकार की अनहोनी से इनकार किया है। बालक को विधिक कार्रवाई के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों ने हरिद्वार पुलिस के इस

**❖खेलने के लिए निकला था घर से कई जिलों को आया घूम**

सराहनीय कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।पुलिस टीम में क्षेत्राधिकारी रुड़की नताशा सिंह, प्रभारी निरीक्षक गंगनहर मणिभूषण श्रीवास्तव, वरिष्ठ उप निरीक्षक दीप कुमार, उप निरीक्षक बीरेंद्र सिंह,बृजकिशोर,रघुवीर सिंह, कांस्टेबल अलियास अली, रणवीर नितिन, अजय दत्त अजय वीर,एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट से अपर उप निरीक्षक जगपाल सिंह और हैड कांस्टेबल मुकेश शामिल रहे।

# संदिग्ध हालात में खेत में पड़ा मिला युवक का शव, हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** लखनोता चौकी से कुछ दूर मंगलौर मार्ग पर बुधवार देर शाम उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक खेत में पेड़ के नीचे एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। पुलिस द्वारा मृतक के शव को रुड़की स्थित सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान रविकांत उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र चंद्रपाल, निवासी ग्राम नियामतपुर, थाना देवबंद उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है,। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर पुलिस को मृतक के पास से उसकी बुलेट मोटरसाइकिल बरामद हुई है। साथ ही शव के पास एक बीयर की बोतल और सल्फास के कुछ पाउच भी पड़े मिले हैं। इन साक्ष्यों को देखकर पुलिस का अनुमान है कि युवक ने सल्फास का सेवन कर आत्महत्या की है। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह के अनुसार, शुरुआती पूछताछ और परिस्थितियों से यह संकेत मिल रहे हैं कि मृतक पिछले कुछ समय से पारिवारिक कलह के कारण मानसिक तनाव में था। माना जा रहा है कि इसी विवाद के चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस द्वारा मृतक के शव का पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल, रुड़की भिजवा दिया है। पुलिस मामले की गहनता से छानबीन कर जाँच कि जा रही है।

## पुलिस ने फरार वारंटी दबोचा

**झबरेड़ा।** काफी समय से फरार चल रहे एक गैर जमानती वारंटी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि ऑपरेशन प्रहार के तहत एक मामले में काफी समय से फरार चल रहे गैर जमानती वारंटी लियाकत पुत्र अब्दुल निवासी ग्राम हरजौली झोझा को उसके घर पर दबीश देकर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया है।

# ऑपरेशन प्रहार के तहत कोतवाली गंगनहर पुलिस ने 11 वारण्टीयो को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशन में कोतवाली गंगनहर की बड़ी कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे 11 वारण्टीयो को धर दबोचा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा दिये गये दिशा निर्देश व क्षेत्राधिकारी रुड़की के कुशल नेत्तृव में वारन्टियो की शत प्रतिशत तामील व वारन्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर द्वारा पुलिस टीमे गठित की गई है। गठित टीम द्वारा दिनाँक 07/08.04. 2026 को न्यायालय से फरार चल रहे वारंटीयो को उसके घर तथा संभावित स्थान से गिरफ्तार किया गया। वारण्टीयो को समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। गिरफ्तारशुदा वारण्टी का नाम 1-शकील अहमद पुत्र जमील अहमद निवासी रामपुर रुड़की उम्र 47 वर्ष सम्बन्धित वाद संख्या-667/2021 अन्तर्गत धारा 13 है। 2-जुगनू पुत्र दिनेश कुमार निवासी मकान नंबर 160 सरस्वती विहार रुड़की उम्र 28 वर्ष को अंतर्गत धारा 138 एक्ट। 3-पवन धूलिया पुत्र जगदीश प्रसाद धूलिया निवासी तेरा सरस्वती कुंज पनियाला रोड सुभाष नगर रुड़की उम्र 39 वर्ष संबंधित वाद संख्या 35/2025 धारा 138 है। 4-सोमपाल सिंह पुत्र जय सिंह निवासी ग्राम मौलाना थाना झबरेड़ा उम्र 58 वर्ष अंतर्गत धारा 138 है। 5-अजय धीमान उर्फ फिल्टर पुत्र सतीश धीमान निवासी 202 पुरानी तहसील रुड़की संबंधित वाद्य संख्या 996/2021 धारा 379/411 आईपीसी।6-गौरव शर्मा पुत्र पवन कुमार शर्मा निवासी 196 सुभाष नगर सफीपुर 7-सनोज कुमार पुत्र महेंद्र सिंह निवासी ग्राम टिकोला कला थाना मंगलौर हाल निवासी गणेशपुर।8-सुशील कुमार पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम रायसी थाना लक्सर।9-एक महिला वारंटी भी है।

# वेतन वृद्धि को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का हल्ला बोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर ब्लॉक मुख्यालय पर आज आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं का जबरदस्त हंगामा देखने को मिला। अपनी मांगों की अनदेखी से नाराज कार्यकत्रियों ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक सरकार उनके वेतन में वृद्धि नहीं करती, तब तक वे काम पर वापस नहीं लौटेंगी। प्रमुख मांगें और नाराजगी का कारण-आंगनवाड़ी कार्यकत्री अंजू, रुखसार, शाहीका संतोष ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सरकार उनसे काम तो जरूरत से ज्यादा ले रही है, लेकिन मानदेय बढ़ाने के नाम पर चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने घोषणा की है कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं तब तकसंपूर्ण कार्य का बहिष्कार किया जाएगाबीएलओ संबंधित किसी भी कार्य में भाग नहीं लिया जाएगाआंगनवाड़ी केंद्रों पर तालाबंदी जारी रहेगी14 मार्च की घटना पर गहरारोषआंगनवाड़ी कार्यकत्री सेविका मिनी कर्मचारी संगठन, उत्तराखंड के आह्वान पर 14 मार्च 2026 को प्रदेश स्तरीय रैली का आयोजन किया गया था। आंदोलनकारियों का आरोप है कि प्रशासन ने उनके साथ अमानवीय व्यवहार कियाहमें




भेड़-बकरियों की तरह घसीटकर गाड़ियों में भरा गया प्रशासन का यह रवैया बेहद निंदनीय और शर्मनाक था इस घटना के बाद से ही समस्त कार्यकत्रियों में सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश हैमंत्री रेखा आर्य के खिलाफ नारेबाजीब्लॉक सभागार में एकत्रित सैकड़ों महिलाओं ने सरकार और विभागीय मंत्री रेखा आर्यके खिलाफ जमकर नारेबाजी कीकार्यकर्ताओं का कहना है कि वे पहले ही श्पोषण ट्रैकरश पर काम बंद कर चुकी थीं, लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। अब आर-पार की लड़ाई का मन बनाते हुए केंद्रों पर कल लटका दिए गए हैं इस विरोध प्रदर्शन में ब्लॉक की सैकड़ों आंगनवाड़ी कार्यकत्री और सहायिकाएं अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए मौजूद रहीं

# बुलेट से पटाखे फोड़ने वाले दो युवक दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** ऑपरेशन प्रहार के तहत हरिद्वार पुलिस की सख्त कार्यवाही जारी है। यातायात नियमों का उल्लंघन में पुलिस ने दो युवकों को दबोचा है। जनपद हरिद्वार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा "ऑपरेशन प्रहार" के अंतर्गत समस्त थाना प्रभारियों को सख्त कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में कोतवाली भगवानपुर क्षेत्र में लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि कुछ युवक मोटरसाइकिल में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज आवाज में पटाखे फोड़ते हैं, जिससे वरिष्ठ नागरिकों एवं आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भगवानपुर द्वारा अलग-अलग टीमों का गठन कर क्षेत्र में संघन चैकिंग अभियान चलाया गया तथा यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं हुड़दंगियों पर अंकुश लगाने हेतु विशेष निर्देश दिए गए। जिसके अनुपालन में कोतवाली भगवानपुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान दो मोटरसाइकिल सवारों को पकड़ा गया। जिनके नाम ओमकार पुत्र मदनपाल, निवासी भगवानपुर, जनपद हरिद्वार व आशू पुत्र जाहिद हसन, निवासी हल्लूमाजरा है।

# नि:शुल्क तीर्थ यात्रा को यतीश्वरानंद ने दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री करतार सिंह भड़ाना द्वारा आयोजित निशुल्क तीर्थ यात्रा का सिलसिला लगातार जारी है। बुधवार को मंडावली स्थित कार्यालय से तीसरी निशुल्क तीर्थ यात्रा को उत्तराखंड के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस यात्रा के लिए 10 बसों की व्यवस्था की गई, जिनमें मंगलौर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से लगभग 600 महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा रवाना होने के दौरान कार्यालय परिसर में भारी भीड़ उमड़ी और श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। यात्रा में शामिल लोगों ने बताया कि करतार सिंह भड़ाना की ओर से आयोजित यह उनकी पहली तीर्थ यात्रा है। श्रद्धालुओं ने खुशी जताते हुए कहा कि उन्हें इस पुण्य यात्रा का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। ग्रामीणों का कहना था कि भड़ाना गरीब और आम जनता का दर्द समझते हैं और क्षेत्र को ऐसे ही सेवाभावी नेता की आवश्यकता है। कई ग्रामीणों ने यह भी कहा कि मंगलौर से इस बार करतार सिंह भड़ाना जैसे नेता को ही विधायक बनाया जाना चाहिए। इस अवसर पर स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि करतार



सिंह भड़ाना सदैव जनता की सेवा में तत्पर रहते हैं। निशुल्क यात्रा का आयोजन कर उन्होंने सेवा की मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को ऐसे जनप्रतिनिधि की जरूरत है जो सुख-दुख में जनता के साथ खड़ा रहे और उनका मानना है कि ऐसे ही व्यक्ति को विधायक चुना जाना चाहिए। गौरतलब है कि करतार सिंह भड़ाना की ओर से यह तीसरी निशुल्क तीर्थ यात्रा आयोजित की गई है। लगातार हो रहे इन आयोजनों से स्पष्ट है कि वह मंगलौर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। यात्रा को लेकर गांव-गांव में चर्चा है और राजनीतिक माहौल भी गरमाने लगा है। गुर्जर बहुल मंगलौर सीट पर भड़ाना की सक्रियता को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है। इस मौके पर सुशील राठी, शोभित गुप्ता, राम मूर्ति, राजीव राणा, योगेश नेता, शिशु प्रधान, चेयरमैन परितोषत, अंकुल, बादल मलिक, मांगेराम, कुलदीप सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## कलियर पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन 'प्रहार' अभियान के तहत कलियर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामले में फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर जिले में वारंटियों, संदिग्ध व्यक्तियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी बीच थाना कलियर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे नाहर सिंह निवासी पूरनपुर साल्हापुर कोतवाली रानीपुर को गिरफ्तार किया। आरोपी लंबे समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था, जिसके चलते उसके खिलाफ वारंट जारी किया गया था।पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर उसे दबोच लिया और आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी ने बताया कि ऑपरेशन 'प्रहार' के तहत क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

# काठमांडू में लहराया तिरंगा : शूटिंग बॉल में भारत ने नेपाल को 5-0 से हराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारतीय शूटिंग बॉल टीम ने अंतरराष्ट्रीय फलक पर शानदार प्रदर्शन करते हुए नेपाल के खिलाफ आयोजित द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज में ऐतिहासिक जीत दर्ज की। 7 से 9 अप्रैल तक काठमांडू में खेली गई इस श्रृंखला में भारत ने मेजबान नेपाल को 5-0 से करारी शिकस्त देकर क्लीन स्वीप किया। भारतीय दल ने बालक और बालिका दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया। टीम की इस प्रचंड सफलता में कप्तान ध्रुवराज सिंह और उपकप्तान सूरज चौधरी की अहम भूमिका रही। पूरे टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने अनुशासन, तालमेल और आक्रामक रणनीति का बेहतरीन प्रदर्शन किया। कप्तान ध्रुवराज के आक्रामक खेल और सूरज चौधरी की रणनीतिक सूझबूझ के आगे नेपाली टीम टिक नहीं सकी। भारत ने सभी मुकाबलों में जीत दर्ज कर श्रृंखला अपने नाम की। समापन समारोह में एशियाई शूटिंग बॉल महासंघ के महासचिव रवींद्र सिंह तोमर ने विजेता खिलाड़ियों को स्वर्ण पदक पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर केशव बिष्ट, मोहम्मद नजीर खान, जीतराज तोमर, डॉ. ओ. पी. माचरा और अतुल तोमर सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों की खेल भावना और प्रदर्शन की सराहना करते हुए इसे दक्षिण एशियाई खेलों के लिए सकारात्मक संकेत बताया। इस ऐतिहासिक जीत में उत्तराखंड के चार खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा। उपकप्तान सूरज चौधरी के नेतृत्व कौशल ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। उनके साथ हरिद्वार के सैम अली, पौड़ी गढ़वाल के अभिषेक कुमार और बालिका वर्ग में तनु शर्मा ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन किया। शूटिंग बॉल एसोसिएशन उत्तराखंड के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल ने पूरी टीम को बधाई देते हुए इसे राज्य के खेल इतिहास का स्वर्णिम क्षण बताया। कोषाध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने कहा कि शूटिंग बॉल भारत की माटी से जुड़ा पारंपरिक खेल है और उत्तराखंड में इसका स्तर तेजी से ऊंचा हो रहा है। आने वाले समय में राज्य से और भी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी उभरकर सामने आएंगे।

## पांच हजार का इनामी धर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** पुलिस मुख्यालय स्तर से चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन प्रहार में पुलिस की कार्रवाई जारी है। पुलिस द्वारा 5000/- के इनामी अभियुक्त को धर दबोचा है।

जानकारी के अनुसार वादी निवासी थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार द्वारा तहरीर दी कि मेरी पुत्री का घर से बिना बताये कही चले जाना तथा घर वापस ना आना के सम्बन्ध मे दी गई जिसके आधार पर थाना भगवानपुर पर गुमशुदगी पंजीकृत कराई गई। जिनके द्वारा सुरागरस्सी पतारस्सी करते हुये मुखबिर की सूचना पर गुमशुदा को सकुशल बरामद किया गया। इनामी महबूब पुत्र अमीर आलम की गिरफ्तारी हेतु आरोपित के मस्कन पर दबिश देकर पकड लिया गया है।

# लक्सर पुलिस ने न्यायालय से फरार आठ वारंटी किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** जनपद हरिद्वार में अपराधियों और न्यायालय से वांछित चल रहे वारंटियों के खिलाफ पुलिस का कड़ा रुख जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसएसपी हरिद्वार द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत लक्सर पुलिस ने गुरुवार को एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने विभिन्न मामलों में न्यायालय से जारी आदेशों की अवहेलना करने वाले 08 वारंटियोंको गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। अभियान की सफलता और पुलिस की रणनीति पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार, समाज में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और न्यायालय की आदेशिकाओं का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए लक्सर कोतवाली प्रभारी ने विशेष टीमों का गठन किया था। गठित टीमों ने क्षेत्र में सघन छापेमारी करते हुए आज सुबह 09 अप्रैल 2026 को घेराबंदी कर इन सभी वारंटियों को उनके ठिकानों से गिरफ्तार किया गिरफ्तार किए गए वारंटियों का विवरणपुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की सूची निम्नलिखित है-नाम एवं पिता का नाम निवासी पतादीपक पुत्र प्रमोद द्य रायसी, लक्सर, विनोद पुत्र कालूराम रायसी लक्सर, अनस उर्फ काबला पुत्र गुलजारी बहादरपुर खादर लक्सर, मोनू कुमार पुत्र ऋषिपाल सेठपुर लक्सर, रविन्द्र पुत्र फते सिंह महाराजपुर खुर्द लक्सर, प्रदीप पुत्र फते सिंह महाराजपुर खुर्द लक्सर, अमरीश पुत्र फते सिंह महाराजपुर खुर्द लक्सर, राजकुमार पुत्र शम्भू बसेडी, लक्सर, न्यायालय में पेशी और पुलिस की चेतावनी- लक्सर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि ऑपरेशन प्रहार के तहत वारंटियों की धरपकड़ का यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। पुलिस की इस कार्रवाई से फरार चल रहे अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस टीम के जांबाज इस सफल कार्रवाई में उप-निरीक्षक विपिन कुमार के साथ हेड कांस्टेबल दीवान सिंह कांस्टेबल अरुण कुमार मोहित खन्तवाल और राजेन्द्र सिंह बिष्ट का सराहनीय योगदान रहा।

**भगवानपुर में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।**

**आशू मलिक** (संवाददाता भगवानपुर)
**कार्यालय :** जिला पंचायत मार्किट भगवानपुर,
मोबाइल नं0 9761496669

# समस्याओं को लेकर किसानों ने किया घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के कार्यकर्ताओं ने आज बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा और शीघ्र समाधान की मांग की।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि हाल के दिनों में बिजली बिलों में भारी गड़बड़ियां सामने आ रही हैं, जिससे किसान वर्ग गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। संगठन ने मांग की कि विभाग विशेष कैंप लगाकर त्रुटिपूर्ण बिलों को तत्काल दुरुस्त करे। साथ ही छोटे बकाया भुगतान के नाम पर किसानों का उत्पीड़न बंद किया जाए और बिना पूर्व सूचना बिजली कनेक्शन काटने की कार्रवाई रोकी जाए। नलकूप (ट्यूबवेल) के लिए बिजली आपूर्ति का मुद्दा भी प्रदर्शन के केंद्र में रहा। यूनियन ने मांग रखी कि सिंचाई और खेती की जरूरतों को देखते हुए किसानों को कम से कम 16 घंटे निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई जाए, ताकि फसलों को नुकसान से बचाया जा सके। कार्यकारिणी युवा प्रदेश अध्यक्ष सुमित उपाध्याय ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि 24 मार्च को उनकी अनुपस्थिति में विभागीय कर्मचारी मीटर उतारकर ले गए, जबकि न तो कोई सूचना दी गई और न ही नोटिस। उन्होंने कहा कि लगाया गया नया स्मार्ट मीटर पुराना और खराब है, जिसे किसान किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेंगे। संगठन ने चेतावनी दी कि



यदि शीघ्र ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो भाकियू (तोमर) व्यापक जन-आंदोलन छेड़ेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन, प्रशासन और बिजली विभाग की होगी।इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव तालिब हसन, गढ़वाल मंडल अध्यक्ष तस्लीम राव, जिला अध्यक्ष (कार्यकारिणी) समीर चौधरी, किसान मजदूर मोर्चा के जिला अध्यक्ष यूनूस प्रधान, जिला प्रभारी मुसीर, अभिषेक मुसीर, वीरेन्द्र पाल, अंशुल, उपाध्यक्ष अमित चौधरी, शौभित निरंकार, अमित शौरव सहित बड़ी संख्या में किसान और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य शिविर में 325 मरीजों का उपचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** इमलीखेड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्य चिकित्साधिकारी हरिद्वार के निर्देशन में हिमालय हॉस्पिटल जौलीग्रांट के चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

गुरुवार को आयोजित इस शिविर में मरीजों को नि:शुल्क जांच, दवाइयों का वितरण और विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श प्रदान किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राव अकरम, डॉ. दिल्ली रमन एवं फार्मेसी अधिकारी बृजेश कुमार ने किया।शिविर में हिमालय हॉस्पिटल जौलीग्रांट से आए विशेषज्ञों में डॉ. मोहित (इंटरनल मेडिसिन), डॉ. अनमोल, डॉ. नासी (बाल रोग विशेषज्ञ), डॉ. अंजली (स्त्री रोग विशेषज्ञ) एवं डॉ. अक्षय सहित अन्य चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राव अकरम ने बताया कि शिविर में लगभग 325 मरीजों का उपचार किया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं की विशेष जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श भी दिया गया। उन्होंने कहा कि सुरक्षित प्रसव के लिए अस्पताल में ही डिलीवरी कराना जरूरी है, इसके लिए




जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। फार्मेसी अधिकारी बृजेश कुमार ने बताया कि इस प्रकार के शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।इस दौरान नेहा चेहल, किरण नाथ, भावना, नर्सिंग अधिकारी मनीष सैनी, रविंद्र प्रताप, अरविंद सैनी, मनोज कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

CMYK



# सीएम ने किया 60 वीर नारियों व 80 वीर योद्धाओं को सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को खटीमा के खेतलसंडा स्थित सीएसडी कैंटीन में सेवा संकल्प धारिणी फाउंडेशन द्वारा स्व. सूबेदार शेर सिंह धामी की छठी पुण्यतिथि पर आयोजित गौरव सैनिक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने 715.51 लाख रुपये की लागत से निर्मित सीएसडी कैंटीन एवं 162.26 लाख रुपये से निर्मित सैनिक मिलन केन्द्र का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान अपने पिता स्व. सूबेदार शेर सिंह धामी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने शहीदों के परिजनों एवं वीर नारियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर उन्होंने 60 वीर नारियों एवं 80 वीर योद्धाओं को सम्मानित किया।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की माताजी श्रीमती विशना देवी, एवं मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती गीता पुष्कर धामी भी मौजूद थे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा, राम सिंह कैड़ा, अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी उपस्थित थे।




■ पूर्व सैनिकों को मिला तोहफा, सीएम ने किया सीएसडी कैंटीन व सैनिक मिलन केन्द्र का लोकार्पण ■ मुख्यमंत्री का रोड शो में जनता व जनप्रतिनिधियों ने पुष्पवर्षा कर किया भव्य स्वागत

### सैनिकों, शहीदों और उनके परिजनों के कल्याण को राज्य सरकार प्रतिबद्धः सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सैनिकों, शहीदों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शहीदों के परिजनों को मिलने वाली अनुग्रह राशि में वृद्धि की गई है तथा आश्रितों को सरकारी नौकरी दी जा रही है। इसके साथ ही वीरता पुरस्कार प्राप्त सैनिकों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता में भी उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परमवीर चक्र से सम्मानित सैनिकों को दी जाने वाली राशि को 50 लाख रुपये से बढ़ाकर डेढ़ करोड़ रुपये किया गया है। इसके अतिरिक्त देहरादून में भव्य सैन्य धाम का निर्माण किया जा रहा है, जिससे आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति की प्रेरणा मिलेगी। राज्य सरकार द्वारा बलिदानियों के परिवारों को सरकारी नौकरी के लिए आवेदन अवधि 2 वर्ष से बढ़ाकर 5 वर्ष कर दी गई है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के रक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

### सैनिकों का सम्मान करना हम सभी के लिए गौरव की बात : जोशी

कार्यक्रम में सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने भी अपने संबोधन में कहा कि सैनिकों का सम्मान करना हम सभी के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सैनिकों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है और भविष्य में भी इस दिशा में और प्रयास किए जाएंगे।

### बचपन में पिताजी सुनाते थे वीर सैनिकों की कहानियां

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह उनके लिए अत्यंत भावुक क्षण है, क्योंकि यह आयोजन उनके पिताजी की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि 6 वर्ष पूर्व का यह दिन उनके जीवन का सबसे दुखद दिन था, जब उन्होंने अपने पिता को खो दिया। उन्होंने बताया कि उनके पिताजी के विचार, सिद्धांत और संघर्षपूर्ण जीवन आज भी उन्हें प्रेरित करते हैं और हर कदम पर मार्गदर्शन देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके पिताजी अपनी वर्दी को अत्यंत सम्मान और सलीके से रखते थे। उनसे उन्हें यह सीख मिली कि एक सैनिक के लिए उसकी वर्दी ही उसका सम्मान और जिम्मेदारी होती है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पिताजी ने उन्हें सिखाया कि राजनीति पद प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि जनसेवा का मार्ग है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके पिताजी ने 28 वर्षों तक महार रेजिमेंट में सेवा देते हुए 1962 के भारत-चीन युद्ध, 1965 व 1971 के भारत-पाक युद्ध तथा ऑपरेशन ब्लूस्टार और ऑपरेशन रक्षक जैसे महत्वपूर्ण अभियानों में योगदान दिया। उन्होंने कहा कि बचपन में वे अपने पिताजी से वीर सैनिकों की कहानियां सुनते थे, जिनसे उन्हें देशभक्ति और बलिदान की प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा कि भले ही वे स्वयं सेना में नहीं हैं, लेकिन सैनिकों को अपना आदर्श मानते हुए राष्ट्र सेवा के लिए कार्य कर रहे हैं।

# हर जिले में कम से कम एक मॉडल स्किल सेंटर बनाया जाए : सीएस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय में एशियन डेवलपमेंट बैंक और उत्तराखण्ड सरकार के निर्माण सम्बन्धी विभागों के मध्य बैठक हुई। बैठक के दौरान एडीबी द्वारा उत्तराखण्ड में विभिन्न विभागों के चल रहे प्रोजेक्ट्स पर चर्चा हुई। इस अवसर पर मुख्य सचिव के निर्देश पर विभागों द्वारा अपने महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स का प्रस्तुतीकरण भी किया गया।

मुख्य सचिव ने एडीबी के अधिकारियों से प्रदेश में कौशल विकास से संबंधित प्रोजेक्ट्स पर कार्य किए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रत्येक जनपद में कम से कम एक मॉडल स्किल सेंटर बनाया जाए। इसमें युवाओं के कौशल विकास के साथ ही सर्टिफिकेशन और 100 प्रतिशत प्लेसमेंट पर फोकस किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को इसके लिए एक होलिस्टिक प्लान तैयार किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने लोक निर्माण विभाग के प्रदेश में पुलों के निर्माण और लैंड स्लाइड जोन का ट्रीटमेंट कार्य को भी

■ एशियन डेवलपमेंट बैंक और उत्तराखण्ड सरकार के निर्माण सम्बन्धी विभागों के बीच बैठक आयोजित

एडीबी द्वारा वित्तपोषित किए जाने हेतु प्रस्ताव एडीबी को प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने टिहरी झील रिंग रोड को एडीबी द्वारा वित्तपोषित किए जाने की बात भी कही। कहा कि इस योजना को प्राथमिकता पर लिया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं को भी एडीबी द्वारा वित्तपोषित किया जा सकता है। उन्होंने जायका से वित्तपोषित जनपदों को छोड़कर अन्य जनपदों के प्रस्तावों को एडीबी द्वारा वित्तपोषित किया जाए। मुख्य सचिव ने अर्बन मोबिलिटी और अर्बन प्लानिंग को भी एडीबी में शामिल किए जाने की बात कही। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव नितेश कुमार झा, डॉ पंकज कुमार पांडेय, दिलीप जावलकर, एडीबी से अशोक श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# उद्यमिता राष्ट्र निर्माण की एक सशक्त शक्तिः राज्यपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने नई दिल्ली में आयोजित मिलेनियल इंडिया इंटरनेशनल चौंबर ऑफ कॉमर्स, इंडस्ट्री एंड एग्रीकल्चर लीजेंड एंटरप्राइज अवार्ड्स-2026 में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। यह कार्यक्रम मिलेनियल इंडिया इंटरनेशनल चौंबर ऑफ कॉमर्स, इंडस्ट्री एंड एग्रीकल्चर की स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उद्यमिता केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की एक सशक्त शक्ति है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सफल उद्यम के पीछे दृढ़ संकल्प, कठिन परिश्रम और विपरीत परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता होती है। अपने सैन्य अनुभवों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि नेतृत्व की वास्तविक परीक्षा कठिन परिस्थितियों में होती है।





■ नई दिल्ली में मिलेनियल इंडिया इंटरनेशनल चौंबर ऑफ कॉमर्स, इंडस्ट्री एंड एग्रीकल्चर लीजेंड एंटरप्राइज अवार्ड्स-2026 में शामिल हुए राज्यपाल

राज्यपाल ने कहा कि मिलेनियल इंडिया इंटरनेशनल चौंबर ऑफ कॉमर्स, इंडस्ट्री एंड एग्रीकल्चर जैसे संस्थान सरकार और उद्योग के बीच सेतु का कार्य करते हैं, जिससे संवाद, समन्वय और सहयोग को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने संस्था द्वारा पिछले एक दशक में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने में निभाई गई भूमिका की सराहना की।

उन्होंने 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि इस संकल्प को साकार करने में सभी हितधारकों की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकार अनुकूल वातावरण प्रदान करती है, जबकि उद्योग और उद्यमी नवाचार, निवेश और क्रियान्वयन के माध्यम से विकास को गति देते हैं। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में पर्यटन, एमएसएमई और अन्य क्षेत्रों में हो रही प्रगति राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बना रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सतत एवं संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

## चारधाम यात्रा: 16 अप्रैल से सक्रिय होंगे हाईटेक चेक पोस्ट

**देहरादून।** आगामी 19 अप्रैल से शुरू हो रही विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए परिवहन विभाग ने कमर कस ली है। विभाग की तैयारियां अब अपने अंतिम चरण में हैं। यातायात प्रबंधन को स्मार्ट बनाने के लिए 16 अप्रैल से सभी प्रमुख चेक पोस्टों को सक्रिय कर दिया जाएगा। इस बार यात्रा मार्ग पर तकनीक का विशेष उपयोग किया जा रहा है, जिसमें एएनपीआर कैमरे और वाई-फाई युक्त चेक पोस्ट मुख्य आकर्षण होंगे।परिवहन विभाग ने आशारोड़ी, कोठाल गेट, ऋषिकेश, भद्रकाली और सोनप्रयाग सहित विभिन्न स्थानों पर चेक पोस्ट स्थापित किए हैं। संभागीय परिवहन अधिकारी संदीप सैनी ने बताया कि इस वर्ष सभी चेक पोस्ट वाई-फाई सुविधा से लैस होंगे। चारधाम रूट पर लगने वाले जाम से निपटने के लिए विभाग ने विशेष रणनीति बनाई है। हर्बटपुर और ऋषिकेश ट्रांजिट कैंप पर वाहनों की पूर्व जांच की जाएगी। इससे कटा पत्थर और भद्रकाली जैसे संवे. दनशील क्षेत्रों में वाहनों का दबाव कम होगा और जाम की स्थिति पैदा नहीं होगी।

# स्कूलों में रिकॉर्ड समय में वितरित की गई 23 लाख निःशुल्क किताबें

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे की शिक्षा व्यवस्था में पहली बार नये शिक्षा सत्र के शुभारम्भ के मात्र एक सप्ताह के भीतर प्रदेशभर के राजकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में 23,71,789 निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें छात्र-छात्राओं को वितरित की गई। यह उपलब्धि शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के नेतृत्व एवं सतत प्रयासों का प्रतिफल है। जिनकी पहल पर कक्षा-1 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को समय पर किताबें मिली हैं। नई किताबें मिलने से जहां विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियां निर्बाध रूप से संचालित होंगी वहीं बच्चों को पढ़ाई करने में भी आसानी होगी।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की सख्ती के बाद शिक्षा विभाग ने वर्षों से चली आ रही देरी की परम्परा को तोड़ते हुये पहली बार छात्र-छात्राओं को समय पर निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई है। शिक्षा विभाग के मुताबिक नये शैक्षिक सत्र-2026-27 के शुरू होते ही विद्यालयों में कक्षा-01 से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को किताबें वितरित कर दी गई है।



नये शिक्षा सत्र के एक सप्ताह के भीतर 23 लाख से अधिक निःशुल्क किताबें बच्चों को वितरित कर दी गई है। पहली बार बच्चों को नये शिक्षा सत्र शुरू होते ही किताबें मिली है जो शिक्षा व्यवस्था में बड़े साकारात्मक बदलाव का संकेत है। भविष्य में भी इसी तरह की व्यवस्था सुनिश्चित हो इसके लिये अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं, हमारी प्राथमिकता प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है, ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल हो।

**डॉ. धन सिंह रावत,**
**विद्यालयी शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड**

■ विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. रावत की एक और पहल लाई रंग ■ 25 वर्षों में पहली बार सत्र शुरू होते ही छात्रों को मिली पाठ्य पुस्तकें

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि सभी जनपदों से कुल 7818145 पाठ्य पुस्ताकें की मांग प्राप्त हुई थी, जिसमें से अधिकांश पुस्तकें उलब्ध करा दी गई जबकि अवशेष पुस्तकों का वितरण युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

विद्यालयों में किताबों की कोई कमी न हो इसके लिये संबंधित अधिकारियों को निरंतर मॉनिटिरिंग के साथ-साथ फीडबैक लेने के निर्देश दे दिये गये हैं।

अधिकारियों ने बताया कि विद्यालयों में समय पर किताबें मिलने से जहां शैक्षणिक गतिविधियां बिना किसी बाधा के संचालित हो रही हैं, वहीं छात्र-छात्राओं में पढ़ाई के प्रति उत्साह भी बढ़ा है। वहीं अभिभावकों ने भी सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए इसे शिक्षा व्यवस्था में एक बड़ा सुधार बताया है।

### किस जनपद में कितनी किताबें की गई वितरित

सत्र शुरू होने के एक सप्ताह के भीतर विभाग ने 2371789 निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित कर दी है। जिसमें अल्मोड़ा जनपद के विभिन्न विद्यालयों में 137334 किताबें बांटी गई। इसी प्रकार बागेश्वर में 46891, चमोली 129461, चम्पावत 78142, देहरादून 436134, हरिद्वार 446311, नैनीताल 197687, पौड़ी 107799, पिथौरागढ़ 118329, रूद्रप्रयाग 74869, टिहरी 104559, ऊधमसिंह नगर 425176 तथा उत्तरकाशी जनपद के विद्यालयों में 69097 पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया।

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा हमारी व्यक्तिगत जिम्मेदारी: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि इस वर्ष देवभूमि उत्तराखंड की जीवन रेखा चारधाम यात्रा को हर दृष्टि से अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित, स्वच्छ और तकनीकी रूप से सशक्त बनाया जाए, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव मिल सके।

मुख्यमंत्री धामी ने संबंधी अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि यात्रा में हर पक्ष विशेषकर हेली सेवाओं के संबंध में व्यावसायिक दृष्टिकोण की अपेक्षा मानवीय संवे. दनशीलता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए द्य देश और दुनिया भर से आने वाले श्रद्धालओ की सुरक्षा और सुविधा हमारी व्यक्तिगत जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री धामी गुरुवार को सचिवालय स्थित वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली सभागार, विश्वकर्मा भवन में चारधाम यात्रा-2026 की तैयारियों को लेकर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक ले रहे थे । मुख्यमंत्री धामी ने पिछले वर्ष प्रारंभ की गई 'ग्रीन एवं क्लीन चारधाम यात्रा' मुहिम को इस बार और अधिक प्रभावी रूप में लागू करने के निर्देश दिए।



■ चारधाम यात्रा-2026 को लेकर मुख्यमंत्री धामी का सख्त एक्शन प्लान तैयार ■ व्यावसायिक दृष्टिकोण की अपेक्षा मानवीय संवेदनशीलता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश ■ 'ग्रीन एवं क्लीन यात्रा' को इस बार और व्यापक बनाने के निर्देश

उन्होंने प्लास्टिक मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के लिए यात्रा मार्गों पर पर्याप्त संख्या में कलेक्शन बॉक्स स्थापित करने तथा प्लास्टिक के उपयोग पर सख्ती से नियंत्रण करने को कहा। साथ ही चेतावनी दी कि चारधाम यात्रा को लेकर कोई भी भ्रामक या अफवाह फैलाने का प्रयास करेगा, उसके खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने स्थानीय निकायों, स्वयंसेवी संस्थाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया, ताकि यात्रा को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जा सके। हेली सेवाओं के संचालन को लेकर मुख्यमंत्री ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित एसओपी का पूरी सख्ती से पालन किया जाए, सभी हेलीकॉप्टरों की नियमित मेंटेनेंस और फिटनेस जांच अनिवार्य हो तथा ऑपरेशनल ओवरलोडिंग से बचने के लिए समय-समय पर सेवाओं को पर्याप्त विश्राम दिया जाए। मुख्यमंत्री धामी ने मौसम आधारित रियल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए, जिससे किसी भी आपात स्थिति से समय रहते निपटा जा सके। उन्होंने प्रमुख स्थलों पर आकर्षक सेल्फी प्वाइंट और थीम आधारित इंस्टॉलेशन विकसित करने के साथ-साथ यात्रा मार्गों पर स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और साइनज को बेहतर बनाने को कहा।

आपूर्ति व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट किया कि यात्रा मार्ग पर गैस, पेट्रोल, डीजल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए जिला पूर्ति अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जाए और अलग से नोडल अधिकारी नियुक्त कर दैनिक मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा मार्गों पर पर्याप्त मेडिकल यूनिट्स और आवश्यकतानुसार अस्थायी अस्पताल स्थापित किए जाएं। पशुओं के उपचार के लिए पशु चिकित्सालयों की संख्या और सुविधाओं को भी बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही ब्ंट और अन्य संसाधनों के माध्यम से स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

बैठक में कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी, वर्चुअल माध्यम से कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, विधायकगण, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तथा संबंधित जनपदों के जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# CCTV और AI आधरित निगरानी से पूरी चारधाम यात्रा होगी हाईटेक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि इस वर्ष देवभूमि उत्तराखंड की जीवन रेखा चारधाम यात्रा को हर दृष्टि से अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित, स्वच्छ और तकनीकी रूप से सशक्त बनाया जाए।

उन्होंने कहा कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रणाली को और मजबूत करते हुए भीड़भाड़ वाले रजिस्ट्रेशन केंद्रों पर अतिरिक्त बूथ बढ़ाने और डिजिटल प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाने के निर्देश दिए गए। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूरे यात्रा मार्ग पर सीसीटीवी कैमरों को पूर्ण रूप से सक्रिय रखने और आवश्यकता अनुसार एआई आधारित निगरानी प्रणाली लागू करने को कहा गया। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त निगरानी और कंट्रोल रूम से लगातार मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए मुख्य मार्गों, चौराहों और बाजारों में पुलिस एवं होमगार्ड्स की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने ट्रैफिक प्रबंधन को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए कि जाम की स्थिति बिल्कुल उत्पन्न न हो और इसके लिए प्रभावी ट्रैफिक प्लान लागू किया जाए। स्थानीय नागरिकों की आवाजाही प्रभावित न हो, इसके लिए वैकल्पिक मार्गों की पहचान और संचालन भी सुनिश्चित किया जाए।

■ ट्रैफिक जाम रोकने के लिए सख्त प्लान और वैकल्पिक मार्ग तैयार

श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए मुख्यमंत्री ने शौचालय, विश्राम स्थल (शेल्टर) और अन्य मूलभूत सुविधाओं के व्यापक विकास के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दर्शन के लिए लंबा इंतजार न हो, इसके लिए स्लॉट मैनेजमेंट और भीड़ नियंत्रण प्रणाली को प्रभावी बनाया जाए तथा रियल-टाइम डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम का उपयोग किया जाए।

आपदा प्रबंधन को लेकर मुख्यमंत्री ने संभावित जोखिम वाले क्षेत्रों की पूर्व पहचान कर आवश्यक संसाधनों की तैनाती करने को कहा। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा 24×7 कंट्रोल रूम और हेल्पलाइन को सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया दी जा सके। सीएम धामी ने यात्रा अवधि के दौरान नियमित समीक्षा बैठकों के माध्यम से प्रगति की निगरानी करने और पिछले वर्षों के अनुभवों से सीख लेकर सुधारात्मक कदम तत्काल लागू करने के निर्देश दिए।

# दिल्ली में बैठ रिमोट से पार्टी चलाने वालों का दौरा नौटंकी: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने कांग्रेस प्रभारी के दौरे को दिल्ली में बैठ रिमोट से पार्टी चलाने वालों की राजनैतिक नौटंकी करार दिया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने तंज किया कि जो अपने राज्य में कभी जीत नहीं दिला लाए, वो उत्तराखंड में खुली आंख से सत्ता की तैयारी के सपने दिखा रहे हैं। कांग्रेसी एकता के दावों पर कटाक्ष किया कि ज्वाइनिंग को लेकर फैलाए झूठ का गुब्बारे की हवा, आंतरिक गुटबाजी से पूरी तरह निकल गई है। वहीं अपने ही वरिष्ठ नेता हरदा के अपमान को शह देने वालों का ज्ञान प्रदेशवासियों को हजम नहीं होने वाला।

विभिन्न माध्यमों से मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों पर दिए जबाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रभारी का दौरा उनका अंदरूनी मामला है। लेकिन इस दौरान जिस तरह के दावे वह कर रही है वो दिन में सपने देखने जैसा है। क्योंकि आज पीएम मोदी और सीएम धामी के नेतृत्व में प्रदेश का चौमुखी विकास हो रहा है। जनता सरकार के कदमों से कदम मिलाते हुए विकसित उत्तराखंड निर्माण में आगे बढ़ रही है। ऐसे में प्रदेशवासियों की नजर में उत्तराखंड का दशक लाने के संकल्प पूर्ति में भाजपा से बेहतर कोई विकल्प नहीं है। विचारहीन, सिद्धांतहीन और मुद्दाविहीन पार्टी के प्रभारी अपने कार्यकर्ताओं को दिन में सत्ता के सपने दिखा रही हैं।



■ पार्टी जॉइनिंग के झूठ का गुब्बारा आंतरिक बगावत से पूरी तरह फूटा

उन्होंने तंज किया कि जो उत्तराखंड में बदलाव का दावा कर रहे हैं उनका चुनाव में जीत दिलाने का खुद का ट्रैक रिकॉर्ड बेहद खराब है। उनके अध्यक्ष काल से हरियाणा में कांग्रेसी हार का सिल. सिला आज तक नहीं टूटा है। जो लोग यह समझ रहे हैं कि उनके आने से कांग्रेस की गुटबाजी कम होगी, वे बड़ी गलतफहमी में हैं। सच तो यह है कि हरियाणा में वे स्वयं कांग्रेस की आपसी कलह और गुटबाजी का पर्याय मानी जाती हैं। वहां उनके नेतृत्व में गुटबाजी का ये आलम है कि दिल्ली दरबार में आज भी फाइल खुली हुई है। भाजपा ने उनके दौरे को राजनैतिक नौटंकी करार देते हुए कहा कि ये दिल्ली में बैठकर रिमोट से राज्य के संगठन को चलाने वाले लोग हैं। इनके राज्य के नेताओं की भी धरातल से पकड़ पूरी तरह समाप्त हो गई है। दरअसल प्रभारी के उत्तराखंड न आने को लेकर स्वयं कांग्रेस के भीतर जबरदस्त नाराजगी और आलोचना का माहौल था। यही वजह है है कि कार्यकर्ताओं के बढ़ते दबाव और अपनी किरकिरी होते देख वे केवल खानापूर्ति के लिए यहाँ पहुंची हैं।

उन्होंने कांग्रेस पर व्यंग किया कि कुछ दिन पहले 5 लोगों को पार्टी में शामिल कराकर जो 'सफलता का गुब्बारा' फुलाया गया था, वह वहां की आंतरिक बगावत से अब पूरी तरह फूट चुका है।

## दो नश तस्कर महिलाओं समेत तीन गिरफ्तार

**देहरादून।** एसएसपी के निर्देशों पर चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान कोतवाली पटेलनगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मूलचन्द इन्क्लेव के पास स्थित खाली ग्राउंड से राहुल कश्यप(30 वर्ष) को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर अभियुक्त के कब्जे से 5.89 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख 80 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। जौलीग्रांट स्थित भुईया देवी मंदिर के पास आकस्मिक चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध महिलाओं को रोका। तलाशी में सुमन (25 वर्ष) के पास से 130 ग्राम और कुन्ती(30 वर्ष) के पास से 125 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। दोनों महिलाएं मेरठ (उत्तर प्रदेश) की रहने वाली हैं।

# चारधाम यात्रा: पंजीकरण पहुंचा 13.98 लाख के पार

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड की प्रसिद्ध चारधाम व हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। गुरूवार शाम 4 बजे तक कुल ऑनलाइन 13,98,237 श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं।

हालांकि उत्तराखंड के प्रमुख ऑफलाइन केंद्रों, हरिद्वार, ऋषिकेश, नयागांव, हर्बर्टपुर और ऋषिकेश ट्रांजिट कैंप में अभी एक भी श्रद्धालु का पंजीकरण नहीं हुआ, जिससे साफ है कि फिलहाल पूरी प्रक्रिया

ऑनलाइन माध्यम पर ही केंद्रित है। चारधाम यात्रा 2026 के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु उत्साहित हैं, लेकिन सीमित स्लॉट के चलते आगे पंजीकरण में सावधानी और योजना बनाकर आगे बढ़ना जरूरी होगा।



■ केदारनाथ धाम के लिए सबसे अधिक 4,74,778 पंजीकरण हुए

■ ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शून्य, यात्रा को सुचारू बनाने को पंजीकरण अनिवार्य

**पंजीकरण के धामवार आंकड़े:** केदारनाथ धाम के लिए सबसे अधिक 4,74,778 पंजीकरण हुए हैं। इसके बाद बद्रीनाथ धाम में 4,12,808 श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। वहीं, गंगोत्री धाम के लिए 2,52,942 और यमुनोत्री धाम के लिए 2,46,262 पंजीकरण दर्ज हुए हैं। वहीं हेमकुंड साहिब के लिए अब तक 11,447 श्रद्धालु रजिस्टर हुए हैं।

प्रशासन का कहना है कि यात्रा को सुचारू और सुरक्षित बनाने के लिए पंजीकरण अनिवार्य किया गया है और श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे यात्रा से पहले समय पर रजिस्ट्रेशन अवश्य कराएं।

CMYK

शाह टाइम्स

**सम्पादकीय**

शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# टीएमसी बनाम चुनाव आयोग

यूं तो एक केंद्रशासित प्रदेश सहित पांच राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, लेकिन इनमें सबसे अधिक चर्चा पश्चिम बंगाल में एसआईआर में हुई धांधली को लेकर हो रही है, बल्कि अगर हम यह कहें कि वहां की सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी और चुनाव आयोग सीधे आमने-सामने आ गए हैं, तो गलत नहीं होगा। टीएमसी के सांसद डेरेक ऑ ब्रायन ने तो बेहद तीखे शब्दों में यहां तक कह डाला कि चुनाव आयोग अपनी मनमानी पर उतारू है। उनका कहना है कि जब उनके नेतृत्व में एक टीएमसी का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मिला, तो उन्होंने केवल पांच मिनट में ही हमें बाहर का रास्ता दिखा दिया। अगर वास्तव में ऐसा है, तो यह बेहद खतरनाक स्थिति है। हालांकि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अपनी सफाई में कहा है कि उन्होंने ब्रायन से केवल इतना कहा था कि आप अपनी बात को शांति के साथ रखें और दुर्व्यवहार न करें। यह कोई पहला मौका नहीं है, जब चुनाव आयोग को लेकर विपक्षी खेमे से आवाज बुलंद होती दिखाई दे रही है, क्योंकि टीएमसी ही नहीं लगभग तमाम विपक्षी दल एक स्वर में यह आरोप लगाते रहे हैं कि चुनाव आयोग केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रहा है। अब यह कितना सच है इसकी जांच कौन करे पर हां इतनी बात तो कहनी ही पड़ेगी कि चुनाव आयोग विशेषकर ज्ञानेश कुमार का जिस तरह का रवैया सार्वजनिक रूप से सामने आया है, उसको देखकर नहीं लगता कि वह सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं। हम सभी को समझना होगा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव बेहद आवश्यक होते हैं। किसी भी काम का सही होना ही काफी नहीं होता, बल्कि वह सही होता भी दिखाई देना चाहिए। यह बात इस आधार पर कही जा रही है कि मुख्य चुनाव आयुक्त बार-बार यह आश्वासन देते दिखाई देते हैं कि चुनाव में पूरी पारदर्शिता व ईमानदारी बरती जाएगी और किसी को भी उसके पात्र वोट से वंचित नहीं किया जाएगा, लेकिन उनका यह दावा वास्तविकता के धरातल पर दिखाई नहीं देता। जो लोकतंत्र को जानते हैं वह अच्छी तरह समझते हैं कि जिस तरह लोगों द्वारा सत्ता में आई सरकार की बेहद जरूरत होती है, ठीक उसी तरह विपक्ष की भी अपनी एक अहमियत होती है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विपक्ष की अहमियत को नकारा नहीं जा सकता, क्योंकि विपक्ष के लोग भी आखिर जनता द्वारा चुने हुए ही प्रतिनिधि होते हैं और विपक्ष का काम यही होता है कि वह सरकार के कामकाज पर नजर रखे और जहां गलत हो उसके विरुद्ध आवाज उठाए, तो ऐसे में विपक्ष की आवाज को भी सुनना चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता, तो चुनाव आयोग को समझना होगा कि उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठेंगे ही, जैसेकि पश्चिमी बंगाल में उठ भी रहे हैं। जाहिर है सभी को साथ लेकर नहीं चला जाएगा, तो चुनाव आयोग की साख पर सवाल उठेंगे।

## पटरी से उतर सकते हैं शांति के प्रयास



युद्धविराम की स्थिति सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका को इजरायल पर लगाम कसनी चाहिए, निरंतर होते हमले पश्चिम एशिया में शांति प्रयासों को पटरी से उतार सकते हैं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बयानों में असंगति तथा अनुचित भाषा उनके पद की गरिमा के अनुकूल नहीं है, ईरान ने संघर्ष की शुरुआत नहीं की थी और युद्ध उस पर थोपा गया था , यदि युद्धविराम विफल होता है, तो इसकी जिम्मेदारी ईरान पर नहीं, बल्कि इजरायल पर डाली जानी चाहिए , पाकिस्तान वह करने में सफल रहा, जो दूसरे नहीं कर सके, इजरायल के साथ भारत के घनिष्ठ संबंधों ने शायद उसके राजनयिक दायरे को सीमित कर दिया है।

**-उमर अब्दुल्ला, मुख्यमंत्री,जम्मू-कश्मीर**

# क्या भारतीय राजनीति में अब उम्र की सीमा तय होनी चाहिए

**आज देश की राजनीति की सबसे बड़ी समस्या यह है कि कई दल कुछ पुराने चेहरों तक सिमट गए हैं । नई सोच, नए विचार और नए नेतृत्व के लिए जगह ही नहीं बची । हजारों युवा कार्यकर्ता वर्षों तक मेहनत करते हैं, लेकिन आगे बढ़ नहीं पाते, क्योंकि ऊपर की जगह खाली नहीं होती ।**





**प्रो. आर.के. जैन**

6 अप्रैल को राज्यसभा के शपथ ग्रहण कक्ष में जो दृश्य दिखाई दिया, उसने पूरे देश को भीतर तक झकझोर दिया। 85 वर्षीय शरद पवार व्हीलचेयर पर बैठकर सदन में पहुंचे। सदन में अचानक सन्नाटा छा गया। दशकों तक महाराष्ट्र की राजनीति को अपनी रणनीति, दूरदर्शिता और प्रभाव से दिशा देने वाला यह बड़ा नेता उस दिन बेहद कमजोर और थका हुआ दिखाई दे रहा था। शपथ के शब्द बोलते समय उनकी आवाज कांप रही थी, शब्द लड़खड़ा रहे थे और चेहरा थकान से भरा हुआ था। वह केवल एक शपथ ग्रहण समारोह नहीं था वह भारतीय राजनीति के सामने खड़ा एक कठोर और असहज प्रश्न था क्या सत्ता का मोह इतना बड़ा हो सकता है कि शरीर जवाब दे देने के बाद भी नेता कुर्सी छोड़ने को तैयार न हों?

यही वह क्षण था, जिसने राजनीति में सेवानिवृत्ति की आवश्यकता पर नई बहस खड़ी कर दी। जिस प्रकार सेना, न्यायपालिका, प्रशासन और अन्य महत्वपूर्ण संस्थाओं में एक निश्चित आयु के बाद व्यक्ति को जिम्मेदारी छोड़नी पड़ती है, उसी प्रकार राजनीति में भी कोई स्पष्ट सीमा क्यों नहीं होनी चाहिए? क्या देश और राज्यों का भविष्य अनिश्चितकाल तक कुछ ही लोगों के हाथों में रहना चाहिए? क्या लोकतंत्र का अर्थ केवल यही है कि एक ही पीढ़ी लगातार सत्ता में बनी रहे? राजनीति केवल अनुभव का क्षेत्र नहीं है। यह ऊर्जा, सक्रियता, त्वरित निर्णय और बदलते समय को समझने की क्षमता का भी क्षेत्र है। यदि व्यवस्था में समय पर परिवर्तन नहीं होगा, तो राजनीति धीरे-धीरे ठहराव का शिकार हो जाएगी।

सबसे बड़ा सच यह है कि उम्र के साथ अनुभव बढ़ता है, लेकिन शरीर और मन की सीमाएं भी सामने आने लगती हैं। आज की राजनीति पहले जैसी नहीं रही। अब केवल भाषण देना या चुनाव जीतना काफी नहीं। नेता को तकनीक समझनी होती है, युवाओं की आकांक्षाएं सुननी होती हैं, बदलती अर्थव्यवस्था पर नजर रखनी होती है और तेज फैसले लेने होते हैं। ऐसे समय में यदि कोई नेता शारीरिक रूप से कमजोर हो, चलने-फिरने में कठिनाई हो या लंबे समय तक बोल न पाता हो, तो वह कितनी प्रभावी भूमिका निभा पाएगा? केवल पद पर बने रहना और सक्रिय नेतृत्व करना, दोनों अलग बातें हैं।

शरद पवार के मामले में यह सवाल इसलिए गंभीर हो जाता है, क्योंकि उन्होंने महाराष्ट्र और देश की राजनीति में लंबे समय तक अहम भूमिका निभाई है। उनके अनुभव और राजनीतिक कौशल पर कभी संदेह नहीं रहा। लेकिन राज्यसभा में शपथ के दौरान उनकी हालत ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। कांपती आवाज और थकी हुई देह देखकर हर किसी के मन में एक ही सवाल उठाकृक्या इस अवस्था में वे राज्यसभा में प्रभावी भूमिका निभा पाएंगे? क्या वे किसानों, युवाओं, उद्योगों और विकास के मुद्दों पर पहले जैसी सक्रियता दिखा पाएंगे? जब शरीर जवाब देने लगे, तब कुर्सी पर बने रहना ताकत नहीं, विवशता लगने लगता है।

अब समय आ गया है कि राजनीति में भी सेवानिवृत्ति की एक स्पष्ट सीमा तय हो। यदि 75 या 80 वर्ष के बाद नेता सक्रिय पद छोड़कर मार्गदर्शक बनें, तो इससे राजनीति कमजोर नहीं, बल्कि अधिक मजबूत होगी। उनका अनुभव और प्रभाव खत्म नहीं होगा वे सलाहकार, संरक्षक और प्रेरणा-स्रोत बने रहेंगे, लेकिन नेतृत्व उन लोगों के हाथों में जाएगा, जिनके पास ऊर्जा, नई सोच और बदलते समय के साथ चलने की क्षमता है। लोकतंत्र की असली ताकत इसी संतुलन में है। जहां अनुभव रास्ता दिखाए और नई पीढ़ी आगे बढ़कर जिम्मेदारी संभाले।

आज देश की राजनीति की सबसे बड़ी समस्या यह है कि कई दल कुछ पुराने चेहरों तक सिमट गए हैं। नई सोच, नए विचार और नए नेतृत्व के लिए जगह ही नहीं बची। हजारों युवा कार्यकर्ता वर्षों तक मेहनत करते हैं, लेकिन आगे बढ़ नहीं पाते, क्योंकि ऊपर की जगह खाली नहीं होती। नतीजा यह होता है कि निराशा बढ़ती है, संगठन जड़ हो जाता है और जनता का भरोसा कमजोर पड़ने लगता है। जब नई पीढ़ी को मौका नहीं मिलेगा, तो युवाओं की समस्याएं कौन समझेगा? बेरोजगारी, शिक्षा, तकनीक, कृषि, स्टार्टअप और बदलती अर्थव्यवस्था को वही पीढ़ी बेहतर समझ सकती है, जो इन्हें खुद जी रही है। इसलिए अब समय है कि नई पीढ़ी के लिए रास्ता खोला जाए।

कुछ लोग यह तर्क देते हैं कि यदि कोई नेता स्वस्थ है, तो उसे राजनीति में बने रहने का अधिकार है। यह बात कुछ हद तक सही है, लेकिन केवल स्वस्थ होना काफी नहीं। राजनीति में बने रहने का फैसला केवल व्यक्ति की इच्छा नहीं, लोकतंत्र की जरूरत से तय होना चाहिए। यदि हर वरिष्ठ नेता खुद को सक्षम बताकर पद छोड़ने से इंकार करे, तो नई पीढ़ी को अवसर कब मिलेगा?

लोकतंत्र का मूल सिद्धांत है कि कोई भी पद स्थाई नहीं होता। व्यक्ति पद से बड़ा नहीं होता। उसका सम्मान तब और बढ़ता है, जब वह सही समय पर पीछे हटने का साहस दिखाए। कुर्सी छोड़ना हार नहीं, कई बार सबसे बड़ी जीत होती है। राज्यसभा में 6 अप्रैल 2026 को सामने आया वह क्षण केवल शरद पवार की निजी अवस्था का दृश्य नहीं था वह भारतीय राजनीति के लिए एक गहरी चेतावनी बनकर उभरा। उसने साफ संकेत दिया कि जब शरीर जवाब देने लगे, तब अंततः कुर्सी भी किसी नेता को सहारा नहीं दे सकती। सच्चा और महान नेता वही होता है, जो केवल सत्ता पर बने रहना नहीं जानता, बल्कि सही समय पर सम्मान के साथ उसे छोड़ने का साहस भी रखता है। आज शरद पवार जैसे वरिष्ठ नेताओं के सामने यह अवसर है कि वे स्वयं आगे बढ़कर राजनीति में सेवानिवृत्ति की नई परंपरा शुरू करें। यदि वे सम्मानपूर्वक पीछे हटकर नई पीढ़ी के लिए रास्ता खोलते हैं, तो वही उनका सबसे बड़ा, सबसे प्रेरक और सबसे ऐतिहासिक योगदान माना जाएगा।

# कैसे सुधरे भारतीय पुलिस स्टेशनों की स्थिति



**रजनीश कपूर**

अक्सर हम फिल्मों और वेब सीरीज में यह देखते हैं कि किस तरह भारत की पुलिस को बुनियादी सुविधाओं और लाचार पुरानी व्यवस्थाओं के चलते अक्सर कोर्ट और मीडिया का शिकार बनना पड़ता है। जबकि वास्तविक स्थिति सभी को पता है कि पुलिस वाले भी आखिर इंसान ही होते हैं। यदि पुलिस से उम्मीद की जाए कि वह कानून व्यवस्था बनाए रखे तो क्या पुलिस व पुलिस थानों में बुनियादी जरूरतों का ध्यान रखना सरकार की प्राथमिकता नहीं होनी चाहिए? इस बात को नजरंदाज नहीं किया जा सकता कि फिल्में व टीवी शो समाज का आईना होते हैं। इनमें दिखाए जाने वाली पुलिस की लाच. ारी वास्तविकता पर ही आधारित होती है। आज जब सरकार 'डिजिटल इंडिया' और 'मॉडर्न पो. लिसिंग' का नारा लगाती है, तब भी देश के अधिकांश पुलिस स्टेशन उसी औपनिवेशिक युग की इमारतों में कैद हैं। बुनियादी सुविधाओं की कमी, जर्जर इंफ्रास्ट्रक्चर और पुरानी व्यवस्था न केवल पुलिस कर्मियों के काम को बाधित कर रही है, बल्कि आम जनता के लिए भी ए स्टेशन आतंक का प्रतीक बने हुए हैं। 2025 के इंडिया जस्टिस रिपोर्ट के अनुसार, 83 प्रतिशत पुलिस स्टेशनों में कम से कम एक सीसीटीवी कैमरा जरूर लगा है, लेकिन ऐसे कई मामले हैं जिनमें सुप्रीम कोर्ट के मानकों का पालन असंगत है। 78 प्रतिशत स्टेशनों में महिला हेल्पडेस्क बनी हैं, फिर भी महिला पुलिसकर्मियों का राष्ट्रीय औसत मात्र 12 प्रतिशत है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्टेशनों की संख्या 2017-22 के बीच 7 प्रतिशत घट गई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में 4 प्रतिशत बढ़ी।

जनवरी 2023 के केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, देश में 17,849 पुलिस स्टेशन हैं, जिनमें से 58 में वाहन नहीं, 680 में लैंडलाइन फोन नहीं और 282 में मोबाइल फोन तक नहीं हैं। कई स्टेशनों में बिजली, इंटरनेट और डिजिटल साक्षरता की भारी कमी है। बीपीआरडी (ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट) ने आधुनिक पुलिस स्टेशन भवनों के लिए मानक तय किए हैं, जिनमें आगंतुकों के लिए प्रतीक्षा कक्ष, शौचालय, जांच कक्ष और रिकॉर्ड रूम शामिल हैं, लेकिन ज्यादातर राज्यों में इनका पालन नाममात्र का है। असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर मॉडर्नाइजेशन ऑफ पुलिस (एएसयूएमपी) योजना के तहत केंद्र ने 2025-26 में 540 करोड़ रूपए आवंटित किए, लेकिन इसमें भी उपयोगिता कम पाई गई। सवाल उठता है कि यह जर्जर इंफ्रास्ट्रक्चर पुलिस कार्य को किस तरह बाधित कर रहा है? स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) को 24 घंटे ड्यूटी पर रहना पड़ता है, लेकिन ज्यादातर थानों में न तो आराम कक्ष ठीक हैं, न बैरक स्वच्छ। मैनुअल पेपरवर्क, पुराने रिकॉर्ड और भीड़भाड़ के कारण जांच में देरी होती है। जनता शिकायत दर्ज कराने आती है तो प्रतीक्षा कक्ष न होने से खुले में खड़ी रहती है। महिला आगंतुकों के लिए अलग शौचालय की कमी आम है। परिणामस्वरूप, पुलिस पर भरोसा घटता है और अपराधी लाभ उठाते हैं। सबसे दर्दनाक स्थिति मालखाने (पुलिस रिकॉर्ड रूम) की है। यहां सबूत, हथियार, नशीले पदार्थ और संपत्ति रखी जाती है, लेकिन ज्यादातर स्टेशनों में यह कमरा गंदा, भीड़भाड़ वाला और असुरक्षित होता है। मैनुअल रजिस्टर, चूहों-कीड़ों का आतंक और अपर्याप्त जगह के कारण सबूत बिगड़ जाते हैं। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने 2024 में चूहों द्वारा सबूत नष्ट होने पर डीजीपी को आदेश दिया था कि मालखाने की नियमित देखभाल हो। दिल्ली के कई स्टेशनों में एक मालखाना अधिकारी के पास हजारों एग्जिबिट्स होते हैं, लेकिन स्टाफ की कमी से घंटों खोजबीन करनी पड़ती है। इससे सबूतों में छेड़छाड़, गुम होने या अदालत में अस्वीकार होने की घटनाएं आम हैं। कुछ राज्यों में ई-मालखाना शुरू हुआ है, जहां बारकोड और डिजिटल ट्रैकिंग से पारदर्शिता आई, लेकिन यह पूरे देश में लागू नहीं हुआ। इसी तरह, जब्त वाहनों की समस्या पर्यावरणीय आपदा बन चुकी है। देश भर के पुलिस स्टेशनों में हजारों जब्त कारें, बाइकें व अन्य छोटे बड़े वाहन सड़ रहे हैं। जो कि थानों से सटी सड़कों पर खड़े रहते हैं और यातायात बाधित करते हैं। ईंधन रिसाव, जंग, बरसाती पानी से मच्छर पनपते हैं, डेंगू-मलेरिया का खतरा बढ़ता है।

आग लगने का जोखिम तो हमेशा बना ही रहता है। पंजाब सरकार ने हाल ही में आदेश दिया कि सभी जब्त वाहन शहर से बाहर स्क्रैप यार्ड में शिफ्ट किए जाएं, लेकिन अन्य राज्यों में ऐसा नहीं हुआ। ऐसे में सुधार कैसे हो? सबसे पहले, बीपीआरडी के मॉडल पुलिस स्टेशन मानकों को सख्ती से लागू किया जाए। हर स्टेशन में डिजिटल रिकॉर्ड रूम (ई-मालखाना), सीसीटीवी नाइट विजन, पर्याप्त शौचालय, प्रतीक्षा कक्ष और महिला हेल्पडेस्क अनिवार्य हों। नियम उल्लंघन के बाद जब्त वाहनों के लिए अलग-अलग डिस्पोजल यार्ड और ऑनलाइन नीलामी की व्यवस्था हो।

# होम्योपैथी सौ से अधिक देशों में अपनाई जा रही है



**योगेश कुमार गोयल**

प्रतिवर्ष 10 अप्रैल को 'होम्योपैथी' के जनक माने जाने वाले जर्मन मूल के चिकित्सक, महान विद्वान, शोधकर्ता, भाषाविद और उत्कृष्ट वैज्ञानिक डा। क्रिश्चियन फेडरिक सैमुअल हैनीमैन के जन्मदिवस के अवसर पर 'विश्व होम्योपैथी दिवस' मनाया जाता है। होम्योपैथी को आधार बनाने के सिद्धांत से चिकित्सा विज्ञान की एक पूरी प्रणाली को प्राप्त करने का श्रेय डा. हैनीमैन को ही जाता है। इसीलिए उनके जन्मदिवस को 'विश्व होम्योपैथी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य चिकित्सा की इस अलग प्रणाली के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ प्रत्एक व्यक्ति तक इसकी पहुंच की सफलता दर को आसानी से बेहतर बनाना है। 10 अप्रैल 1755 को जन्मे डा. हैनीमैन के पास एमडी की डिग्री थी लेकिन उन्होंने बाद में अनुवादक के रूप में कार्य करने के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी थी। उसके बाद उन्होंने अंग्रेजी, फ्रांसीसी, इतालवी, ग्रीक, लैटिन इत्यादि कई भाषाओं में चिकित्सा, वैज्ञानिक पाठ्यपुस्तकों को सीखा। होम्योपैथी एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है, जो औषधियों तथा उनके अनुप्रयोग पर आधारित है।

देश में प्रतिवर्ष केन्द्रीय आयुष मंत्रालय होम्योपैथी दिवस की थीम निर्धारित करता है और देशभर में यह विशेष दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व होम्योपैथी दिवस 'सतत स्वास्थ्य के लिए होम्योपैथी' विषय के साथ मनाया जा रहा है। विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर इस वर्ष डा. हैनीमैन की 271वीं जयंती मनाई जा रही है। इस दिवस के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य भारत सहित दुनियाभर में होम्योपैथी औषधियों की सुरक्षा, गुणवत्ता और प्रभावकारिता को मजबूत करना, होम्योपैथी को आगे ले जाने की चुनौतियों और भविष्य की रणनीतियों को समझना, राष्ट्रीय नीतियों के विकास की रणनीति तैयार करना, अंतरपद्धति एवं अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान सहयोग, उच्चस्तरीय गुणवत्तापरक चिकित्सा शिक्षा, प्रमाण आधारित चिकित्सा कार्य और विभिन्न देशों में होम्योपैथी को स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में समुचित स्थान दिलाकर सार्वभौमिक स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त करना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का भी मानना है कि वैकल्पिक और परम्परागत औषधियों को बढ़ावा दिए बगैर सार्वभौमिक स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता और वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों में विश्व में होम्योपैथी का प्रमुख स्थान है।

अपनी कुछ अलग ही विशेषताओं के कारण होम्योपैथी आज विश्वभर में सौ से भी अधिक देशों में अपनाई जा रही है तथा भारत तो होम्योपैथी के क्षेत्र में विश्व का अग्रणी देश है। दरअसल होम्योपैथी दवाओं को विभिन्न संक्रमित और गैर संक्रमित बीमारियों के अलावा बच्चों और महिलाओं की बीमारियों में भी विशेष रूप से प्रभावी माना जाता है। हालांकि होम्योपैथिक दवाओं के बारे में धारणा है कि इन दवाओं का असर रोगी पर धीरे-धीरे होता है लेकिन इस चिकित्सा प्रणाली की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि यह रोगों को जड़ से दूर करती है और इन दवाओं के साइड इफेक्ट भी नहीं के बराबर होते हैं। होम्योपैथी



दवाएं प्रत्एक व्यक्ति पर अलग तरीके से काम करती है और अलग-अलग व्यक्तियों पर इनका असर भी अलग ही होता है। होम्योपैथी चिकित्सकों की मानें तो डायरिया, सर्दी-जुकाम, बुखार जैसी बीमारियों में होम्योपैथी दवाएं एलोपैथी दवाओं की ही भांति तीव्रता से काम करती हैं लेकिन अस्थमा, गठिया, त्वचा रोगों इत्यादि को ठीक करने में ए दवाएं काफी समय तो लेती हैं मगर इन रोगों को जड़ से खत्म कर देती हैं। होम्योपैथी के बारे में सरदार वल्लभभाई पटेल का कहना था कि होम्योपैथी को चमत्कार के रूप में माना जाता है। केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद के अनुसार चिकित्सा का ही एक वैकल्पिक रूप है होम्योपैथी, जो 'सम: समम् शमयति' अथवा

**अपनी कुछ अलग ही विशेषताओं के कारण होम्योपैथी आज विश्वभर में सौ से भी अधिक देशों में अपनाई जा रही है तथा भारत तो होम्योपैथी के क्षेत्र में विश्व का अग्रणी देश है । होम्योपैथी दवाओं को विभिन्न संक्रमित और गैर संक्रमित बीमारियों के अलावा बच्चों की बीमारियों में भी विशेष रूप से प्रभावी माना जाता है ।**

'समरूपता' दवा सिद्धांत पर आधारित है, जो दवाओं द्वारा रोगी का उपचार करने की ऐसी विधि है, जिसमें किसी स्वस्थ व्यक्ति में प्राकृतिक रोग का अनुरूपण करके समान लक्षण उत्पन्न किया जाता है, जिससे रोगग्रस्त व्यक्ति का उपचार किया जा सकता है। भारत में होम्योपैथी सबसे लोकप्रिय चिकित्सा प्रणालियों में से एक है।

देशभर में 210 से ज्यादा होम्योपैथी अस्पताल, 8 हजार से ज्यादा होम्योपैथी डिस्पेंसरी और करीब तीन लाख होम्योपैथी प्रैक्टिशनर हैं। भारत में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जाता है। दिखने में भले ही होम्योपैथी दवाएं एक जैसी लगती हैं किन्तु वास्तव में विश्वभर में होम्योपैथी की 4000 से भी ज्यादा तरह की दवाएं हैं। होम्योपैथी के संस्थापक माने जाने वाले सैमुअल हैनीमैन का कहना था कि इलाज का उच्चतम आदर्श सबसे भरोसेमंद और कम से कम हानिकारक तरीके से स्वास्थ्य की तेज, कोमल और स्थाई बहाली है। चूंकि होम्योपैथी की अनेक दवाओं का प्रभाव रोगी के शरीर पर अपेक्षाकृत धीमी गति से प्रकट होता है जबकि एलोपैथी त्वरित राहत देने के लिए जानी जाती है, इसलिए लोकप्रियता के पैमाने पर दोनों पद्धतियों की तुलना अक्सर की जाती है। फिर भी यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि होम्योपैथी आज भी विश्वभर में सबसे अधिक प्रचलित वैकल्पिक चिकित्सा प्रणालियों में शामिल है। इसका कारण केवल इसकी सुलभता या कम लागत नहीं बल्कि इसकी वह विशिष्ट उपचार पद्धति है, जो शरीर को स्वयं को संतुलित और स्वस्थ करने की दिशा में प्रेरित करती है। होम्योपैथिक उपचार रोग के लक्षणों को दबाने के बजाय उसके मूल कारण तक पहुंचने का प्रयास करता है, जिससे रोग की पुनरावृत्ति की संभावना भी कम हो जाती है।

यह पद्धति व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक पहलुओं को एक साथ ध्यान में रखती है, जिससे उपचार अधिक समग्र और प्रभावी बनता है। साथ ही, प्राकृतिक स्रोतों से निर्मित और अत्यंत सूक्ष्म मात्रा में दी जाने वाली दवाएं सामान्यतः दुष्प्रभाव रहित मानी जाती हैं तथा अन्य दवाओं के साथ प्रतिकूल प्रतिक्रिया की संभावना भी न्यूनतम होती है। यही कारण है कि आज के जटिल और दुष्प्रभाव-प्रधान चिकित्सा परिवेश में होम्योपैथी एक सुरक्षित, संतुलित और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समाधान के रूप में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही है।



कोलकाता। बारिश के बीच जेब्रा क्रॉसिंग पार करते लोग।

## अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम समझौते में लेबनान शामिल नहीं: वेंस

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान के साथ हुए युद्धविराम पर कहा कि उनका मानना है कि ईरान को यह गलतफहमी थी कि लेबनान को भी इसमें शामिल किया गया है। वेंस बुधवार को हंगरी से रवाना होते समय पत्रकारों से बातचीत में ये बातें कही। वेंस ने कहा कि युद्धविराम हमेशा पेचीदा होते हैं और उन्होंने ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर ग़ालिबफ के इस दावे का जवाब दिया कि अमेरिका ने ईरान के साथ युद्धविराम समझौते की तीन धाराओं का उल्लंघन किया है। ईरानी संसद के अध्यक्ष ने दावा किया था कि अमेरिका युद्धविराम समझौते के तीन बिंदुओं का उल्लंघन कर रहा है।

## होर्मुज पर लगे संभावित शुल्क से नाराज तेल कंपनियां: रिपोर्ट्स

**वाशिंगटन।** तेल कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों ने व्हाइट हाउस से संपर्क कर होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए ईरान द्वारा संभावित शुल्क लगाए जाने की चर्चाओं पर चिंता जताई है। यह जानकारी पॉलिटिको अखबार ने मामले से परिचित एक स्रोत के हवाले से दी है। रिपोर्टों के अनुसार, तेल कंपनियों के अधिकारियों ने व्हाइट हाउस, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से अपील की है कि वे शांति वार्ता की शर्त के रूप में ईरान को इस रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए शुल्क लेने की अनुमति देने का विरोध करें। स्रोत के मुताबिक, तेल उद्योग के प्रतिनिधियों ने बुधवार सुबह अमेरिकी विदेश विभाग में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें अपनी चिंताओं से अवगत कराया।

# ईरान के साथ सीजफायर राजनीतिक मजबूरी

## अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने ट्रम्प सरकार की नीतियों को बताया खतरनाक

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जान बोल्टन ने एक बड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ईरान के साथ हुआ मौजूदा युद्धविराम केवल राजनीतिक दबाव का नतीजा है। अगर यह समझौता लंबे समय तक नहीं टिका, तो अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष और भी ज्यादा गहरा सकता है।

बोल्टन ने पीटीआई वीडियोज को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्पने यह कदम घरेलू राजनीति की वजह से उठाया है। अमेरिका में पेट्रोल की बढ़ती कीमतें और ट्रम्प की गिरती लोक. प्रियता इसके पीछे मुख्य कारण हैं। बोल्टन का मानना है कि ट्रम्प को डर था कि ईरान के साथ लंबा युद्ध उनकी छवि को और खराब कर

■ अगर यह समझौता लंबे समय तक नहीं टिका, तो अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष और भी ज्यादा गहरा सकता है



सकता है। उनके अनुसार, ट्रम्प अक्सर देश के हितों से ज्यादा अपने फायदे के बारे में सोचते हैं। अगर उनकी यह सोच जारी रही, तो अमेरिका को भविष्य में भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। बोल्टन ने रणनीतिक खतरे का जिक्र करते हुए कहा कि ईरान को हार्मुज जलडमरूमध्य पर कब्जा करने देना एक बड़ी गलती होगी। पिछले 50 वर्षों से अमेरिका की यह नीति रही है कि खाड़ी के तेल वाले रास्तों पर किसी एक देश का नियंत्रण न हो। अगर ईरान वहां सबसे ताकतवर खिलाड़ी बनता है, तो यह अमेरिका की बड़ी रणनीतिक हार होगी। इस युद्धविराम को कराने में पाकिस्तान, तुर्की और मिस्र ने भी पर्दे के पीछे से भूमिका निभाई है। बोल्टन ने कहा कि ट्रम्प और पाकिस्तान के जनरल असीम मुनीर के बीच अच्छे संबंध हैं और ट्रम्प उन्हें खुश करना चाहते थे। उन्होंने आगे कहा, अंतर्राष्ट्रीय मामलों में ट्रम्पके साथ यही दिक्कत है। उन्हें लगता है कि अगर किसी के साथ उनके अच्छे संबंध हैं, तो वह उस पर भरोसा कर सकते हैं, और वह व्यक्ति सही काम करेगा। बोल्टन ने यह भी कहा हो सकता है चीन ने भी ईरान पर दबाव बनाया होगा ताकि तेल की सप्लाई का रास्ता खुल सके। ईरान की मौजूदा स्थिति पर बोल्टन ने कहा कि अमेरिकी हमलों ने ईरान की सेना (आईआरजीसी) और वहां के नेतृत्व को काफी चोट पहुंचाई है। लेकिन खतरा अभी टला नहीं है। ईरान की सरकार अभी भी सत्ता में है। बोल्टन ने चेतावनी दी कि अगर ईरान पर से पाबंदियां हटती हैं, तो वह तेल से मिलने वाले पैसे का इस्तेमाल अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को फिर से खड़ा करने में करेगा।

# युद्धविराम वार्ता में नया संकट पैदा हुआ

## इस्लामाबाद में ईरान के राजदूत ने अपने प्रतिनिधिमंडल के पाकिस्तान पहुंचने संबंधी पोस्ट को हटाया

**तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच युद्धविराम वार्ता में नया संकट पैदा हो गया है। पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रजा अमिरी मोघम ने गुरुवार को इस्लामाबाद में होने वाली शांति वार्ता के संदर्भ में किया गया अपना एक सोशल मीडिया पोस्ट हटा दिया है। मोघम ने पहले पोस्ट किया था कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल गुरुवार रात (10 अप्रैल) इस्लामाबाद पहुंचेगा। पोस्ट में यह भी कहा गया था कि यह दौरा ईरानी जनता के बीच व्याप्त संदेह के बावजूद हो रहा है, क्योंकि इजरायल द्वारा लगातार युद्धविराम का उल्लंघन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य कूटनीतिक पहल को विफल करना है।

इस पोस्ट के हटाए जाने से युद्धविराम वार्ता की सफलता को लेकर लगाई जा रहीं अटकलें और तेज हो गई हैं। गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम से शांति की उम्मीदें जगी ही थीं कि इजरायल ने लेबनान में भीषण हमले शुरू कर दिए, जिसमें कम से कम 254 लोग मारे गए। ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गालिबाफ ने तेहरान की शांति योजना के उल्लंघन की कड़ी आलोचना की है। गालिबाफ ने कहा कि लेबनान में जारी हमलों, ईरानी हवाई क्षेत्र में ड्रोन की घुसपैठ और ईरान के परमाणु संवर्धन के अधिकार को नकारे जाने के बीच युद्धविराम और बातचीत 'तर्कहीन' है। गौरतलब है कि गालिबाफ को ईरान की ओर से शांति वार्ता का नेतृत्व सौंपा गया है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर गालिबाफ ने ईरान के '10-सूत्रीय प्रस्ताव' के तीन प्रमुख खंडों के उल्लंघन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अमेरिका के प्रति हमारा गहरा ऐतिहासिक अविश्वास उसकी बार-बार की वादाखिलाफी से उपजा है, जो दुर्भाग्य से एक बार फिर दोहराया गया है। गालिबाफ ने तीन मुख्य उल्लंघनों का उल्लेख किया। पहला, लेबनान में युद्धविराम लागू करने के पहले खंड का पालन नहीं करना। दूसरा, ईरान के फार्स प्रांत के लार शहर में एक घुसपैठिया ड्रोन का प्रवेश, जो हवाई क्षेत्र के उल्लंघन न करने की शर्त का सीधा उल्लंघन है।



■ अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम से शांति की उम्मीदें जगी ही थीं कि इजरायल ने लेबनान में भीषण हमले शुरू कर दिए जिसमें कम से कम 254 लोग मारे गए

## ईरान ने युद्धविराम के लिए रखी लेबनान में इजरायली हमले रोकने की शर्त

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कहा है कि पश्चिम एशिया में युद्धविराम लागू करने के लिए लेबनान में इजरायली हमलों का तत्काल रुकना एक प्रमुख शर्त है। उन्होंने कहा कि ईरान की 10-सूत्रीय योजना के तहत प्रस्तावित युद्धविराम 'ईरानी नेतृत्व और जनता के बलिदान का परिणाम' है और अब देश कूटनीति, रक्षा तथा जनभागीदारी के स्तर पर एकजुट रहेगा। पेजेश्कियान ने कहा, ष्ईरान द्वारा अपेक्षित सामान्य सिद्धांतों की स्वीकृति के साथ, यह युद्धविराम हमारे महान शहीद नेता खामेनेई के रक्त का फल था, और यह मैदान में समस्त जनता की उपस्थिति की उपलब्धि थी। आज से हम एकजुट रहेंगे, चाहे वह कूटनीति हो, रक्षा हो, जन-लामबंदी हो, या सेवा-प्रदान हो। दूसरी ओर, ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर गालिबफ ने वार्ता से पहले ही समझौते के उल्लंघन पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि लेबनान में हमले जारी रहने, ईरानी हवाई क्षेत्र में ड्रोन घुसपैठ और परमाणु संवर्धन के अधिकार से इनकार जैसे कदमों के बीच युद्धविराम और बातचीत 'अतार्किक' है। ग़ालिबाफ ने कहा कि अमेरिका ने ईरान की 10-सूत्री योजना को वार्ता के आधार के रूप में स्वीकार किया है।

## समझौता होने तक ईरान के आसपास तैनात रहेंगे अमेरिकी जहाज, विमान: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ अंतिम समझौते के पूरी तरह लागू होने तक उनके युद्धपोत, विमान और सैन्य बल ईरान के आसपास तैनात रहेंगे। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर कहा कि अमेरिका के सभी जहाज, विमान और सैन्य कर्मी, अतिरिक्त गोला-बारूद, हथियार और अन्य सभी चीजें ईरान में और उसके आसपास तब तक तैनात रहेंगे, जब तक कि वास्तविक समझौते का पूरी तरह से पालन नहीं हो जाता। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समझौता लागू नहीं हुआ, तो संघर्ष पहले से कहीं अधिक 'बड़ा, बेहतर और अधिक ताकतवर' रूप ले सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि अमेरिका लंबे समय से इस बात पर कायम है कि ईरान परमाणु हथियार विकसित नहीं करेगा और होर्मुज जलडमरूमध्य खुला तथा सुरक्षित रहेगा। उन्होंने संकेत दिया कि अमेरिकी सेना हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है और आगे की कार्रवाई के लिए पूरी तरह से सतर्क है।

## ट्रम्प ने रुट्टे से व्हाइट हाउस में मुलाकात की नाटो की आलोचना

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में नाटो महासचिव मार्क रुट्टे के साथ एक निजी बैठक के बाद, ईरान युद्ध में अमेरिका का समर्थन न करने के लिए नाटो की फिर से आलोचना की। यह जानकारी बीबीसी ने गुरुवार को दी। बैठक के बाद ट्रुथ सोशल पर साझा की गई एक पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि जब हमें नाटो की जरूरत थी तब वे मौजूद नहीं थे और अगर हमें उनकी फिर से जरूरत पड़ी तो वे मौजूद नहीं होंगे। इस बीच, स्पष्ट मतभेदों के बावजूद रुट्टे ने सीएनएन को ट्रम्प के साथ अपनी मुलाकात को बहुत स्पष्ट और बहुत खुला करार दिया। बुधवार को होने वाली वार्ता से पहले, ट्रम्प ने नाटो से बाहर निकलने के विचार पर गौर किया था क्योंकि कई नाटो देशों ने वैश्विक तेल की बढ़ती कीमतों को कम करने के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने में मदद करने के उनके आह्वान का विरोध किया था। हालांकि व्हाइट हाउस ने वार्ता के विवरण का खुला. सा नहीं किया। नाटो महासचिव बुधवार को दो घंटे से अधिक समय तक व्हाइट हाउस में रहे, हालांकि ट्रम्प के साथ उनकी बैठक कितने समय तक चली यह ज्ञात नहीं है। इस बैठक का उद्देश्य ट्रम्प को यह समझाना और राजी करना था कि नाटो गठबंधन में बने रहना उनके और अमेरिका दोनों के हित में है।

# ट्रम्प के टैरिफ से घबरा गया चीन!

**बीजिंग।** अमेरिका और इजरायल के साथ ईरान के तनाव के बीच चीन ने बड़ा बयान दिया है। चीन ने उन खबरों को सिरे से खारिज कर दिया है, जिनमें कहा जा रहा था कि उसने युद्ध के दौरान ईरान की सैन्य मदद की। इस बयान के बाद अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में हलचल तेज हो गई है और चीन की भूमिका पर बहस शुरू हो गई है। दरअसल, चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता झांग शियाआ. `गांग ने साफ कहा कि चीनी कंपनियों द्वारा ईरान को सैटेलाइट तस्वीरें या चिप बनाने का उपकरण देने की खबरें पूरी तरह गलत हैं।

उन्होंने कहा कि यह सिर्फ अफवाह और भ्रामक जानकारी है, जिसका कोई आधार नहीं है। चीन ने अमेरिका के उन आरोपों को भी खारिज किया, जिनमें कहा गया था कि चीन और रूस ईरान की मदद कर रहे हैं। चीन ने साफ शब्दों में कहा कि उसने ईरान को किसी भी तरह की सैन्य सहायता नहीं दी है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि चीनी कंपनी ने अमे. रिकी सैन्य ठिकानों की तस्वीरें जारी की थीं और सेमीकंडक्टर उपकरण उपलब्ध कराए थे, लेकिन चीन ने इन सभी आरोपों को नकार दिया। चीन ने अमेरिका के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि कुछ देश जानबूझकर चीन के खिलाफ गलत जानकारी फैला रहे हैं। चीन ने यह भी कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय समझता है कि कौन युद्ध को बढ़ावा दे रहा है और कौन शांति की बात कर रहा है। चीन ने कहा कि वह हमेशा से ईरान मुद्दे पर निष्पक्ष और संतुलित रुख अपनाता रहा है। उसने दावा किया कि वह लगातार शांति वार्ता को बढ़ावा देता रहा है और कभी भी हालात को भड़काने का काम नहीं किया। चीन ने खुद को शांति समर्थक देश बताया। हालांकि माना जा रहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प के सख्त रुख और टैरिफ नीति के चलते चीन पर दबाव बना हुआ है। ऐसे में चीन का यह बयान वैश्विक कूटनीति में संतुलन बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।



■ ईरान से मोड़ा मुंह, सैन्य मदद देने की खबरों से किया इन्कार, चीन की भूमिका पर वैश्विक बहस शुरू

## दुनिया होर्मुज पार करने के लिए ईरान को भुगतान स्वीकार नहीं करेगी: मित्सोताकिस

**वाशिंगटन।** यूनान के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के गुजरने के लिए ईरान को भुगतान करना स्वीकार नहीं करेगा। मित्सोताकिस ने जोर देकर कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को पार करने के लिए भुगतान संबंधी अमे. रिका-ईरान समझौता नौवहन की स्वतंत्रता के लिए एक खतरनाक मिसाल साबित होगा। उन्होंने कहा कि लेबनान में संघर्ष विराम, ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच शांति समझौते का एक हिस्सा बनना चाहिए। गौरतलब है कि ट्रम्प ने मंगलवार रात को कहा कि वह ईरान के साथ दो सप्ताह के द्विपक्षीय संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं।

## ईरान के तीन-सूत्री उल्लंघन के दावों पर बोले वेंस

**वॉशिंगटन/तेहरान।** अमे. रिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान द्वारा युद्धविराम समझौते के तीन बिंदुओं के उल्लंघन के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि युद्धविराम हमेशा पेचीदा होते हैं। वेंस ने हंगरी से प्रस्थान से पहले संवाददाताओं से बातचीत में ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकर ग़ालिबाफ के उस बयान पर टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने वॉशिंगटन पर युद्धविराम के तीन प्रावधानों के जानबूझकर उल्लंघन का आरोप लगाया था। वेंस ने कहा कि यदि ग़ालिबाफ के पास केवल तीन असहमति के बिंदु हैं, तो इसका अर्थ है कि काफी हद तक सहमति भी है। वेंस ने कहा कि युद्धविराम हमेशा थोड़ा अव्यवस्थित होता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा युद्धविराम की घोषणा के एक घंटे के भीतर ही ईरान ने पड़ोसी देशों पर कई मिसाइलें दागीं, जिसके बाद इजरायल और कुछ खाड़ी अरब देशों ने जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि यही युद्धविराम की प्रकृति है। कोई भी युद्धविराम बिना कुछ उतार-चढ़ाव के नहीं होता। हम स्पष्ट रूप से यह चाहते हैं कि बमबारी रुके। हम अपने सहयोगियों से भी बमबारी रोकने को कहते हैं और ईरान से भी यही अपेक्षा रखते हैं। हमें संकेत मिल रहे हैं कि स्थिति सही दिशा में जा रही है, लेकिन इसमें थोड़ा समय लगेगा।

■ हमेशा पेचीदा होते हैं युद्धविराम

## एक्टर मैथ्यू पैरी की मौत के मामले में भारतीय मूल की महिला को 15 साल की सजा

**वाशिंगटन।** हॉलीवुड के मशहूर टीवी शो 'फ्रेंड्स' के अभिनेता मैथ्यू पैरी की मौत से जुड़े ड्रग्स मामले में अदालत ने भारतीय मूल की महिला जसवीन संघा को 15 साल की जेल की सजा सुनाई है। जसवीन को 'केटामाइन क्वीन' के नाम से भी जाना जाता है। जसवीन संघा ने पिछले साल सितम्बर में पांच आरोपों को स्वीकार किया था। इनमें केटामाइन बेचने का आरोप भी शामिल था, जिसे मैथ्यू पैरी की मौत की बड़ी वजह माना गया। केटामाइन एक बेहोश करने वाली दवा है, जिसका इस्तेमाल केवल डाक्टर की निगरानी में ही किया जाता है। मैथ्यू पैरी अक्टूबर 2023 में अपने घर के हाट टब में मृत पाए गए थे।

# सऊदी अरब और तेहरान के बीच नजदीकियां बढ़ी

## सऊदी के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के बीच टेलीफोन पर एक लंबी बातचीत हुई

**तेहरान।** पश्चिम एशिया से एक ऐसी खबर आई है, जो पूरी दुनिया को हैरान भी कर रही है और राहत भी दे रही है। ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच पाकिस्तान में होने वाली निर्णायक शांति वार्ता से ठीक पहले सऊदी अरब और तेहरान के बीच नजदीकियां बढ़ती दिख रही हैं।

यह इस बात का संकेत हैं कि खाड़ी में अब बुलेट नहीं, बल्कि बातचीत का दौर शुरू होने वाला है। खबर है कि सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के बीच टेलीफोन पर एक लंबी बातचीत हुई है। दोनों नेताओं ने न केवल खाड़ी में तनाव घटाने पर चर्चा की, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता बहाल करने पर भी जोर दिया। पश्चिम एशिया में तनाव के बाद यह पहली बार है जब दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच बातचीत हुई है। यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब लेबनान पर इजरायली हमलों ने कोहराम मचा रखा है। वहीं, जवाब में ईरान ने होर्मुज की घेराबंदी कर वैश्विक व्यापार को खतरे में डाल दिया है। इस बातचीत की गहराई को समझने के लिए थोड़ा पीछे मुड़कर देखना होगा। वर्षों से ईरान और सऊदी अरब के बीच तलवारें खिंची हुई हैं। अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बाद ईरान ने सऊदी अरब, कतर और यूएई जैसे देशों को सीधे तौर पर निशाना बनाया है। सऊदी के तेल ठिकानों पर भी ईरान ने हमले किए। लेकिन, इस बीच ईरान को समझ आ गया है कि उसे अपने पड़ोसियों के साथ तालमेल बिठाना ही होगा। कूटनीतिक जानकारों का मानना है कि ईरान अब शांति वार्ता से पहले इन क्षेत्रीय शक्तियों के साथ मिलकर एक 'सुरक्षा कवच' तैयार कर रहा है, जिससे अमेरिका और इजरायल पर कूटनीतिक दबाव बनाया जा सके।





■ दोनों नेताओं ने न केवल खाड़ी में तनाव घटाने पर चर्चा की, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता बहाल करने पर भी जोर दिया
■ यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब लेबनान पर इजरायली हमलों ने कोहराम मचा रखा है

# इमरान खान की बहनों पर आतंकवाद का केस

## आदियाला जेल से जुड़े मामले में 1400 अन्य भी नामजद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रावलपिंडी में आदियाला रोड पर हुए विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहनों, कई सांसदों और करीब 1400 अज्ञात लोगों के खिलाफ आतंकवाद निरोधक कानून के तहत मामला दर्ज किया है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुता. बिक, यह एफआईआर बुधवार को आदियाला चेकपोस्ट के प्रभारी सब-इंस्पेक्टर की शिकायत पर दर्ज की गई। पुलिस ने आरोप लगाया है कि प्रदर्शनकारियों ने कानून-व्यवस्था को चुनौती दी, पथराव किया और पुलिस पर हमला किया, जिससे कम से कम नौ पुलिसकर्मी घायल हो गए। एफआईआर में हत्या के प्रयास और सरकारी काम में बाधा डालने जैसी गंभीर धाराएं भी शामिल की गई हैं। दरअसल, इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने अदियाला जेल में बंद अपने नेता से मुलाकात पर लगे प्रतिबंध के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन का आह्वान किया था। हालांकि, प्रशासन ने पूरे जिले में धारा 144 लागू कर दी थी, जिसके तहत 15 दिनों के लिए किसी भी तरह के सार्वजनिक जमावड़े पर रोक लगा दी गई। कड़े प्रतिबंधों के बीच पुलिस ने जेल के बाहर प्रदर्शन कर रहे पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। इनमें इमरान खान की बहनें नूरीन नियाजी और उज्मा खानम भी शामिल हैं। पुलिस का दावा है कि मौके पर 41 संदिग्धों को पकड़ा गया था, लेकिन वे बाद में फरार हो गए, जबकि कई अन्य लोग भी घटनास्थल से भाग निकले। एफआईआर में यह भी उल्लेख किया गया है कि पथराव और लाठियों के इस्तेमाल से सरकारी और निजी वाहनों को नुकसान पहुंचा। पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने राजनीतिक लाभ के लिए जानबूझकर अशांति फैलाने की कोशिश की, ताकि पंजाब की प्रांतीय सरकार पर दबाव बनाया जा सके। वहीं अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने इस कार्रवाई की कड़ी आलोचना की है। संगठन ने इसे अवैध करार देते हुए कहा कि यह पाकिस्तान में शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार को दबाने का एक और उदाहरण है।



■ इनमें इमरान खान की बहनें नूरीन नियाजी और उज्मा खानम भी शामिल हैं
■ एफआईआर में हत्या के प्रयास और सरकारी काम में बाधा डालने जैसी गंभीर धाराएं भी शामिल की गई हैं

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108



श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्योपैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104